राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-177
लखनऊ, बुधवार 14 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पक्के मकान का सपना हो रहा साकार : केशव प्रसाद मौर्य 03

सीएम ने आजमगढ़ में भाजपा पदाधिकारियों को दिया चुनावी जीत का मंत्र 12

# भारत-यूएई ने हर क्षेत्र में की प्रगति

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति नाहयान ने यूपीआई रुपे कार्ड सेवा का भी किया शुभारंभ

एजेंसी

**अबू धाबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की शाम दो दिवसीय यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। अबू धाबी हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बाद में दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बैठक हुई और कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए खाड़ी देशों के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। उससे पहले वह यहां एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे।

यूएई के राष्ट्रपति के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा, गर्मजोशी से स्वागत के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं जब भी आपसे मिलने यहां आता हूं, तो मुझे हमेशा लगता है कि मैं अपने परिवार से मिलने आया हूं। हम पिछले सात महीनों में पांच बार मिले हैं। यह बताता है कि हमारे कितने करीबी रिश्ते हैं। उन्होंने कहा, हमने हर क्षेत्र में प्रगति की है और हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच साझा भागीदारी है। बैठक में मौजूद भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा शामिल थे। 2015 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह सातवां यूएई दौरा है। देश पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, अबू धाबी हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए समय निकालने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद का बहुत आभारी हूं। मैं एक उपयोगी (प्रोडक्टिव) यात्रा की उम्मीद कर रहा हूं, जो भारत और यूएई के बीच मित्रता को और मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान ने यूपीआई रुपेय कार्ड सेवा का भी शुभारंभ किया। राष्ट्पति नाहयान ने अबू धाबी में सेवा की शुरुआत करने के लिए अपने नाम के एक कार्ड कार्ड को स्वाइप किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि हमारे यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की शुरुआत से फिनटेक के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपने यूएई के समकक्ष मोहम्मद बिन राशिद के साथ भी चर्चा करेंगे। जिसमें दुबई के साथ बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने पर फोकस होगा। प्रधानमंत्री बीएपीएस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।



### अहलान मोदी कार्यक्रम में होंगे शामिल

प्रधानमंत्री आज अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में भारती समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को भारतीय समुदाय के द्वारा आयोजित किया गया है। इसे अहलान मोदी नाम दिया गया है। अरबी भाषा में इसका अर्थ हेलो मोदी होता है। पीएम मोदी 13-14 फरवरी को यूएई में रहेंगे। उसके बाद कतर जाएंगे।

### कई द्विपक्षीय समझौतों के गवाह बने दोनों नेता

विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, दोनों नेता कई द्विपक्षीय समझौतों के आदान-प्रदान के गवाह बने। इनमें तत्काल भुगतान प्लेटफॉर्म यूपीआई (भारत) और एएएनआई (यूएई) को इंटरलिंक करने पर एक समझौता भी शामिल है। जो दोनों देशों के बीच निर्बाध सीमा पार लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगा। पिछले साल जुलाई में पीएम मोदी ने अबू धाबी यात्रा के दौरान भुगतान और संदेश प्रणाली को इंटरलिंक करने के लए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री के दौरे के पहले चरण में यूएई के नेतृत्व और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत होगी और अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी यूएई और कतर दो देशों की यात्रा पर हैं। यूएई में यात्रा के पहले चरण में शीर्ष नेतृत्व और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत, अबू धाबी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' शुरू कर रही है। इसका लक्ष्य प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके एक करोड़ घरों को रोशन करना है। मोदी ने कहा कि इस परियोजना में 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, ध्रसतत विकास और लोगों की भलाई के लिए, हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू कर रहे हैं। 75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली इस परियोजना का लक्ष्य हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को रोशन करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना को जमीनी स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही इस योजना से लोगों को अधिक आय, कम बिजली बिल और रोजगार सृजन होगा। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि आइए सौर ऊर्जा और सतत प्रगति को बढ़ावा दें।

# 10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्तावों को उतारेंगे जमीन पर

▶ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर सीएम योगी ने की समीक्षा



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। यह सेरेमनी 19 से 21 फरवरी तक होनी है। इसमें विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ मौजूद रहे।

लखनऊ में 10-12 फरवरी 2023 को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स शामिल हुए। यह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है। 16 देशों के 21 शहर और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन हुए। 3 दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 1.10 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आगामी 19 फरवरी से 21 फरवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होने जा रहा है। पहले दिन 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों की मौजूदगी होगी। देश के ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश का यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा।

वर्ष 2018 में इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के बाद जब पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित हुई थी, 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों का क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ था और आज 06 वर्ष बाद चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में एक साथ 10 लाख 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के ग्राउंड ब्रेकिंग की तैयारी है। यह ट्रांसफॉर्मेशन, यह बदलाव, यही स्पीड नए उत्तर प्रदेश की पहचान है। चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 500 करोड़ रुपए से अधिक की 262 परियोजनाएं शामिल हैं, जबकि 100-500 करोड़ रुपए तक 889 औद्योगिक परियोजनाएँ जमीन पर उतरेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस्वी के खिलाफ दर्ज मानहानि का मुकदमा रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही अपना बयान वापस लेने के बाद सोमवार को रद्द दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में राजद नेता के माफीनामे को स्वीकार करने के बाद उन्हें राहत प्रदान की। श्री यादव ने पिछले साल मार्च में एक बयान में कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भाजपा में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। श्री चव्हाण ने कल कांग्रेस पार्टी के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री को आज यहां एक सादे समारोह में भाजपा में स्वागत किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार और अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे।

### किश्तवाड़ में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मंगलवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 3.4 मापी गई। भूकंप मंगलवार शाम को 5 किमी की गहराई पर आया। एनसीएस के अनुसार भूकंप का केंद्र अक्षांश 33.35 और देशांतर 76.62 पर पाया गया। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल इस भूकंप के झटकों से किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### एनआईए की अदालत से चार माओवादियों को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी छत्तीसगढ़ की एक विशेष अदालत ने 2014 में राज्य में घात लगाकर किए गए हमले में शामिल प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के चार सदस्यों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ) के 11 और चार पुलिस कर्मियों सहित 16 लोग मारे गए थे। एनआईए के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि इस मामले में जगदलपुर की अदालत ने राज्य के बस्तर और सुकमा जिलों के महादेव नाग, कवासी जोगा, दयाराम बघेल और मनीराम माड़िया को दोषी ठहराया। एनआईए के एक अधिकारी के मुताबिक ये माओवादी वरिष्ठ सीपीआई नेताओं की देखरेख और निर्देशों के तहत काम करने वाले एक गैरकानूनी संघ के सदस्य थे।

### शंभू बॉर्डर पर बिगड़े हालात को देख यूपी पुलिस सख्त

**लखनऊ।** शंभू बॉर्डर पर बिगड़े हालात को देख कर उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद, नोएडा बॉडर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए है। दिल्ली की तरफजाने वाली गाड़ियों की सघन तलाशी की जा री है। दरअसल, अपनी मांग को लेकर किसान दिल्ली को कूच कर रहे है। हालांकि बॉडर पर सघन चेकिंग की वजह से काफ़ी लंबा जाम लग गया है। गाजीपुर बॉर्डर पर यूपी से दिल्ली की तरफजाने वाली सर्विस रोड पूरी तरह से सीमेंट बैरिकेडिंग कर ब्लॉक कर दी गई है। दिल्ली से यूपी में दाखिल होने वाली सर्विस रोड पर भी सीमेंट बैरिकेडिंग और कटीले तार लगे हुए हैं। फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर किसानों का जत्था शम्भू बॉर्डर पर पहुंचा।

### मणिपुर गोलीबारी में एक की मौत, दो घायल

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे इंफाल पूर्वी जिले में आज दो हथियारबंद गुटों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य ग्रामीण स्वयंसेवक घायल हो गए। मृतक की पहचान सगोलसेम लोया के रूप में हुई। घायल अवस्था में लोया को इंफाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसने दम तोड़ा। वहीं, दो अन्य घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रह है। कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे इंफाल पूर्व के खमेनलोक और शांतिपुर इलाके में हुई यह गोलीबारी खबर लिखे जाने तक जारी है।

### माले विधायक मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा

**भोजपुर।** बिहार के भोजपुर जिले से बड़ी खबर सामने आई है, जहां वर्तमान माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास और 10-10 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। आरा की एमपी-एमएलए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। मनोज मंजिल अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान माले विधायक हैं। वहीं अब मंजिल की विधायकी भी जा सकती है। वर्ष 2015 में अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी जय प्रकाश सिंह की लाठी-डंडे एवं ईट-पत्थर से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गई थी।

# स्वामी प्रसाद ने छोड़ा सपा का दामन राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव पद से त्यागपत्र दे दिया। मौर्य ने पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम लिखा त्यागपत्र सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया।

उन्होंने कहा कि वह बिना पद के भी पार्टी को मजबूत करने के लिए तत्पर रहेंगे। सपा के विधान परिषद सदस्य मौर्य ने पार्टी अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने पार्टी का जनाधार बढ़ाने का काम अपने तौर तरीके से जारी रखा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'मकड़जाल' में फंसे आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के 'स्वाभिमान' को जगाने की कोशिश की। मौर्य ने कहा कि इस पर पार्टी के ही कुछ छुटभैये और कुछ बड़े नेताओं ने उसे उनका बयान कहकर उनके प्रयास की धार को कुंद करने की कोशिश की। हैरानी तो तब हुई जब पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं ने चुप रहने के बजाय (बयानों को) मौर्य जी का निजी बयान कह कर कार्यकर्ताओं के हौसले को तोड़ने की कोशिश की।

### पूर्व सांसद जया प्रदा को गिरफ्तार करने का आदेश जारी

**रामपुर।** रामपुर कोर्ट ने पूर्व सांसद और अभिनेत्री जया प्रदा को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। रामपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने पुलिस अधीक्षक को अभिनेता से नेता बनीं जया प्रदा को गिरफ्तार कर 27 फरवरी को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि पूर्व सांसद के खिलाफ सातवीं बार गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी वह सोमवार को सुनवाई के लिए कोर्ट नहीं पहुंचीं। पूर्व सांसद जया आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े दो मामलों में फरार हैं। राजनेता जया प्रदा आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े दो मामलों में फरार हैं।

# नागालैंड व दिल्ली में 11 जगहों पर छापेमारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर रिश्वत के 71.5 लाख रुपये नकद बरामद करने के मामले में मंगलवार को आरोपितों के दिल्ली और नगालैंड में 11 स्थानों पर तलाशी ली है।

आरोपितों से दिल्ली दौरे के दौरान तलाशी में आपत्तिजनक दस्तावेज़ और डिजिटल उपकरण बरामद हुए हैं। आरोपितों में नागालैंड सरकार के कृषि विभाग में जितेंद्र गुप्ता, अतिरिक्त सचिव व 2013 बैच के आईएएस जितेंद्र गुप्ता, उप वन संरक्षक राम-पौकाई और पशुपालन विभाग में पशु चिकित्सा सहायक सर्जन ऑटो विहोई का नाम शामिल है। सीबीआई ने सभी आरोपितों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर लिया था। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक आरोपित नागालैंड में प्रोजेक्ट फोकस के तहत काम कर रहे थे।

### ईडी ने तलाशी के दौरान जब्त किए 31 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी। एजेंसी को 'आपत्तिजनक साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया। ईडी द्वारा की गई तलाशी के दौरान 'बहुत से आपत्तिजनक दस्तावेज, व्यावसायिक रिकॉर्ड और अचल एवं चल संपत्तियों का विवरण प्राप्त हुआ है।

# कार्रवाई : यूपी एटीएस में तैनात एएसपी राहुल श्रीवास्तव निलंबित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक राहुल श्रीवास्तव निलंबित कर दिए गए हैं। पूर्व पुलिस महानिदेशक की संस्तुति के बाद शासन ने यह कार्रवाई करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। आईपीएस पर एक छात्रा ने दुष्कर्म और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है।

पीड़ित छात्रा ने इस मामले में गोमतीनगर थाना में पांच जनवरी की रात दुष्कर्म और जबरन गर्भपात कराने की शिकायत दर्ज कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित ने मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 के तहत अपने बयान दोहराया है। इसमें छात्रा ने बताया था कि लखनऊ, दिल्ली और वाराणसी के होटल में उसके साथ ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया गया। लखनऊ के बड़े चार होटलों में उसे ले जाया गया। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी होने के चलते मामले को रफा-दफा करने की भी कोशिश की गई। जांच को प्रभावित करने का भी प्रयास हुआ। इसके बाद युवती ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीजीपी को शिकायत दर्ज कराई थी।

### अकाली दल से टूटा गठबंधन, अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी बसपा

**चंडीगढ़।** पंजाब में शिरोमणि अकाली दल व भारतीय जनता पार्टी के बीच गठबंधन की अटकलों के चलते मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी ने अकाली दल के साथ गठबंधन तोड़ने का ऐलान कर दिया। इसके साथ ही पंजाब में नए राजनीतिक समीकरण बनने शुरू हो गए हैं। अकाली दल व भाजपा के गठबंधन को लेकर कई दिनों से अटकलें चल रही हैं। बहुजन समाज पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक मंगलवार को चंडीगढ़ के अंबेडकर भवन में हुई, जिसमें प्रदेश स्तरीय बहुजन समाज पार्टी की कमेटी के नेता शामिल हुए।

# यूपी : तीन आईपीएस, सात पीसीएस अफसरों के तबादले

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले तबादला एक्सप्रेस की रफ्तार तेज हो गई है। आज योगी सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा यानी आईपीएस के तीन और सात ब प्रांतीय सिविल सेवा पीसीएस अफसरों का ट्रांसफर किया है।

एडीजी अमरेन्द्र सेंगर को एडीजी लखनऊ जोन, एडीजी पीयूष मोर्डिया को एडीजी वाराणसी जोन व एडीजी रामकुमार को मानवाधिकार की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पीसीएस अफसरों में पीसीएस निशात तिवारी एसडीएम औरैया को ललितपुर का नया उपजिलाधिकारी बनाया गया है। पीसीएस प्रवीण कुमार उपजिलाधिकारी आगरा को एसडीएम सुल्तानपुर, रमेश चन्द्र एसडीएम उपजा को मिर्जापुर का उप जिलाधिकारी, मकसूदन गुप्ता एसडीएम लखनऊ को लखीमपुरखीरी का उपजिलाधिकारी, आलोक प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी चित्रकूट को बलिया का एसडीएम, अभिमन्यु कुमार एसडीएम ललितपुर से एसडीएम हमीरपुर और अशोक कुमार चौधरी एसडीएम ललितपुर को उपजिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। कानपुर नगर में संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध नीलाब्जा चौधरी का तबादला कर दिया गया है। उन्हें लखनऊ में पुलिस महानिरीक्षक पीएसी हेडक्वार्टर भेजा गया है। उनकी जगह विपिन कुमार मिश्रा को कानपुर नगर का अपर पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। वो वाराणसी पीएसी सेक्टर के पुलिस उपमहानिरीक्षक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। 2004 बैच के अधिकारी चंद्र प्रकाश का लखनऊ में पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय में तबादला किया गया है वो अभी तक पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। आईपीएस सुरेश्वर उनकी जगह लखनऊ में पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना का पदभार ग्रहण करेंगे। कमलेश कुमार दीक्षित को कानपुर सेनानायक 37वीं वाहिनी से लखनऊ ट्रांसफर किया गया है। वो अब से पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त का पदभार संभालेंगे। बताते हैं कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए पिछले 15 दिनों में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है। इससे पहले 30 जनवरी को भी प्रदेश में 84 आईपीएस अफसर इधर उधर किये गए थे।

स्वदेशी की ओर

## दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर के साथ लंबी दूरी के निगरानी अभियान में मिलेगी मदद

# भारत खुद विकसित करेगा जासूसी विमान, जल्द मिलेगी मंजूरी

▶ परियोजना में विमान के उपकरण भारत में ही बनेंगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर रखने और लंबी दूरी के निगरानी अभियानों को अंजाम देने के लिए भारत अब खुद तीन नए जासूसी विमान विकसित करेगा। इन जासूसी विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है। यह परियोजना स्वदेशी रूप से संचालित की जाएगी और इसके अधिकांश उपकरण भारत में ही बनाए जाएंगे। इन जासूसी विमानों का प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है।

रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस तरह के विमान की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी लेकिन अब इस परियोजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) भारतीय वायु सेना के सहयोग से एयरबस-319 श्रेणी के विमान का उपयोग करके इस परियोजना का नेतृत्व कर रही है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद प्लेटफॉर्म के अधिग्रहण के लिए संबंधित एजेंसियां विमान निर्माताओं को निविदा जारी करेंगी। इन जासूसी विमानों के लिए प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भारत तीन नए जासूसी विमानों को विकसित करने के साथ अपनी रक्षा क्षमताएं बढ़ाने के कगार पर है। इन उन्नत विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है।

### खरीदे जाएंगे 11 शक्ति इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम्स

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को नई दिल्ली में हैदराबाद की भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना के लिए 11 शक्ति इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम्स की खरीद की जा रही है। इस अनुबंध की कुल लागत 2269.54 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक आधुनिक युग में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से युद्ध क्षेत्र में उपयोग होने वाली शक्ति युद्धक प्रणाली को स्वदेशी रूप से तैयार, विकसित और निर्मित किया गया है। शक्ति इलेक्ट्रॉनिक युद्धक प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक उत्सर्जन को सटीकता के साथ रोकने और विद्युत चुम्बकीय वातावरण में इसके प्रतिकूल गतिविधियों को संचालित करने में सक्षम है शक्ति इलेक्ट्रॉनिक युद्धक प्रणाली को भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा। यह परियोजना सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सहित 155 से अधिक औद्योगिक भागीदारों की साझेदारी के साथ चार वर्षों की अवधि में ढाई लाख मानव दिवस का रोजगार सृजित करेगी।

# राज्यसभा : सपा से जया बच्चन, रामजी लाल व आलोक रंजन ने भरा पर्चा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और पूर्व आईएएस आलोक रंजन ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर मंगलवार को नामांकन दाखिल किया।

तीनों उम्मीदवारों ने अपना नामांकन विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे के समक्ष दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, महासचिव शिवपाल यादव, सांसद डिंपल यादव, प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।पार्टी प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी के मुताबिक जया बच्चन, रामजीलाल सुमन और पूर्व आईएएस आलोक रंजन ने राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। रामजी लाल सुमन पूर्व सांसद हैं और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी सहयोगियों में रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा के पास इतना संख्या बल है कि वह अपने तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है। जया बच्चन अभिनेता अमिताभ बच्चन की पत्नी हैं और पार्टी वर्ष 2004 से ही उन्हें राज्यसभा भेजती रही है। पूर्व आईएएस आलोक रंजन सपा के पिछले कार्यकाल में प्रदेश के मुख्य सचिव थे और अधिकारी वर्ग में उनकी खासी पकड़ मानी जाती है। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा की उत्तर प्रदेश से 10 सीटें खाली हुई हैं। विधानसभा में विधायकों की संख्या के आधार पर सात सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है, जबकि तीन सीटें सपा के खाते में जाएंगी।

# पैदल पथ हटाए जाने से कस्बावासी परेशान

## बंकी रेलवे ओवर ब्रिज के बारे में पूछने पर बोले डीआरएम, सांसद जी के प्रस्ताव और डी.पी.आर दिल्ली बोर्ड भेजा गया जिसे जल्द कराया जाएगा पास

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



बाराबंकी रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत स्टेशन के तहत हुआ है। जिसके चलते रेलवे स्टेशन पर तमाम बदलाव किए जा रहे हैं। इस बदलाव में रेलवे ट्रैक पर बना हुआ पैदल पथ एक तरफ से हटा दिया गया है,अब इसे दोबारा नहीं बनाए जाने वाला था। पैदल पथ हटाए जाने के बाद बंकी कस्बे में रह रहे लोगों के सामने बाराबंकी आने-जाने के लिए समस्याएं खड़ी हो गई हैं।

इस समस्या को लेकर बंकी कस्बे के लोग सांसद उपेंद्र सिंह रावत के पास पहुंचे। तथा सांसद को ज्ञापन देते हुए कस्बा वासियों के सामने खड़ी हुई समस्या से अवगत कराया। बता दें कि बंकी कस्बे की करीब 50 हजार की आबादी इस पैदल पथ से बाराबंकी आती-जाती है। बंकी कस्बा वासियों के लिए रेलवे स्टेशन पर बना पैदल पथ काफी सुविधाजनक था। रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत स्टेशन के रूप में होने के बाद यहां पर काफी बदलाव किए जा रहे हैं इस बदलाव में इस पैदल पथ को हटाया जा रहा है, बताया गया कि अब इस पैदल पथ को दोबारा नहीं बनाए जाने वाला है। पैदल पथ हटाए जाने को लेकर कस्बा वासी काफी परेशान थे। इस समस्या को लेकर कस्बे के तमाम लोग सांसद उपेंद्र सिंह रावत के पास पहुंचे, तो सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रेलवे के डीआरएम से बात की। तथा आज रेलवे के डीआरएम के साथ सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के उपरान्त सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर जो नया भवन बन रहा है इसको लेकर जो पुराना पुल था, जो बाराबंकी और बंकी को जोड़ रहा था उसका एक सिरा तोड़ना पड़ा। बताया गया कि उधर से इधर आने के लिए कोई दूसरा पुल नहीं बनने वाला है। इस संबंध में मेरी डीआरएम साहब से बात हुई।

डीआरएम और एडीआरएम साहब दोनों लोग मौके पर आए हुए हैं। इन्होंने देखा और इनको भी लगा कि यह बहुत जरूरी है, बंकी और बाराबंकी को जोड़ने वाला फुट ब्रिज बहुत जरूरी है। यह सब देखने के बाद निर्णय लिया गया है कि अब यह ब्रिज बरकरार रहेगा, अब इसे हटाया नहीं जाएगा। जो एक सिरा तोड़ा गया है उसका निर्माण कर दिया जायेगा। बंकी रेलवे ओवर ब्रिज के बारे में पूछने पर डीआरएम ने बताया कि सांसद जी के प्रस्ताव और डी.पी.आर दिल्ली बोर्ड भेजा गया इसे जल्द से जल्द पास कराया जाएगा।

# कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र पर निःशुल्क यूनीफार्म वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के सहयोग से एलीट सॉफ्टवेयर सॉल्युशनस प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ द्वारा जनपद-बाराबंकी, तहसील-रामनगर, ब्लाक-सूरतगंज में रामसरन वर्मा स्मारक हायर सेकेण्डरी स्कूल, ममतामऊ, सूरतगंज, बाराबंकी में 11-01-2024 से उ0प्र0 कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जा रहा। प्रशिक्षण केन्द्र पर क्षेत्र के 18-35 वर्ष के इण्टर पास छात्र व छात्राओं को अपेरेल सेक्टर में असिस्टेन्ट डिजाइनर फैशन, होम और मेडअप टेंड में शार्टटर्म ट्रैनिंग 27-27 बच्चों के चार बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 2 सुबह बैच और 2 शाम को बैच चलाये जा रहे है। इन बच्चों को 2 घंटे की थ्योरी क्लास व 3 घंटे की प्रैक्टिकल क्लास दी जा रही है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थीयों को प्रशिक्षण के दौरान बुक, स्टेशनरी, कॉफी, पेन, पेंसिल व प्रेक्टिकल क्लास में प्रक्टिकल सामग्री एजेन्सी द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थीयों को आज दिनांक 13.02.2024 को दो सेट में यूनीफार्म निःशुल्क वितरण जिला समन्वयक अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार के कर कमलों द्वारा टेंक्निंग पार्टनर एजेन्सी के मैनेजिंग डायरेक्टर उपेन्द्र कुमार वर्मा व डायरेक्टर सुनील कुमार,मोबिलाइजर-पूजा वर्मा, प्लेसमेन्ट इंचार्ज रमाकान्त जी की उपस्थिति में किया गया।

# दर्जनों लोग भाजपा में हुए शामिल

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

विधानसभा जैदपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोठिया में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनोजिया प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य अनुसूचित मोर्चा संजय रावत क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अवध क्षेत्र राजेश वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जूझारू युवा भाजपा नेता राजन बक्सोर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमरीश रावत सहित अन्य नेताओं ने मुख्य अतीत को फूलमाला पहनकर स्वागत किया इसके पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामचंद्र कनौजिया ने कहा कि भारत सरकार में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक गरीबों को 100त्न लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीबों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री मोदी सदैव चिंतित रहते हैं और तमाम कल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हुए हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री विनय प्रकाश वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रामविलास वर्मा, भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजन बक्सोर छेदालाल कनौजिया, गढ़ी राखमऊ ग्राम प्रधान चंद्रशेखर वर्मा, अजपुरा ग्राम प्रधान रामफेर रावत, शक्ति केंद्र जैदपुर देहात संगत राम रावत, शक्ति केंद्र गोठिया दशरथ लाल चौहान, हरिमोहन शुक्ला, रामशरण प्रजापति, विधानसभा विस्तारक जानकी प्रसाद तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डॉक्टर के निधन से दौड़ी शोक की लहर

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के रहने वाले तथा वर्त्तमान मे श्रीनगर कश्मीर मे रह रहे मशहूर शख्सियत डॉक्टर शबीब रिज़्वी का बीती शाम निधन हो गया।उनके निधन की खबर मिलने पर कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गयी।आपको बताते चले कि ऊर्दू अदब की मशहूर शख्सियत और जैदनुर निवासी डॉक्टर शबीब रिज़्वी जो श्रीनगर-कश्मीर मे रहते थे उनका बीती शाम लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया है।उनके निधन की खबर जब जैदपुर कस्बे पहुंची तो उनके चाहने वालो मे शोक की लहर दौड़ गयी।कस्बा निवासी मकासिद मेहंदी मक्की जैदपुरी ने बताया कि डॉक्टर शबीब साहब के निधन से उर्दू और शायरी अदब का बड़ा नुकसान हुआ है।उन्होने बताया कि आपके बहुत से नौहे अंजुमन हुसैनी जैदपुर हर साल 4 शाबान के जुलूस मे पढ़ती है।



## धूमधाम से मना नगर पंचायत अध्यक्ष का जन्मदिन

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी का जन्मदिन नगर पंचायत कर्मियों व उनके साथियों द्वारा केक खिलाकर धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही उनके निज निवास व सोशल मीडिया अकाउंट स्टेटस स्टोरी के माध्यम से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

इस अवसर पर समाजसेवी विष्णु शुक्ला ने कहा कि आपकी देशभक्ति और जन सेवा के प्रति पहल हम सभी के लिए अनुकरणीय है आपके अथक परिश्रम से नगर पंचायत का विकास निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है अपने सभी जनों को सशक्त बनाने व समाज को आगे बढ़ाने की धारणा के साथ काम किया है वह अत्यंत सराहनीय है। बधाई देने वालों में नगर पंचायत हैदरगढ़ के सभी सभासद व न प कर्मियों के अलावा सिद्धार्थ अवस्थी पंकज मिश्रा नितिन मौर्य महेंद्र मिश्रा शंभू बाजपेई विकास तिवारी बैजनाथ मौर्य आशुतोष शुक्ला अतुल शुक्ला त्रिवेणी प्रसाद दुबे करुणेश द्विवेदी राजकुमार सोनी युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी जनार्दन प्रसाद शुक्ला भानू शुक्ला संतोष श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## दिलीप तिवारी, विजय सिंह व दिवाकर यादव बने ब्लॉक उपाध्यक्ष

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सिरौलीगौसपुर का विस्तार किया। बैठक में प्राथमिक विद्यालय कटका में कार्यरत दिलीप तिवारी, प्राथमिक विद्यालय महमदपुर में कार्यरत विजय सिंह एवं प्राथमिक विद्यालय कोठीडीहा में कार्यरत दिवाकर यादव को उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया। समस्त मनोनीत पदाधिकारियो ने शिक्षकों की समस्याओं पर एक जुट होकर कार्य करने का आहवान किया। इस अवसर पर मंत्री शिवाजी मिश्र, संयुक्त मंत्री पवन मिश्र, कोषाध्यक्ष आलोक वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, सौरभ वर्मा, सचिन वर्मा, नेहा शुक्ला, अपर्णा श्रीवास्तव, समरीन खान, शिवम श्रीवास्तव, एकता यादव, एकता चौरसिया, जितेंद्र यादव, रोहित सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## जलशक्ति मंत्री ने किया सुंदरकांड का पाठ

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर विधानसभा के दौलत पुर गांव में अपने प्रवास के दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ा गए। सोमवार की पूर्वाह्न गांव पहुंचे जलशक्ति मंत्री ने दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए आम जनता से रूबरू हुए।रात्रि प्रवास के दौरान गांव के शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ किया। शिव आरती करके आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वतंत्र देव सिंह देर रात तक शिवमन्दिर में ग्रामीणों संग भजनों में तल्लीन रहे। रात्रि विश्राम पद्मश्री एवम प्रगतिशील किसान रामशरण वर्मा के आवास पर किया। मंगलवार की भोर में गांव की पग डंडियों पर टहलने के दौरान ग्रामीणों से रूबरू हुए, उनका हाल चाल भी जाना।मंगलवार को स्वतंत्र देव ने अपने जन्मदिन की शुरुआत शिव मंदिर की सफाई करके की। ग्रामीणो से उनकी समस्याओ के त्वरित निदान करने एवम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए ग्रामीणो का आशीर्वाद एवम समर्थन लेकर स्वतंत्र देव लखनऊ चले गए।

## खबरें एक नजर में

### दो दिवसीय अखंड पाठ का शुभारंभ

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर के भटखेरा वार्ड में स्थित जय महाकालेश्वर शिव मंदिर पर मंगलवार से शुरू हुए दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज सुबह से मंदिर परिसर में श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ हो गया है। बुधवार को समापन पर हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। अखंड पाठ के अवसर पर राजेंद्र पांडेय, महेश मिश्रा, सौरभ द्विवेदी,सभासद सूरज दीक्षित, सभासद विपिन सोनी, आशू अवस्थी, भाजपा महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, अंकित साहू, अजयदीप सिंह, सुधीर अवस्थी, भानू मिश्रा भारी संख्या में माताएं बहने मौजूद रहीमंदिर के प्रबंधक योगेश द्विवेदी ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं से प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### स्कूली बच्चों में स्मार्ट फोन वितरित

**सूरतगंज,बाराबंकी।** विकास खंड सूरतगंज के अमराई गांव स्थित कांति महाविद्यालय पर मंगलवार को सैकड़ों छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख सूरतगंज लकी सिंह व प्रबंधक इं. राष्ट्र भूषण सिंह ने किया। वहीं स्मार्ट फोन पाकर बच्चों के चहेरे पर मुस्कान भी दिखीं। इस मौके पर विद्यालय के एमडी पूनम सिंह, चक्रपाणि, सौरभ मिश्रा, राधे अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### तीन लाख से अधिक जमा हुआ बिजली बिल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** ग्राम किन्तूर में विद्युत विभाग ने कैम्प लगाकर तीन लाख रुपए से अधिक का बकाया राजस्व जमा कराया गया है वहीं दो दर्जन से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं।मंगलवार को उपखंण्ड अधिकारी सिरौलीगौसपुर रामगोपाल की अध्यक्षता एवं शशि प्रकाश कटियार के संयोजन में ग्राम किन्तूर में विद्युत कैम्प लगाकर तीन लाख से अधिक रुपए का बकाया राजस्व विल जमा कराया गया। वहीं दो दर्जन से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए हैं। कैम्प में अवर अभियंता शशि प्रकाश कटियार टीजीटू अंकित गुप्ता सहित मीटर,रीडर लाइन मैन आदि विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

### विभिन्न पार्टियों के लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण

**बेलहरा, बाराबंकी।** फतेहपुर ब्लॉक सभागार में मंगलवार को आयोजित भाजपा मिलन कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य के समक्ष विधानसभा कुर्सी के सैकड़ों लोगों ने सपा ,बसपा,कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में विश्वास करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में श्री मौर्य ने पार्टी में आए हुए सभी लोगो को पार्टी में उचित समायोजन का विश्वास दिलाया एवं आगामी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर सौपने की अपील की। जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने लोगो को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की जनहितकारी नीतियों को बताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में जीजान से लग जाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शील रत्न मिहिर ने किया। उक्त कार्यक्रम में विधनसभा विस्तारक राम कृपाल मिश्र सुनील सोनी,प्रवीण वर्मा सुभाष जयशवाल समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद खेल प्रतिस्पर्धा में भयारा ओवरऑल चैंपियन

**सदस्य जिला पंचायत बोले, सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाना है**

**मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित जमील उर रहमान किदवाई स्मारक स्टेडियम मे सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे ग्राम पंचायत भयारा आल ओवर चैम्पियन रही। जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी डॉ. संस्कृता मिश्रा ने प्रतिभाओ को प्रमाण पत्र ट्राफी एव नकद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। सदस्य जिला पंचायत रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाना, उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाना है। इससे आगे चलकर युवाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इससे खिलाड़ियों को खेल के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि इसी प्रकार खेल का आयोजन होता रहा तो निश्चित रूप से जिले का खिलाड़ी ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करेगा। सेवानिवृत्त व्यायाम प्रशिक्षक अमर बहादुर सिंह एव शिक्षा विभाग के खेल अनुदेशक अजय यादव, सुशील वर्मा, राजकपुर हंसराज की देखरेख मे कब्बड्डी प्रतियोगिता मे भयारा की टीम विजेता व ग्राम पंचायत मेढिया की टीम उपविजेता रही।प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खण्ड विकास अधिकारी डॉ. संस्कृता मिश्रा ने कहा कि सफल जीवन मे खेल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आप सभी लोग निरंतर इसी तरह प्रयास कर जिले एव प्रदेश सरकार मे नाम रोशन करे। आल ओवर चम्पियन मे भयारा की नूर बी बानो की जमकर तारीफ हुई तथा सभी प्रतिभागियों को शील्ड , मेडल, प्रमाण पत्र व नकद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष कुमार वर्मा, मंडल महामंत्री प्रवीण मिश्रा, आशीष द्विवेदी, सुशील वर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास तिवारी, एडीओ आईएसबी मदन गोपाल कनौजिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम , प्रधान नसीरनगर उमाकांत वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दो पक्षों में हुआ विवाद, एसडीएम समेत पुलिस बल रहा तैनात



**मोहम्मदी खीरी। समृद्धि न्यूज**

मोहम्मदी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पैकी पुर में हुए बवाल के घटना की जानकारी प्राप्त होते ही मौके पर उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर स्थिति को सामान्य व शांति व्यवस्था कायम करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पसगवां की चौकी बरवर क्षेत्र के गांव पैकीपुर में देर रात आठ बजे खलिहान की गाटा स0060 भूमि पर कब्जा करने को आरख बिरादरी के कुछ लोगों ने श्रीराम जन्म भूमि महोत्सव को लेकर झंडा गाड़ चबूतरा बनाया और शांति पूर्वक भंडारा करवाया उसके बाद रैदास समुदाय के लोगो ने अम्बेडकर पार्क से भगवान बुद्ध की प्रतिमा झंडे के पास में खड़ी करदी जिससे दोनो पक्षों में विवाद के चलते ईंट, पत्थर चले। घटना की खबर लगते ही चौकी पुलिस प्रभारी निरीक्षक, उपजिलाधिकारी और कई थानों की पुलिस इकट्ठा हो गयी।

## चिंतन भावना और संवेदना की प्रतिमूर्ति हैं मां सरस्वती

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** बसंत ऋतु नवीनता का प्रतीक है नवीनता उल्लास को जन्म देती है उल्लास सुख समृद्धि का द्योतक है सुख शांति का वास ज्ञान में है बसंत पंचमी ज्ञान की देवी सरस्वती को समर्पित है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती का अवरतण इसी दिन हुआ था साहित्य संगीत और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना इस दिन की जाती है साहित्य बिना चिंतन के नहीं लिखा जा सकता है संगीत बिना भावना के असंभव है और कला बिना संवेदना के, साहित्य संगीत कला क्रमशः भावना और संवेदना की प्रतिमूर्ति है ।मां सरस्वती में चिंतन भावना और संवेदना का समन्वय है बसंत पंचमी के दिन ही पृथ्वी की अग्नि सृजनता की ओर अपनी दिशा करती है यही वजह है कि ठंड में मुरझाए हुए पेड़ पौधे फूल आंतरिक अग्नि की प्रज्वलित कर नए सृजन की तरफ बढ़ते हैं।

## पार्टी प्रतिबद्धता का संकल्प लेकर शौर्य ने जिला कार्यालय में ली भाजपा सदस्यता

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव के भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी में दमदार वापसी के बाद भाजपा में शामिल होने वाले पुराने कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में लखीमपुर के शौर्य सक्सेना ने पार्टी समर्पण प्रतिबद्धता दोहराते हुए भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। उल्लेखनीय है भाजपा समर्पित सिपाही के रूप में 2011 संवाद प्रकोष्ठ से पार्टी नीतियों को संवाद के माध्यम जन जन तक पहुंचाने में विशेष योगदान देने वाले शौर्य सक्सेना ने क्रमशः जिला सहसंयोजक फिर संयोजक दायित्व का कुशल निर्वहन किया।

# टॉवर पर चढ़े युवक का घंटों तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा



**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र के मड़रिया गांव में रास्ते के विवाद को लेकर नाराज युवक टॉवर पर चढ़ गया। युवक ने रास्ते में इंटरलॉकिंग के हो रहे निर्माणकार्य को गलत बताते हुए 4 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा टावर पर चढ़कर किया। कॉफी देर बाद प्रशासन के पहुंचते ही उसके सामने पीड़ित की मांग स्वीकार करके उसे नीचे उतारा गया। वहीं सुलह समझौता के बीच ही अचानक प्रधान की तबीयत बिगड़ गई। जिसे डायल 100 से इलाज के लिए भेज दिया गया। वहीं पीड़ित के परिजनों से पुलिस नोक झोंक होने लगी। जिसे बाद में पुलिस टॉवर पर चढ़े युवक को थाने लेकर चली गई। ग्राम पंचायत मड़रिया में प्रधान चौधीलाल के द्वारा रविंद्र यादव उर्फ छोटे के मकान से सोनपाल के मकान तक इंटरलॉकिंग का 60 मीटर कार्य कराया जा रहा है। जिसमें सोमवार को रविंद्र यादव ने निर्माणकार्य को लेकर विरोध जताते हुए भीखमपुर पुलिस पिकेट पर प्रार्थना पत्र दिया था जबकि प्रधान ने भी रास्ते को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था। मंगलवार सुबह पुलिस के द्वारा उचित कार्यवाई न हों के कारण युवक पूर्व प्रधान रामपाल सिंह यादव के पूर्व खेत में लगे मोबाइल टावर पर साढ़े 11 बजे चढ़ गया और जोर जोर से मांग पूरी न होने पर आत्महत्या करने की धमकी देता रहा। आनन फानन में मितौली पुलिस और प्रशासन के नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्य पहुंच गए। युवक की रास्ते की जायज मांग को सुनने के बाद मौके का निरीक्षण किया। उसके बाद पीड़ित रविंद्र की मांग स्वीकार करते हुए टावर से नीचे उतारा गया।

# युवक का फंदे से लटकता मिला शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**



कोतवाली गोला की पुलिस चौकी मूड़ा सवारान क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैंठिया के मजरा हरसिंहपुर में 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में लटकता मिला शव मृतक की पीठ पर चोट के निशान पाए गए हैं। युवक की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल हुई है मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर युवक का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाली गोला की पुलिस चौकी मूड़ा सवारान की ग्राम पंचायत भैंठिया के मजरा हरसिंहपुर में 13फरवरी सुबह गांव निवासी मुन्नालाल के 22 वर्षीय पुत्र रोहित का शव गांव के किनारे आम के पेड़ में मफलर के सहारे लटकता मिला। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार शव के पैर भूमि पर लगे थे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही आम के पेड़ की टहनी में मफलर के सहारे लटक रहे रोहित के शव को उतार लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतक रोहित के हरसिंहपुर गांव में ही कुछ दूरी पर ही दो घर हैं। मृतक बारी-बारी से दोनों घरों में रहता था जिससे परिजनों को यह पता ही नहीं चला कि रोहित कौन-से घर में है। इस घर के लोग समझते रहे कि रोहित उस घर में होगा जबकि दूसरे घर के लोग समझते रहे कि रोहित उस घर में होगा।

**बयान** जांच रिपोर्ट जिला अधिकारी को प्रस्तुत कर कोर्ट को भेजी जाएगी: जांच अधिकारी

# शाहपुर गांव में 82 लाख के घोटाले की जांच करने पहुंचे अधिकारी

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**



रसोईया सीमा देवी ने बताया कोरोना काल में हमने केवल दो दिन मनरेगा में कार्य किया है,जबकि रसोइया सीमा देवी के खाते में 2022/23में 88दिन दिन का भुगतान भेजा गया।

**इंटर लॉकिंग जांच में नही मिला रोड़ा**
मृतक राम स्वरूप के खाते में भेजी गई मनरेगा मजदूरी एक ही तारीख में तिरुभवन , राकेश, रामकिशोर ने 2 जगह कार्य किया। मनरेगा में भी हाजिरी लगी व स्कूल में टाइल्स लगाने के लिए राजगीर मजदूरी भी निकाली गई। त्रिभुवन ने बताया हम राज मिस्त्री नहीं है हमारे खाते में पैसा डाला गया था जो निकालकर हमने दे दिए थे।

विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत शाहपुर में हाईकोर्ट के आदेश पर जांच को पहुँची डीएम खीरी द्वारा गठित टीम ग्राम पंचायत शाहपुर के मजरा ढकिया निवासी ईश्वर राजपूत ने जिलाधिकारी को गांव में हुए विकास कार्यों में हुए लगभग 82 लाख रुपये गबन को लेकर के जांच की मांग की थी लेकिन लंबे समय तक हीलाहवाली के चलते शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली थी और कोर्ट ने इस संबंध में जांच के आदेश दे दिये थे। जिसमें जांच के लिए बीएसए खीरी प्रवीण कुमार तिवारी को जांच अधिकारी नामित किया।

शिकायतकर्ता सहित ग्रामीण पंचायत भवन पर इकट्ठे हुए जहां जांच अधिकारी देवेश राय खण्ड शिक्षा अधिकारी बेहजम ने शिकायतकर्ता द्वारा मांगे गए बिंदुवार शिकायतों को बारीकी से जांच किया जिसमें स्कूल में लगाई गईं टाइल्स अनियमिताओं से निर्माण किया गया। इंटरलॉक सड़क में रोड़ा का उपयोग न किया जाना, वहीं मृतक को मनरेगा में कार्य करना,व रसोईया से कराया गया। मनरेगा कार्य सहित 20 बिंदवार अधिकारियों ने जांच की। प्राथमिक विद्यालय शाहपुर भवानीपुर में नाली निर्माण नहीं मिला वही राजमिस्त्री को मनरेगा में कार्य व स्कूल में टाइल्स लगाने की एक ही दिन में दो जगह कार्य मे दिहाड़ी देने की जांच की गई। जांच अधिकारी बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जांच पूर्ण होने के उपरांत जांच रिपोर्ट जिला अधिकारी को प्रस्तुत कर कोर्ट को भेजी जाएगी।

## टेंढेनाथ मंदिर पहुंच कर गोला विधायक ने सौंदर्यीकरण का तैयार किया खाका

**अमीरनगर/ गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कस्बे से दस किलोमीटर दूर बाबा टेंढेनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत होने के बाद श्रद्धालुओं में खुशी की लहर है। मंगलवार को गोला विधायक अमन गिरि ने पर्यटन विभाग के आर्किटेक्ट के साथ बाबा टेंढेनाथ मंदिर पहुंच कर सौंदर्यीकरण का खाका तैयार किया।इस दौरान गोला विधायक ने बाबा टेंढेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठकर मंदिर के सौंदर्यीकरण की चर्चा की तथा आगे की कार्य योजना बनाई। बताते चलें गोला विधायक अमन गिरि के प्रयास से अब क्षेत्र के पौराणिक बाबा टेढ़ेनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण तथा पर्यटन स्थल बनाने की तरफ सरकार का ध्यान गया है।

## अल्पकालिक निविदा सूचना

शारदा सहायक खंड 28 प्रखंड पंचम हैदरगढ़ के अंतर्गत लिल्हौरा रजवहा में सिल्ट की नीलामी हेतु दिनांक 17.02.2024 को कार्यालय प्रखंड पंचम में निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा 100 रुपये नगद प्राप्त करवाकर दिनांक 15.02.2024 से 17.02.2024 10 से 2:00 बजे दिन तक प्राप्त की जा सकती है। दिनांक 17.02.2024 को 2:00 बजे से 3:00 बजे तक कार्यालय में रखी निविदा पेटी में डाली जा सकती है। निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी, मात्रा, दर, रॉयल्टी आदि की जानकारी कार्यालय से 15.02.2024 से 17.02.2024 तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा हेतु निविदादाता को निविदा प्रपत्र आधार छाया प्रति के साथ निविदा बॉक्स में रेट के अनुसार डाली जाएगी तथा उसी दिन 4:00 बजे निविदा खोली जाएगी। किसी भी निविदा को निरस्त करने व तिथि घटाने, बढ़ाने आदि की समस्त कार्यवाही श्रीमान अध्यक्ष के आदेश से की जाएगी।

**सूचनार्थ प्रेषितः-**

1. श्रीमान अधिशासी अभियंता महोदय शारदा सहायक खंड 28 हैदरगढ़ बाराबंकी सहायक अभियंता महोदय खंड 28 प्रखंड पंचम हैदरगढ़ बाराबंकी।
2. रामबदल अध्यक्ष लिल्हौरा रजवहा समिति शारदा सहायक खंड 28 प्रखंड पंचम हैदरगढ़ बाराबंकी।

# सहकारिता महासम्मेलन में शामिल हो सकते हैं गृह मंत्री अमित शाह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा सहकारी समितियों भी चुनावी तैयारी में जुड़ चुकी है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित भाजपा मुख्यालय पर आज सहकारी समितियों की बैठक बुलाई गई।

प्रदेश भर के सरकारी संस्थाओं के अध्यक्ष और निदेशक भी शामिल हुए। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी वर्चुअल इस कार्यक्रम में जुड़े और संस्थाओं के अध्यक्षों और निदेशकों को संबोधित किया। बीजेपी करेगी सहकारी संस्थानों के अध्यक्ष, निदेशकों का बड़ा सम्मेलन आज आयोजित किया जा रहा है। फरवरी के आखिरी सप्ताह में वृंदावन कालोनी के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पर बड़ा सम्मेलन होगा। यूपी बीजेपी ने अमित शाह से 27 से 29 फरवरी के बीच का समय मागा गया है। मंगलवार को वर्चुअल मीटिंग के जरिए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र ने सभी सहकारी संस्थानों के अध्यक्ष और निदेशकों से संवाद किया है। सभी सहकारी संस्थानों के प्रमुखों को लोकसभा चुनाव में दी जाएगी एक-एक बूथ की जिम्मेदारी दी जा रही है। निदेशकों को दी जाएगी चुनाव में एक-एक विधानसभा की जिम्मेदारी दी जा रही है।

# हारी सीटों पर बीजेपी ने कराया सर्वे, रिपोर्ट होगी टिकट का आधार

## 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की हारी हुई सीटों पर लखनऊ से लेकर दिल्ली तक प्रत्याशी चयन को लेकर चल रहा मंथन

**कुछ सीटों पर दूसरे दलों से आने वाले हो सकते हैं प्रत्याशी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बीजेपी मिशन फतह 80 खातिर कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है। सर्वे कराकर इलाकाई रिपोर्ट मंगवा ली गई है। रिपोर्ट टिकट का आधार बन सकती है। जिसकी संतोषजनक शोहरत नहीं, उसके साइडलाइन होने में देर नहीं लगेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में कई सिटिंग सांसदों को टिकट नहीं मिला था। 2024 में भी कुछ ऐसा ही होने का लोग अनुमान लगा रहे हैं।

2019 को लोकसभा चुनाव में प्रदेश की हारी हुई सीटों पर लखनऊ से लेकर दिल्ली तक प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन चल रहा है। भाजपा ने सभी हारी सीटों पर टिकट के दावेदारों को लेकर सर्वे कराया है। रिपोर्ट लोकसभा चुनाव में टिकट का आधार होगी। बाहर से आ रहे नेताओं को समायोजन पर भी पार्टी पर दबाव होगा।बीजेपी रिस्क लेती नहीं, उसे जिताऊ प्रत्याशी चाहिए। सियासी समीकरण का आंकलन कर ही पार्टी उम्मीदवार तय करती हैकिस किसका टिकट कट जाए या फिर जो लाइनलाइट में नहीं उसे मैदान में उतार दिया जाए, कहा नहीं जा सकता है।राज्यसभा में टिकट वितरण के बाद बहुत लोगों के कान खड़े हो गये हैं।एक को छोड़ सब नए नाम सामने आए। पार्टी नेतृत्व ने हर सीट पर दो-दो पर्यवेक्षक भेजे गए थे। कुछ पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट सौंप दी है तो कुछ की अभी बाकी है। कई सीटों पर दावेदारों की लंबी सूची है तो कई जगह बाहरी प्रत्याशी उतारने की डिमांड है। कुछ जगह मौजूदा सांसदों के पाला बदल की चर्चा है। सूत्रों की मानें तो कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह को घोसी, मंत्री धर्मपाल सिंह को श्रावस्ती, नीलिमा कटियार को मुरादाबाद, नवीन जैन को बिजनौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेद्र सिंह को मैनपुरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह को अंबेडकरनगर, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल को जौनपुर, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला को सहारनपुर, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि को संभल, पंकज सिंह को अमरोहा, रंजना उपाध्याय को रायबरेली भेजा गया था। इनमें से कई ने रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी। पूर्वांचल और अवध क्षेत्र की दो-तीन सीटों पर दूसरे दलों के मौजूदा सांसद पाला बदल कर प्रत्याशी हो सकते हैं। यह सांसद भाजपा के संपर्क में हैं। पार्टी कद्दावर मंत्री को लड़ा सकती है। लोकसभा टिकट को लेकर अंतिम फैसला दिल्ली दरबार से होना है। यूपी में एनडीए की हारी हुई 14 सीटें क्रमशः मैनपुरी, रायबरेली, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर, लालगंज, घोसी, गाजीपुर, जौनपुर, संभल अमरोहा, मुरादाबाद, नगीना, सहारनपुर और बिजनौर हैं।

**पिछले चुनाव में भाजपा ने जीती थी 62 सीटें**

भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 में 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी जबकि दो सीट उसके सहयोगी अपना दल एस ने जीती थीं जबकि विपक्षी दलों में बसपा ने 10, सपा ने 5 और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी। उपचुनाव में भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर सीटें भी सपा से छीन ली थीं। भाजपा की सीटें 64 और एनडीए की बढ़कर 66 हो गई थीं। अब प्रदेश में 14 हारी हुई सीटें हैं। पार्टी ने इन सीटों पर पर्यवेक्षक भेजे थे। सभी को मानक भी बता दिए गए थे कि किस स्तर के पार्टी नेताओं से उन्हें रायशुमारी करनी है।

## खबरें एक नजर में

### 509 परीक्षा केंद्रों पर मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मंगलवार से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक का कहना है कि कंट्रोल रूम और सीसीटीवी के सहारे परीक्षाओं पर निगरानी रखी जाएगी। मंगलवार से आरंभ हो रही मदरसा बोर्ड परीक्षा प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित होगी। जिसमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षाएँ सम्मिलित होंगे। कुल 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों में छात्रों की संख्या 71 हजार 702 रहेगी। जबकि छात्राएं 69 हजार 413 सम्मिलित होंगी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा का कहना है कि मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके सहारे 73 जनपदों में स्थापित 509 परीक्षा केन्द्रों को निगरानी में रखा जाएगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। जिनमें डिवाइस लगी है। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि परीक्षा केन्द्र प्रभारी को सीसीटीवी की फुटेज डिवाइस के सहारे सुरक्षित रखनी होगी। इसका अवलोकन परीक्षा उपरांत किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। लखनऊ में सात परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गए हैं। सभी में हर विषयों से जुड़ी परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। एकल परीक्षा को भी इन केन्द्रों में कराया जाएगा।

### मांगों को लेकर निकाय कर्मचारी 19 को करेंगे आंदोलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वेतन विसंगतियों समेत कई मांगों को लेकर निकाय कर्मचारी 19 फरवरी को प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे। इसमें नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जलकल विभाग को जोड़ दिया जाए तो करीब 5 लाख से ज्यादा कर्मचारी आंदोलन करने वाले है। उत्तर प्रदेश निकाय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष शिश मिश्रा ने बताया कि मांगों पर अभी तक केवल आश्वासन मिल रहा है। ऐसे में अब कर्मचारी आर-पार की लड़ाई की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोपहर में भी कार्यालय पर कर्मचारी धरना देंगे। बड़ी बात यह है कि इसको लेकर विभाग मंत्री से लेकर सीएम और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी ज्ञापन दिया गया। सभी जगह से आश्वासन मिला लेकिन उसके बाद भी हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया।अब कर्मचारियों के पास आंदोलन के अलावा कोई चारा नहीं है। शशि मिश्रा ने बताया कि गेट मीटिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि वेतन विसंगतियों के अलावा नियमित करने, कर्मचारियों के मौलिक अधिकार उनको देना समेत 13 सूत्री मांगों को शामिल किया जाएगा।

### जैन रथ यात्रा महामहोत्सव का आयोजन आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा की ओर से बसंत पंचमी के अवसर पर जैन रथ यात्रा महामहोत्सव का आयोजन 14 फरवरी दिन बुधवार को राजधानी में धूमधाम से मनाया जायेगा। सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन ने बताया कि सभा द्वारा समारोह 1008 भगवान नेमिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर चौक में सम्पन्न होंगे। विनय जैन ने बताया कि महामहोत्सव की शुरुआत सुबह 11 बजे श्रीजी की शोभा यात्रा से होगी। शोभा यात्रा गोलदरवाजा चौक से प्रारम्भ होकर चौक बाजार, अकबरी गेट, नक्खास,नादान महल रोड, रकाबगंज, सुभाष मार्ग, मेडिकल कालेज चौराहा होते हुए पुनः चौक में समाप्त होगी। शाम 4 बजे चौक जैन मन्दिर में श्रीजी का कलशाभिषेक का कार्यक्रम होगा।

### दो शिफ्ट में होगी एलयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने 2023-24 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल मंगलवार को जारी कर दिया। 41 विषयों की 974 सीट पर कुल 7200 आवेदन आए हैं। परीक्षा 24 और 25 फरवरी को 2 शिफ्ट में होगी। एलयू के दोनों ही कैंपस में इस परीक्षा के सेंटर बनाए गए हैं। डेढ़ घंटे के पेपर में पहली पाली 10:30 से शुरू होकर 12 बजे तक चलेगी। वही दूसरी पाली की परीक्षा 2:30 से 4:00 बजे तक चलेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश ने बताया। पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए अंतिम तिथि 10 फरवरी 2024 निर्धारित थी। इस साल पिछले सत्र 2022-23 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। 41 विषयों की 974 सीटों के लिए 7200 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 18 फरवरी से प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन आईडी के जरिए डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट में जाकर परीक्षा से जुड़े दिशा निर्देश भी जान सकते हैं। पीएचडी परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की तरफसे जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम 6 तक संपर्क भी कर सकते हैं।

### दबंगों ने छात्रा से की छेड़छाड़, मां के साथ मारपीट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा इलाके डॉ खेड़ा चौकी के अंतर्गत दबंगों ने घर के बाहर सफाई कर रही 10वीं छात्रा के साथ शोहदे भद्दे भद्दे कमेंट कर छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर छात्रा उसकी मां और अन्य परिजनों की पिटाई कर दी। छात्र के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वहीं पीड़िता के परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जानकारी लेते हुए थाने में लिखित शिकायत करने की बात कह वापस चली गई। पीड़िता ने पुलिस को लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। डॉक्टर खेड़ा चौकी इलाके की दसवीं की छात्रा ने बताया कि सोमवार को देर शाम घर के बाहर सफाई कर रही तभी कालोनी के आदर्श ने भद्दे कमेंट करना शुरू की कर दिया, जिसका विरोध करने पर आदर्श ने अपने साथियों को बुलाकर छेड़खानी करने लगा। छात्रा का शोर सुनकर माँ और भाई घर के बाहर आ गए दबंग शोहदों ने पीड़िता की माँ और भाई से भी हाथापाई करने लगे विरोध करने पर छात्रा के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# पक्के मकान का सपना हो रहा साकार

## डिप्टी सीएम सीएम केशव प्रसाद मौर्य का गांवों के विकास पर फोकस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन व दूरदर्शी सोच के तहत आवास विहीन, कच्चे, झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहतआवास उपलब्ध कराने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग लगातार ग्रामीण अंचलों में विकास की गंगा को बहाने का कार्य



कर रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को विभाग गाँव के हर जरूरत मंद तक पहुंचाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से अब तक कुल प्राप्त लक्ष्य 3615041 आवासों के सापेक्ष 34 लाग से अधिक आवासों को पूर्ण कर लिया गया है,जो कि 96 प्रतिशत से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक लाख 44 हजार 220 आवास आवंटन के सापेक्ष 84 हजार आवास पूर्ण करा लिये गये हैं।उप मुख्यमंत्री द्वारा गांवों के चहुंमुखी व सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मनरेगा में 2023-24 में 28 करोड़ 68 लाख मानव दिवस सृजित करते हुए 75 लाख 24 हजार श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया गया तथा 2024-25 में 33 करोड़ मानव दिवस सृजन किये जाने का लक्ष्य है। सरकार द्वारा अब तक 36 लाख 15 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं , जिनमें 34 लाख से अधिक आवास पूर्ण हो गए हैं ,शेष निर्माणाधीन हैं। योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024 -25 में 2441 करोड़ की व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2023 24 तक अद्यावधिक 2 लाख 3 हजार आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। 2024-25 के लिए इस योजना मे 1140 करोड रुपए के बजट का प्राविधान ष्किया गया है। विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत 2024-25 में विकास कार्यों के लिए 2520 करोड़ जीएसटी सहित की व्यवस्था की गई है राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन में लगभग 5060 करोड़ की व्यवस्था की गयी है ।

### उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए मनरेगा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। निर्माण कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाए। मुख्य विकास अधिकारी व स्टेट क्वालिटी मैनेजर इस सम्बन्ध में पूरी सजगता व नियम संगत कार्य करें। अनियमितता या गड़बड़ी पायी जाय, तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग में तैनात महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत मण्डल स्तरीय प्राविधिक परीक्षक, स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स को ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि वह मुख्यालय को प्रेषित रिपोर्ट में वृक्षारोपण के कार्यों की जांच का उल्लेख किया जाए। मनरेगा योजनान्तर्गत कराए जा रहे कार्यों पर उपयोग किये जाने वाले मैटेरियल के खरीद एवं प्रयोग की जांब हेतु एमबी में की गयी इन्ट्रीज की भी जांच की जाए। जनपदों द्वारा फर्जी मजदूरों के खाते में धनराशि भेजे जाने की शिकायत हो सकती है। इस हेतु मस्टर रोल के मजदूरों ने वास्तव में कार्य किया है या नहीं इसका आंकलन भी किया जाये। आदर्श रूप में मस्टर रोल को 30 प्रतिशत इंट्रीज की जांच होनी चाहिए। स्टेट क्वॉलिटी मॉनीटर माह में निरीक्षण के लक्ष्य के सापेक्ष 20 प्रतिशत लैब टेस्ट अवश्य कराएं। लैब टेस्ट कराकर स्टेट क्वॉलिटी मॉनीटर आख्या 15 दिवस में भिजवाए। लैब तक स्टेट क्वालिटी मॉनीटर स्वयं सैम्पल लेकर जायेंगे, ताकि कोई सैम्पल में परिवर्तन न कर सके।निर्देशित किया गया है कि मनरेगा योजनान्तर्गत कार्यों की जांच के समय दिये गये निर्देशों के अनुरूप अनिवार्य रूप से आवश्यक कार्यवाही करते हुए जांच रिपोर्ट में निर्धारित बिन्दुओं पर रिपोर्ट को सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# आपदा नियंत्रण को आईआईटी रुड़की के प्रबंधन की मदद लेगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों का सहयोग लेगी। योगी सरकार के इस कदम से आपदाओं से होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने के साथ आपदा से पहले ही लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जा सकेगा। इसके लिए योगी सरकार के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द ही एक एमओयू साइन किया जाएगा। इसके तहत, आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ विभाग के कर्मचारियों को आपदा बचाव के उच्च प्रबंधन का प्रशिक्षण देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। साथ ही, आपदाओं पर शोध व आंकलन के जरिए प्रदेश में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने से पहले ही कार्य योजना के विकास व क्रियान्वयन का मार्ग सुनिश्चित करेंगे।

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश के अन्य राज्यों की तुलना में आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। ऐसे में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वहीं, संस्था के विशेषज्ञ प्रदेश में महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के कारणों का भी पता लगाने में सक्षम हो पाएंगे। इसी के अनुसार विभाग के कर्मचारियों को जागरुक किया जाएगा, जिससे समय रहते आपदाओं के कारण उत्पन्न होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से निपटा जा सकेगा।

### जल्दी ही दोनों के बीच साइन किया जाएगा एमओयू

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में ही आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में इससे निपटने और इसके कारणों पर अध्ययन करने के निर्देश दिये थे। आईआईटी रुड़की से एमओयू को लेकर बातचीत चल रही है। एमओयू को लेकर आईआईटी रुड़की और राहत आयुक्त कार्यालय के बीच सहमति बन गई है जल्दी ही दोनों के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। यह एमओयू पांच साल के लिए मान्य होगा। इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के साथ इसके कारणों पर शोध करेंगे। इतना ही नहीं विशेषज्ञ उत्तर प्रदेश के जलवायु पैटर्न, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और जोखिम पर शोध करेंगे। इसके जरिये आपदाओं से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों व सटीक कार्यप्रणाली के विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

# भाजपा राज में कैसा अमृतकाल, किसानों पर हो रही आंसू गैस के गोलों की बौछार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों को शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने बैरिकेडिंग और कटीले तार लगा कर रो लिया। किसान दिल्ली जाने की जिद पर अड़े रहे। इस दौरान पुलिस की कहा सुनी हुई। पुलिस ने किसानों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ दिए। इसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र की सरकार की जमकर आलोचना की है।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आवाज को दबा रही है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि भाजपा राज में ये है भला कैसा अमृतकाल, किसानों पर आंसू गैस के गोलों की बौछार धिक्कार! धिक्कार!! धिक्कार!!! अखिलेश ने एक बयान में कहा कि दिल्ली सरकार ने किसानों की मांगे नहीं मान रही है जिस वजह से किसान निराश और हताश है। उन्होंने यह सरकार बड़े बड़े पूंजीपतियों से मिली हुई है। जिस वजह से किसानों की आवाज नहीं सुन रही है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को एमएसपी देना नहीं चाहती है। जिस वजह से किसान प्रदर्शन के लिए मजबूर है।आप को बता दें कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर किसानों का जत्था शम्भू बॉर्डर पर पहुंचा। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच तीखी झापड़ हुई। पुलिस ने किसानों को रोकने लिए आंसू गैस के गोले छोड़ दिए। जिससे बॉर्डर पर अफरा- तफरी का माहौल हो गया है। जिससे किसान इधर- उधर भागते हुए नजर आए। कुछ किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उसके बावजूद भी किसान दिल्ली जाने की जिद में है।भाजपा राज में ये है।



# एविएटर गेम के चक्कर में इंटरमीडिएट के छात्र ने किया सुसाइड

**लखनऊ।** चौक कोतवाली थानाक्षेत्र अन्तर्गत गाजी मंडी बाजाजा मोहल्ले में एविएटर गेम के चक्कर इंटरमीडिएट के छात्र मो. दानियाल (20) ने मंगलवार की सुबह घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। दोस्तों को मैसेज कर छात्र ने आत्मघाती कदम उठा लिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय के मुताबिक, मंगलवार करीब साढ़े दस बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना मिली कि गाजी मंडी बाजाजा मोहल्ले छात्र मो. दानियाल ने फंदा लगा लिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने छात्र को फंदे उतार नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की मौत जानकारी मिलते ही मां हिना बेहोश होकर गिर पड़ी। आनन-फानन उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। मामा शाबाद रिजवी ने बताया कि दानियाल के पिता साहिद हुसैन दुबई में नौकरी करते हैं। उन्हें भी बेटे की मौत की जानकारी दी गई है। बताया कि दानियाल दो बहनों में बड़ा भाई था। वह पढ़ाई में होनहार होने के साथ उसकी ऑनलाइन गेम में भी रुचि थी।

# भूमि लीज नीति से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा

**भूमि लीज नीति-2024 को कैबिनेट ने 05 फरवरी को दी थी मंजूरी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की भूमि लीज नीति-2024 को मंत्रिपरिषद ने 05 फरवरी को अनुमोदित कर दिया है। अब यह नीति प्रख्यापित होने जा रही है। यह नीति 06 चरणों में विभाजित है।प्रत्येक चरण के अंतर्गत अलग-अलग व्यवस्थायें की गयी हैं। प्रथम चरण के अंतर्गत निवेश प्रस्ताव के लिए रूचि की अभिव्यक्ति की व्यवस्था है। इसके तहत पर्यटन विभाग पट्टे के आधार पर भूमि आवंटन के लिए जनपद व पर्यटन गन्तव्यवार उपयुक्त भू-खण्ड की पहचान कर एक सूची बनायेगा। इसे पर्यटन विभाग के भूमि बैंक के रूप में चिन्हित किया जायेगा। इसके उपरान्त निवेशकों से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जायेगी।



भूमि बैंक के रूप में निर्धारित सभी जमीनों का स्वामित्व पर्यटन विभाग के पास ही रहेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के पास उपलब्ध भूमि के अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार के अनुमोदन से अन्य विभागों से पर्यटन विभाग के पक्ष में भूमि हस्तांतरण होगा अथवा भूमि स्वामियों से भूमि अधिग्रहण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत खरीदी जायेगी। भूमि लीज नीति के प्रथम चरण में निवेश प्रस्ताव के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के बारे में बताया गया है। पर्यटन विभाग छोटे भूखण्ड को जहां है जिस स्थिति में है के आधार पर आवंटित करेगा। बड़े भू खण्ड पर निवेशकों को यूनिट पार्सल के रूप में आवंटन के लिए प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर विस्तार से ले आउट तैयार किया जायेगा। निवेशक आवंटित भू-खण्ड पर पर्यटन सुविधाओं के विकास की परियोजनाओं की डिजाइन, वित्त पोषण और विकसित करेगा। भू स्थल के आसपास आधारभूत संरचनाओं एवं अवस्थापना सुविधाओं संबंधी विकास से संबंधित कार्यों पर होने वाला व्यय संबंधित विभागों द्वारा यथासंभव उनके बजट प्राविधान से किया जायेगा। विकास कार्यों के लिए संबंधित विभागों के विभागीय बजट में प्राविधान नहीं होगा, उसका आकलन कर पर्यटन विभाग द्वारा विकासात्मक व्यय के लिए बजटीय प्राविधान किया जायेगा।

निवेशक पट्टाधारक द्वारा बिजली संबंधी कार्य एवं कनेक्शन, जल, सीवर, पर्यावरण, माइनिंग, नगर निकाय, पंचायत निकाय आदि से संबंधित वैधानिक देयों एवं अन्य सभी करों का भुगतान किया जायेगा। आवंटित भूखण्ड पर अनुमोदित परियोजना के अनुसार आंतरिक बुनियादी ढाचों का विकास निवेशक,पट्टा धारक द्वारा किया जायेगा। नीति के द्वितीय चरण के अंतर्गत निवेश प्रस्तावों का तकनीकी मूल्यांकन की व्यवस्था है तथा तृतीय चरण में निवेश प्रस्तावों की स्वीकृति तथा चतुर्थ चरण में भूमि आवंटन की प्रक्रिया के बारे में व्यवस्था दी गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि 5वें चरण में समझौते पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी कराने की व्यवस्था है। आवंटन प्रक्रिया के माध्यम से भूमि प्राप्त करने वाले निवेशकों को बैंक ऋण प्राप्त करने, वित्तीय समापन और निर्माण गतिविधियों को प्रारम्भ करने के लिए संबंधित विभाग से सभी आवश्यक अनुमोदन एनओसी आदि प्राप्त करने के लिए 09 माह की अवधि प्रदान की जायेगी।

# परिवहन निगम की ग्रामीण व उप नगरीय बस सेवाओं के फेयर स्टॉप में होगी बढ़ोत्तरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिये हैं कि ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर प्रत्येक तीन किमी तथा अन्य मार्गो पर प्रत्येक 05 किमी की दूरी पर एक फेयर स्टाप बनाया जाय। उन्होंने कहा कि स्टाप सड़क पर स्थित गांव के अतिरिक्त सड़क का वह बिन्दु, चौराहा, तिराहा भी हो सकता है जहां से उन गांवों के यात्री बस सेवा पाते हैं।

सड़क से दूर स्थित ऐसे फेयर स्टाप से निकटवर्ती क्षेत्रों के यात्रियों को सेवा पाने का अवसर सुलभ हो एवं तद्नुसार टिकट निर्गत हो। जनपद मुख्यालयों व उच्चतर नगरों के अन्दर दो स्टाप के मध्य की दूरी 03 किमी से अधिक रखी



जा सकती है लेकिन 05 किमी से अधिक नहीं होनी चाहिए। सड़कों के चौड़ीकरण उच्चीकरण होने से तथा सड़कों के किनारे नये-नये गांव निरन्तर अस्तित्व में आने से सड़क किनारे गांवों,कस्बों में जनसंख्या का घनत्व व आकार बढ़ रहा है। बसों के फेयर स्टाप में बढ़ोत्तरी की मांग जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानीय नागरिकों के माध्यम से निरन्तर मिल रही हैं। नये फेयर स्टाप बनाने में कोई व्यय भी अन्तरवलित नहीं है। मांग के अनुरूप फेयर स्टाप न होने से व निगम की सेवा सुलभ न होने से यात्री वैकल्पिक परिवहन माध्यमों का आश्रय लेते हैं, जिससे अधिसूचित मार्गो पर अनाधिकृत वाहनों के संचालन में वृद्धि देखी जाती है। मुख्यमंत्री के निरन्तर निर्देश प्राप्त होते रहते हैं कि प्रत्येक गांव को निगम की बसों से सेवित किया जाय।परिवहन मंत्री ने कहा कि निगम बसों के स्टाप के सम्बंध में ग्राम्य सेवाएं, शटल स्थानीय सेवाएं, सीमित स्टॉप सेवाएं, एक्सप्रेस सेवाएं, सुपरफास्ट सेवाएं के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ग्राम्य सेवाएं की बसें मार्ग पर प्रत्येक स्टाप पर रूकेंगी तथा इनकी औसत गति 40 किमी प्रति घण्टा निर्धारित की गयी है। स्थानीय शटर सेवाएं दो जनपदों की सीमाओं के अन्दर संचालित होंगी।

**सशक्तीकरण**

**दिव्यांगजन मंत्री की अध्यक्षता में हुई दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की पांचवीं बैठक**

# सीएम के नेतृत्व में दिव्यांगों के लिए चल रहीं कई योजनाएं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों को विभागों में आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभागों के भवनों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया जाय। स्वास्थ्य विभाग दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र समयबद्ध रूप से बनाने का कार्य करे, जिससे दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन की बसों में दिव्यांजनों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाय। यदि दिव्यांगजन को देखकर देखकर बस चालक एवं कन्डेक्टर बस न रोके ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी जाय। खाद्य रसद विभाग दिव्यांगजनों को राशन



कार्ड उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों का राशन कार्ड बन सके।

विभागों में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित होने वाले वर्कशाप में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रतिनिधि को अवश्य आमंत्रित किया जाय। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को योजना भवन में आयोजित दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड उत्तर प्रदेश की पांचवी बैठक में आये विभागों के प्रतिनिधियों को दिये।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तीरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम संकल्प है, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियमित रूप से समीक्षा कर एवं योजनाओं के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड नियमित रूप से आयोजित की जाय, जिससे दिव्यांगजनों को सशक्तीकरण मे आ रही बाधाओं पर विचार-विमर्श कर उसका समाधान किया जा सके। इसके साथ दिव्यांगजनों के जीवन को और कैसे बेहतर किया जा सकता है, इस बार बोर्ड सदस्यों के सुझावों को सुनकर उसपर रणनीति बनायी जा सके। दिव्यांग दम्पति को शादी करने पर प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 534 दम्पतियों को लाभान्वित किया गया है। इसी तरह दुकान निर्माण व संचालन योजना के अंतर्गत 755 दिव्यांगजनों को लाभांवित किया गया है।

### सरकार दे रही पेंशन

दिव्यांगजन मंत्री ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों हेतु भरण पोषण अनुदान योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को 1 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख 40 हजार 823 दिव्यांगजनों को तृतीय किश्त की धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है। इसी तरह कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत 3 हजार रूपये प्रतिमाह की धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 11 हजार 671 दिव्यांगजनों को तृतीय किश्त की धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है। उन्होंने बताया कि शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक क्रय हेतु अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 हजार 229 उपकरण दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराया जा चुका है। शल्य चिकित्सा अनुदान योजना के अन्तर्गत 10 हजार रूपये प्रति लाभार्थी प्रति वर्ष दिया जाता है। कॉक्लियर इम्लान्ट योजना के अन्तर्गत 6 लाख रूपये प्रति लाभार्थी अनुदान दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 158 दिव्यांगजनों को लाभाविन्त किया गया है।

# पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार

## चोरी की 14 जोड़ी पायल, 55 अदद बिछुवा, 30 अदद अंगूठी, दो आधार कार्ड, एक अदद मोबाइल व 5000 रुपया बरामद

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्व मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में गठित थाना इटियाथोक पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत मु.अ.सं. - 48/24 व 56/24 धारा 457/380 भा.द.वि. थाना इटियाथोक, जनपद- गोंडा से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 आरोपी अभियुक्तों- के विरुद्ध की गई कार्रवाई वादी विजय सोनी पुत्र शिवराम सोनी निवासी ग्राम इटियाथोक बाजार थाना इटियाथोक गोण्डा ने 06.02.2024 को व वादी श्री कृष्ण कुमार सोनी द्वारा 11.02.2024 थाना इटियाथोक पर सूचना दिया कि अज्ञात चोर द्वारा हम लोगो के ज्वेलर्स की दुकान से चोरी कर लिया गया है, तहरीर के आधार पर थाना इटियाथोक में क्रमशः मु.अ.सं. - 48/24 व 56/24 धारा 457/380 भा.द.वि. बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु कई टीमों का गठन किया गया था। आज दिनांक 13.02.2024 को थाना इटियाथोक पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत अभियुक्तों-01. अरविन्द कुमार वर्मा 02. नूर मोहम्मद उर्फ राजा 03. चांद बाबू को निर्माणाधीन पंचायत भवन बहद ग्राम अयाह थाना इटियाथोक से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 14 जोड़ी पायल सफेद धातु, 55 अदद बिछुवा सफेद धातु, 30 अंगूठी सफेद धातु, 02 आधार कार्ड, 01 अदद मोबाइलव 5000 रुपया नकद बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## इसराइल जाने के इच्छुक निर्माण श्रमिक श्रम कार्यालय में करें संपर्क

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल ने बताया है कि 23 जनवरी से 30 जनवरी के मध्य आई टीआई अलीगंज में इजराइल जाने हेतु इच्छुक निर्माण श्रमिकों का दक्षता परीक्षण अयोजित किया गया था। दक्षता परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले श्रमिक अपने पहचान पत्र के साथ 2 दिवस में श्रम कार्यालय में संपर्क कर अपना परिणाम ज्ञात कर लें जिससे चयनित श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट एवं पुलिस वेरिफिक्रेशन एवं अन्य कार्यवाही तत्काल पूर्ण कराई जा सके। इसके अतिरिक्त ऐसे अन्य श्रमिक जो इस्त्राएल जाने हेतु इच्छुक हैं एवं जिन्होंने पूर्व में श्रम विभाग में इजराइल जाने के संबंध में पंजीकरण नही कराया है वह अपने पहचान पत्र के साथ कार्यालय उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा में तत्काल संपर्क करें।

# बोर्ड परीक्षाओं से पहले मारवाड़ इंटर कॉलेज का हुआ लोकार्पण

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**




स्टेशन रोड स्थित साहिबगंज क्षेत्र में शासन द्वारा वित्त पोषित मारवाड़ इंटर कॉलेज अपने नए कलेवर के साथ नए रूप रंग में पठन पाठन के लिए तैयार है मंगलवार को सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर फीता काटकर व नारियल फोड़ कर लोकार्पण किया गया 50 वर्षों से भी ज्यादा पुराने विद्यालयों में से एक मारवाड़ इंटर कॉलेज का मुख्य भवन काफी पुराना हो चला था। विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि विद्यालय में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में मेज व बेंच है सभी कमरों में पंखे लगाए गए हैं नकल विहीन परीक्षा के दृष्टिगत सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पूरे परिसर में पर्याप्त हरियाली का ध्यान रखा गया है। पेयजल हेतु चार हैंडपंप लगाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा अत्यधिक निकट होने की वजह से नए शौचालय ब्लॉक का निर्माण परीक्षा समाप्ति के तुरंत बाद कराया जाएगा। इस ब्लॉक में पीने के पानी के लिए आर ओ प्लांट भी लगाया जाएगा। नपाध्यक्ष उजमा राशिद ने कहा कि स्कूल के बच्चे रोज यूनिफार्म में आयें और गुरु जनों द्वारा दी गयी शिक्षा को ग्रहण करें।और उनकी बातों को मानें क्योंकि गुरुजन का मान सम्मान मात-पिता से कम नहीं होता है।

मारवाड़ी समाज द्वारा संचालित इस विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करते हुए शीघ्र ही कंप्यूटर क्लासेस तथा वाचनालय की स्थापना की जाएगी। प्रधानाचार्य राकेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा की बच्चे देश की धरोहर हैं उनके बेहतर भविष्य व सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# जमीनी विवाद में चली गोली एक की मौत, पांच घायल





**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक फौजी ने छह लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से एक महिला की मौत हो गयी है जबकि 5 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक महिला अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए आई थी। इस ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर छपिया एसओ समेत पुलिस के वरिष्ठ अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। आरोपी फौजी सीताराम यादव फरार बताया जा रहा है। वारदात के बाद गांव में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गयी है और घटना की पड़ताल की जा रही है। महिला की मौत,आक्रोशित फौजी की ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में दहशत, छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में हुई वारदात पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया मौके पर जाकर देखा गया तो वहां पता चला कि टिन शेड रखने के विवाद में दो पक्षों में कहा सुनी हुई और एक पक्ष ने गोली चला दिया जिसमें छह लोग घायल हो गए घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जिसमें महिला की मौत हो गई और पांच गंभीर घायलों का इलाज चल रहा है आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है शेष कार्रवाई की जा रही है।

# नकल विहीन संपन्न करायें पुलिस भर्ती परीक्षा : जिलाधिकारी

- आधे घंटे पहले बंद हो जाएगा परीक्षा केंद्र का गेट, 25 केंद्रों पर आयोजित होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित पुलिस भर्ती की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को नकल विहीन व शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा सभी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी बोर्ड द्वारा तैयार की गई बुकलेट में दिये गये दिशा निर्देश जरूर पढ़ लें। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा प्रारम्भ होने से 2 घंटे पूर्व गोपनीय परीक्षा सामग्री को परीक्षा केंद्र पर पहुंचाएंगे। प्रथम पाली के लिए वह प्रातः 8 बजे एवं द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1 तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे एवं परीक्षा के दौरान अपने सेक्टर के परीक्षा केदो पर भ्रमण रहते हुए परीक्षा की शुचिता बनाए रखेंगे। परीक्षा के बाद दोनों पाली की सभी परीक्षा सामग्री केंद्र व्यवस्थापक एवं पर्यवेक्षक स्टेटिक मजिस्ट्रेट से प्राप्त कर कोषागार में जमा कराएंगे।

**25 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा:**आगामी 17 व 18 फरवरी को जनपद में होने वाले पुलिस परीक्षा के लिये 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें प्रति पाली 11304 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की नियुक्ति की गई है साथ ही तीन परीक्षा केदो पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट को भी तैनात किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि किसी भी परीक्षार्थी व कर्मचारियों द्वारा परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाई जाएगी।

तो उसके खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाएगा। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# घर से कॉलेज गये तीन बच्चे हुए लापता


- क्षेत्र में हड़कंप,हैरान परेशान परिजन कर रहे खोजबीन

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गाँव से सोमवार की सुबह घर से कॉलेज गये तीन बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गये। इस सनसनीखेज घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मचा है और परिजन हैरान परेशान होकर खोजबीन कर रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम लोलपुर पोस्ट शिवदयालगंज जनपद गोंडा के रहने वाले तीन छात्र/छात्रायें भूमि कनौजिया उम्र 17 वर्ष पुत्री हरीकिशन, प्रीति कनौजिया उम्र 17 वर्ष पुत्री श्रीकिशन कनौजिया,प्रिंस कनौजिया उम्र 16 पुत्र शंभूनाथ कनौजिया जो सोमवार की सुबह दुर्गा देवी स्मारक इंटर कॉलेज कौलपुर विक्रमजोत जनपद बस्ती गये थे,वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गये। लापता तीनों बच्चे एक ही परिवार के बताये जाते हैं। इस सनसनीखेज घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मचा है और परिजन हैरान परेशान होकर खोजबीन कर रहे हैं। वहीं परिजनों ने उक्त तीनों बच्चों के कहीं दिखाई पड़ने पर निम्न नंबरों 9198137911 9565245432, 9935329435 8577942233, 9682146008 पर जानकारी देने की आम जनमानस से अपील की है।







# मसूद ने कराया बरखण्डी नाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण: महंत

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

कर्नलगंज नहवा परसौरा में स्थित पौराणिक स्थान शिव लिंग पीठ बाबा बरखंडी नाथ मंदिर के महंत सुनील पुरी ने एक मांगलिक कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मसूद आलम खान से भेंट करते हुए कहा कि जब मसूद आलम खान 2006 में ब्लॉक प्रमुख बने तो ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद उन्होंने बाबा बरखंडी नाथ मंदिर का दौरा किया वहां पर मैंने उनसे मंदिर के सौंदरीकरण परिक्रमा मार्ग एवं संपर्क मार्ग सीसी रोड बनाने का अनुरोध किया क्योंकि हजारों श्रद्धालु और क्षेत्र के लाखों लोगों की आस्था इस स्थान से जुड़ी हुई है।

लेकिन इतनी पौराणिक स्थल होते हुए भी मंदिर के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं था परिक्रमा मार्ग टूटा हुआ था मसूद खान ने मुझे आश्वस्त किया कि बाबा जी मैं तत्काल मंदिर का सौंद्रीकरण भी कराऊंगा परिक्रमा मार्ग भी बनाऊंगा और संपर्क मार्ग सीसी रोड भी बनाऊंगा मसूद खान अपना वादा निभाते हुए मंदिर तक सीसी रोड संपर्क मार्ग भी बनवाया परिक्रमा मार्ग भी बनवाया और सौंद्रीकरण भी कराया यह सब कार्य मसूद खान ने अपनी निजी पैसे से कराया और ब्लॉक की तरफ से उन्होंने एक बड़ी हाई मास्क लाइट भी लगवाई मसूद खान हमेशा विधानसभा कटरा बाजार हो चाहे जनपद गोंडा हो या देवीपाटन मंडल हो अपने भाईचारा सद्भाव हिंदू मुस्लिम एकता के लिए जाने जाते हैं और हमेशा इन्होंने क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाने के लिए हिंदू मुस्लिम एकता को मजबूत करने के लिए और गरीबों कमजोरों जरूरतमंदों की मदद करने का काम किया है बाबा सुनील पुरी ने मसूद ख़ान को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# अज्ञानता को मिटाने के लिए होती है मां सरस्वती की पूजा: वंदना

- बसन्त पंचमी की पूर्व संध्या पर प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका वन्दना पटेल ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन अज्ञानता के अंधकार को खत्म करने के लिए ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा होती है। विशेष तौर पर इस दिन विद्यार्थी मां सरस्वती की आराधना कर विद्या का आशीर्वाद मांगते हैं। बसंत पंचमी के दिन विशेषकर पीले वस्त्र ही धारण करने चाहिए। ऐसा करना शुभ माना जाता है। यह रंग ऊर्जा और ज्ञान का प्रतिनिधित्व करता है। प्रधानाध्यापिका वन्दना पटेल ने बताया कि चूंकि बसन्त पंचमी को स्कूल में अवकाश घोषित है।

इसलिए बच्चों के आग्रह पर एक दिन पहले ही बसन्त पंचमी पर किए जाने वाले कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। इस क्रम में शिक्षकों व बच्चों द्वारा स्कूल को गुब्बारों, फूल-मालाओं आदि से सजाया गया। एक बच्ची को सजा-संवार कर व मुकुट पहना कर देवी का रूप दिया गया। अन्य चार बच्चियों को सुंदर पीले वस्त्र पहनाकर एवं उन्हें व्यवस्थित कर एक झांकी के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रा रिशा, अनीशा, कुमकुम, रूचि, पायल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ का भी सहयोग सराहनीय रहा।

# अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट से निखरेगी ग्रामीण प्रतिभा: सुनील सिंह

- 15 फरवरी से इंदिरा गांधी स्टेडियम में शुरू होगी प्रतियोगिता, ट्राफी का अनावरण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में 15 फरवरी से अंडर 19 देवीपाटन चलेंगे कप का आयोजन होगा इसके लिए मंगलवार को प्रेस वार्ता हुई। प्रेस वार्ता में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कैसरगंज संसद के प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाएं निखरेंगी। उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ी इसमें प्रतिभाग कर अपना भविष्य बनाएं। -19 देवीपाटन चैलेंज कप 2024 राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी का आज युवा भाजपा नेता व समाजसेवी सुनील सिंह द्वारा अनावरन किया गया।

सुनील सिंह द्वारा बताया गया की ये टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से सम्बद्ध है और इस राज्यस्तरीय टूर्नामेंट में प्रदेश की 8 टीमो द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है इस टूर्नामेंट का उद्घाटन 15 फरवरी दिन बृहस्पतिवार को 10 बजे जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी बहराइच रहेंगी। इस दौरान इशरत महमूद खान , चाँद क्रिकेटर ,अभिषेक शुक्ला ,अटल सिंह सबीहूल हसन ,अमित ठाकुर ,मन्नू सिंह , गोविंद सिंह चौहान , आयुष चित्रांश, निखिल श्रीवास्तव ,शादाब खान, अकील अहमद सहित लोग मौजूद रहे।

# इनकम टैक्स की टीम ने व्यापारियों के यहां की छापेमारी

- आठ स्थानों पर टीम ने की छापेमारी, व्यापारियों के यहां से दस्तावेज ले गई टीम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

शहर में मंगलवार दोपहर में इनकम टैक्स की टीम पहुंच गई। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने प्रतिष्ठित व्यापारियों के यहां छापेमारी की। छापेमारी को लेकर व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति रही।

इसके बाद टीम ने मिहीपुरवा नगर में दो स्थानों पर छापेमारी की। व्यापारियों के यहां से मिले दस्तावेज को लेकर टीम वापस चली गई। नोएडा इनकम टैक्स के अधिकारियों की टीम मंगलवार को शहर में पहुंची। चार सदस्यीय टीम ने शहर के स्टेशन रोड, हनुमान पुरी कालोनी, बलरामपुर रोड स्थित सपना फ्लोर मिल, डिगिहा स्थित फर्म,व्यापारी विकास अग्रवाल समेत छह स्थानों पर छापामारी की। व्यापारियों के यहां मौजूद कागजात की जानकारी ली।इसके बाद अधिकारियों की टीम नगर पंचायत मिहीपुरवा पहुंची। यहां पर टीम ने दो स्थानों पर छापेमारी की। देर शाम तक टीम की छापेमारी चलती रही। इसके बाद टीम के अधिकारी संबंधित दस्तावेज लेकर लखनऊ चले गए। इनकम टैक्स टीम के छापे को लेकर व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति है।





**भाजपा नेता के यहां भी पड़ा छापा:** शहर के स्टेशन रोड पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के एक नेता रहते हैं। उनके यहां भी इनकम टैक्स के अधिकारियों ने छापेमारी की इसको लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं रही। हालांकि इनकम टैक्स के किसी अधिकारी ने कोई बयान नहीं दिया और सभी अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

**पुलिस ने उपलब्ध कराई सुरक्षा:** इनकम टैक्स टीम की छापेमारी को लेकर थाना दरगाह और कोतवाली देहात पुलिस ने पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराई। सीओ की अगुवाई में पुलिस बल टीम के साथ मौजूद रहा। जिससे कि कहीं कोई विवाद की नौबत न आए।

शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों के यहां छापेमारी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कुछ लोग अपनी दुकान बंद कर फरार हो गए।

# रिसिया ब्लाक में हुआ विधानसभा मिलन समारोह

- 180 लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




मटेरा विधानसभा में भाजपा के द्वारा विधानसभा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक कुंवर अरुणवीर सिंह रहे।

जिले में भाजपा के द्वारा विधानसभा मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें रिसिया ब्लॉक परिसर मे मुख्य अतिथि के द्वारा मटेरा विधानसभा के 180 लोगों को भाजपा मे शामिल किया। मुख्य अतिथि कुंवर अरुणवीर सिंह ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां के बारे में लोगों को बताया और कार्यकर्ताओं को भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि अबकी बार 400 पार कार्यकर्ता 2024 के लिए पूरी तरीके से तैयार हैं। पूर्व चेयरमैन राजेश निगम ने अपने सम्बोधन से कार्यकर्ताओं में जोश भरा और सभी कार्यकर्ताओं को 2024 मे पूरी तरह तैयार रहने को कहा। इस मौके पर कुंवर करनवीर सिंह प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष, संजय जायसवाल प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख, सरोज सिंह प्रधान संघ संरक्षक, अन्नु खन्ना, मंजू गुप्ता,मंडल अध्यक्ष हेमंत बर्मा संजय जयसवाल प्रमुख प्रतिनिधि रिसिया आदि उपस्थित रहे।

**बयान**

## योजनाओं को लोगों तक पहुंचने में स्वयं सहायता समूह की होती है बड़ी भूमिका: डॉ. अभिषाला वर्मा

# शक्ति सम्मान समारोह में एसएचजी व एनजीओ की महिलाएं सम्मानित

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



मंगलवार को विकास खंड मिहींपुरवा के ब्लॉक सभागार में शक्ति वंदन अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की महिलाओं का शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ महिलाओं को सामाजिक रूप से सशक्त होना भी होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ से जुड़ी हुई हैं महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वालंबी बनाने के लिए सरकार की ओर से अनेकों प्रयास किया जा रहे हैं योगी सरकार ने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं भाजपा सरकार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जो सम्मान मिल रहा है वह अन्य किसी भी सरकार में नहीं मिला है। समारोह को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष डॉ अभिलाष वर्मा ने कहा कि की सरकार की मुद्रा लोन जनधन योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, तीन तलाक, लखपति दीदी ड्रोन दीदी समेत तमाम योजनाओं ने महिलाओं को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं महिलाओं को अपनी क्षमता पहचानने और उसको उजागर करने की जरूरत है। डबल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में एनजीओ एवं महिला स्वयं सहायता समूह की बड़ी भूमिका होती है।जिला महामंत्री उर्मिला शुक्ला ने कहा कि जिले में कई एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सरकार की योजनाओं का फायदा उठाकर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन रही हैं। जिले में बड़ी संख्या में महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं।

शक्ति वंदन कार्यक्रम से महिलाओं से सीधा संवाद करने का अवसर मिल रहा है केंद्र की मोदी सरकार को तीसरी बार देश की कमान दिलाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका होने वाली है। शक्ति सम्मान समारोह में स्वयं सहायता समूह समेत एनजीओ की 200 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# स्वास्थ्य शिविर में 168 मरीजों ने उठाए लाभ

**सास- बेटा - बहु सम्मेलन आयोजित, दो दंपतियों को दी गई शगुन किट**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क़िलाबाज़ार द्वारा नगर के अहियापुर स्थित जूनियर प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एवं सास - बेटा - बहू सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन सभासद गुड़िया सोनकर ने किया।

इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषि सिंह के नेतृत्व मे स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर में लगभग 168 मरीजों का जांच कर दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही 36 आयुष्मान कार्ड बनाये। इस मौके पर सास-बेटा-बहू सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें नव विवाहित दंपति, एक वर्ष के अंदर उच्च जोखिम वाली गर्भवती, परिवार नियोजन का कोई साधन नहीं अपनाने वाले दंपति, तीन या उससे ज्यादा बच्चों वाले दंपति, ऐसे आदर्श दंपति जिनका पहला बच्चा विवाह के दो वर्ष बाद हुआ हो ,दूसरे बच्चे में कम से कम तीन वर्ष का अंतराल रखने वाले आदर्श दंपतियों ने शामिल होकर अपने अनुभव साझा किए। दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन का स्थाई साधन अपनाने वाले और कोई साधन न अपनाने वाले दंपतियों ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने अनुभव साझा किए।

इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सास-बेटा-बहू सम्मेलन का उद्देश्य सास-बहू और बेटा के मध्य समन्वय और संवाद के माध्यम से परिवार नियोजन को लेकर बेहतर माहौल बनाना है जिससे वह प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति अपनी अवधारणाओं, व्यवहार एवं विश्वास में बदलाव ला सकें। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश मामलों में देखा गया है कि परिवार नियोजन को लेकर पुरुष का निर्णय सर्वोपरि होता है। इसलिए इस आयोजन में पुरुष की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बेटे का प्रतिभाग करना आवश्यक है।

जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पांडेय द्वारा बताया गया कि शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम में शहरी गरीबों को ध्यान में रखकर उनके घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वस्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

जिसके अंतर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आउटरीच गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं साथ ही शहरी आशा कार्यकर्ता के द्वारा भी स्वास्थ्य सेवाएं घर - घर जाकर उपलब्ध कराई जा रही हैं कार्यक्रम के दौरान दो नव विवाहित दंपति को शगुन किट भेंट की गईं। आदर्श सास बहू बेटा को पुरस्कृत किया गया।

# क्षेत्रीय लेखपाल पर लगा जमीन कब्जा करवाने का आरोप

**पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




मेलखा साहब ग्राम के रहने वाले पीड़ित ने पूर्वजों की जमीन पर लेखपाल व हलके के सिपाही पर लगाया कब्जा करवाने का आरोप आपको बता दे कि मंगलवार को रायबरेली जनपद के जगतपुर थाना व ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिल्खा साहब के रहने वाले एक पीड़ित ने अपने परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पूर्वजों की जमीन पर क्षेत्रीय लेखपाल व हल्का की सिपाहियों द्वारा जबरन दूसरे को कब्जा करवाया जा रहा है।

जिसको लेकर मामले का शिकायती पत्र संबंधित ऊंचाहार तहसील व थाने में दिया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई लेखपाल व पुलिस द्वारा की जा रही तानाशाही व मनमानी को लेकर पीड़ित ने पूरे परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है और न्याय की गुहार लगाई है।

# मुआवजा न दिए जाने को लेकर डीएम कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

**एनएचएई के खिलाफ ग्रामीणों ने लगाए मुर्दाबाद के नारे**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




रायबरेली में भारतीय राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण विभाग के खिलाफ मुआवजा न दिए जाने को लेकर डीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए और डीएम से मुआवजा दिलाने की मांग की गई आपको बता दे कि मंगलवार को रायबरेली जनपद के सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक राही के मोहम्मदपुर कुचरिया गांव के रहने वाले सैकड़ो ग्रामीणों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर भारतीय राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए ग्रामीणों ने कहा है कि प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा जबरन उनके मकान दुकान व अन्य सामान बिना किसी नोटिस हुआ बिना मुआवजा दिए ही गिराया जा रहा है जिसको लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया गया लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है भारतीय राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।



# पुलिस कार्यवाही न होने से की एसपी से शिकायत

**रायबरेली।** रायबरेली में एक पीड़ित ने अपने पूरे परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर थाने के क्षेत्रीय दरोगा व सिपाहियों पर बैटरी चोरी के मामले में कार्यवाही न किए जाने को लेकर एसपी से शिकायत की है और कार्यवाही की मांग की है। आपको बता दे कि मंगलवार रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हरदासपुर के रहने वाले एक पीड़ित ने अपने पूरे परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते दिनों उसके 2 ई-रिक्शा की बैटरियाँ चोरी हो गई थी। जिसको लेकर पीड़ित ने मामले का शिकायती पत्र मिल एरिया थाने में दिया गया लेकिन मिल एरिया थाने के क्षेत्रीय दरोगा व सिपाही द्वारा चोरी के मामले में किसी तरह की कोई कार्यवाही न किए जाने को लेकर पीड़ितों ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है और चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई, जिसमें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के कुल 669 आवेदन पत्रों का अनुमोदन किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा से कहा कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप (प्रवर्तकता) योजना के पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन करते हुए अवशेष आवेदन पत्रों को नियमानुसार शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पीड़ित ने लगाई पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

पीड़ित ने लगाई पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार । प्रार्थी शिव भोला साहू निवासी पहरेमऊ चौराहा थाना महराजगंज जिला रायबरेली ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र रजिस्ट्री और ऑनलाइन करते हुए बताया की प्रार्थी का पड़ोसी सत्यनारायण साहू के साथ जमीन का विवाद है।

जिसके क्रम में विपक्षी सत्यनारायण पुत्र बुद्धू द्वारा जबरदस्ती घर के दरवाजे के सामने दीवार उठाई जा रही है जिसका प्रार्थी द्वारा विरोध किया गया तो विपक्षी सत्यनारायण द्वारा 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई पुलिस द्वारा मौके पर मुआयना किया गया और जरिए सुलहनामा या लिखित कहा गया कि आप लोग अपनी अपनी जमीन नपवाकर तब उचित निर्माण करेंगे किंतु दिनांक 12/ 2/ 2024 को पुनः विपक्षीगण सत्यनारायण व उनकी पत्नी वह लड़का शुभम साहू अन्य लोगों द्वारा जबरदस्ती गाली गलौज करते हुए प्रार्थी के दरवाजे पर दीवार खड़ी कर रहे हैं एवं झूठी सूचना स्थानीय पुलिस को सूचना देकर मेरे पुत्र सीताराम को थाना महराजगंज पुलिस द्वारा बंद कर दिया गया प्रार्थी शिव भोला साहू ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कहा कि गुण दोष ऋत्य के आधार पर अभियुक्त बनाएं अपने पद का दुरुपयोग ना करें प्रार्थी न्याय मांगने आया है।

प्रार्थी की बात ना सुनकर न्याय से वंचित कर दिया गया है जो वर्तमान शासकीय व्यवस्था से परे है अतः प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उचित जांच एवं अनैतिक रूप से गलत कार्य में सहयोग कर रहे व्यक्ति की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें।

## खबरें एक नजर में

### ऑपरेशन कनविक्शन का दिख रहा असर

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत रायबरेली पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित अभियुक्त के दोष सिद्ध पाए जाने पर सीजेएम कोर्ट द्वारा मंगलवार 12 फरवरी को अभियुक्त को आर्थिक दंड से दंडित करते हुए सजा सुनाई गई पुलिस के मुताबिक थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुकदमा 636 / 2015 धारा 392 भादवि में दोष सिद्ध पाए जाने पर मंगलवार को सीजेएम कोर्ट रायबरेली द्वारा अभियुक्त जीवन कुमार पुत्र बुद्धू सिंह निवासी अमरगढ़ थाना झिंझाना जनपद शामली को 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 3 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया जिसमें अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री गंगा शरण व कोर्ट मोहर्रिर मुख्य आरक्षी अवध नारायण एवं आरक्षी राहुल सिंह तथा थाना कोतवाली नगर से पैरोकार मुकुल कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### विधायक ने गोशाला का किया लोकार्पण

**उन्नाव।** विकासखंड बीघापुर की ग्राम पंचायत करमी में विधायक आशुतोष शुक्ला ने अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर गोवंशों को हरा चारा खिलाते हुए विधायक ने कहा कि विधानसभा चुनाव में उन्होंने किसानों से वादा किया था कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में आश्रय स्थल का निर्माण करायेंगे जिससे किसानों की फसल सुरक्षित रहे। इसे पूरा करने के लिए चरणबद्ध ढंग से निर्माण कार्य चल रहा है। प्रदेश सरकार गोवंश के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास कर रही। खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी ने क्षेत्रीय विधायक का स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान रामचरण, मनरेगा टीए विष्णु कुमार, सुधीर श्रीवास्तव हंसराज मौजूद रहे।

### सदस्य बाल अधिकार आयोग ने बच्चों से जाना हाल




**उन्नाव।** सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ बीघापुर के उच्चतर प्राथमिक विद्यालय आकर बच्चों का हाल जाना। तहसील बीघापुर के अंतर्गत उच्चतर प्राथमिक विद्यालय पिठाईखेड़ा में आज सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ श्याम प्रसाद त्रिपाठी ने आकर विद्यालय के नौनिहालों से मिलकर उनका हाल जाना तथा शिक्षण व्यवस्था को भी परखा तथा विज्ञान और साथ ही साथ छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल को भी देखा। विद्यालय के छात्र अमित द्वारा श्याम प्रसाद त्रिपाठी के समक्ष शिव तांडव स्तोत्र प्रस्तुत किया। श्री त्रिपाठी ने नौनिहालों व अध्यापकों की सरहाना करते हुए कहा कि समस्त विद्यालय परिवार को मेरी जहां कहीं भी आवश्यकता पड़े, आप मुझसे कह सकते हैं मैं आप लोगो की उम्मीदो पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया काला दिवस

**देश की सुरक्षा में संलग्न एवम शहीद सैनिकों के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए: प्रधानाचार्य**

**लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




नगर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शैक्षणिक संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 44 जवानों की स्मृति में पुलवामा काला दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात् विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं व बच्चों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने वक्तव्य में कहा की देश की सुरक्षा में संलग्न एवम शहीद सैनिकों के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए। उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा देश के सरहद पर तैनात सैनिकों की वीरता, शौर्य और पराक्रम के विषय में छात्रों को अवगत कराया गया तथा देश के सैनिकों के महत्व को समझाया गया।

तत्पश्चात प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवम बच्चों द्वारा पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों को अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्लोगन, पोस्टर,गीतों के माध्यम से शहीदों को याद किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थीगण,शिक्षक-शिक्षिकाएं एवम शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में वृद्ध बुआ व भतीजे की मौत

**बछरांवा, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर बछरावां कस्बे के अंतर्गत कूटी चौराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन होने के कारण सड़क पर जाम लगा रहता है। जिसके कारण आज एक अज्ञात ट्रक ने वृद्ध महिला व एक युवक को कुचल दिया। मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवगढ़ की ओर से आ रहे ट्रक ने रामकली पत्नी साहब दीन उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी राती थाना निगोंहा व रूपेश पुत्र कल्लू उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली को कुचल दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस भीषण मार्ग दुर्घटना की जानकारी राहगीरों ने बछरावां पुलिस को दी। बछरावां पुलिस में एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक गणनायक पांडे ने परीक्षण के उपरांत उन्हे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में संवाददाता ने जब बछरावां कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा हैद्य दुर्घटना की सूचना पारिवारिक जनों को दे दी गई है, और ट्रक को पकड़ लिया गया है, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया है, साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगीद्य ट्रक को पकड़ने में पीआरबी 1748 की अहम भूमिका रही, जिसमें पायलट एच जी धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, कमाण्डर का. राहुल यादव, सब कमाण्डर संजय यादव मौजूद रहे।

# अभिनव सिंह ने जेईई मेन परीक्षा में लहराया परचम

**सरेनी,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



विकास खण्ड के ग्राम रामपुर कला के सपूत शिवप्रकाश सिंह के नाती व वीरेंद्र कुमार,अर्चना सिंह के पुत्र अभिनव सिंह ने जेईई मेन परीक्षा में राजस्थान में 99.6655 परसेंट अंक पाकर समूचे परिवार के साथ साथ पूरे जनपद का नाम रोशन किया है।जैसे ही आज जेईई मेन 2024 जनवरी अटेम्प्ट परीक्षा का परिणाम पूरे देश का आया वैसे ही अभिवन का भी परिणाम उनके पिता ने सोशल मीडिया में साझा किया वैसे ही उनको फोन द्वारा बधाइयां प्राप्त होने लगी।अभिनव ने एलबीएस कोटा राजस्थान से ही इंटर मीडिएट की परीक्षा पास की।सभी जेईई मेन परीक्षा के परिणाम के बाद अभिनव की इस कामयाबी पर बहुत खुश है माता अर्चना सिंह ने कहा कि हमारे साथ साथ अभिनव ने समूचे जनपद का सीना गर्व से ऊंचा किया है,आज का समय कम्पटीशन युग है ऐसे में राजस्थान में 99.6655 परसेंट को हासिल करना बड़े ही गर्व की बात है।

## रोटावेटर में फंसकर किसान की मौत

**उन्नाव।** जुताई के दौरान खेत में ही घास काट रहे किसान पर ट्रैक्टर चढ़ जाने से वह रोटावेटर में फंस गया जिससे किसान की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के खोखापुर निवासी किसान बंदी (50) पुत्र सत्ती गांव के ही विकास के खेत में घास काट रहा था उसी समय गांव के ही दिनेश के ट्रैक्टर से खेत की जुताई की जा रही थी। अचानक किसान के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ गया और वह रोटावेटर में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक उसे उपचार के लिए कही ले जाया जाता तब तक वृद्ध किसान ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव विच्छेदन गृह भेज दिया।

# सूचनाएं न देने पर आयोग ने बीएसए पर ठोका 25 हजार का अर्थदण्ड

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

बांगरमऊ के एक विद्यालय में हुई प्रधानाध्यापक व शिक्षको की नियुक्तियों के सम्बन्ध में मांगी गई सूचनाएं न देने पर राज्य सूचना आयोग ने अपील को निस्तारित करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया है।

ज्ञात हो कि शिक्षिका ज्योति तिवारी ने बांके बिहारी जूनियर स्कूल बांगरमऊ में प्रधानाध्यापक व शिक्षको की नियुक्ति के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव से सूचनाएं मांगी थी। वांछित सूचनाएं न मिलने पर उन्होंने राज्य सूचना आयोग में अपील की थी। सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि शिक्षिका ने जो सूचनाएं मांगी थी वह उसे अपूर्ण दी गई थी। जिसपर राज्य सूचना आयोग के आयुक्त हर्षवर्धन शाही ने सुनवाई करते हुए सचेत किया था कि 5 फरवरी तक शपथपत्र पर सूचनाएं उपलब्ध करा दी जाए अन्यथा जनसूचना अधिकारी के विरुद्ध 250 रुपये प्रतिदिन के अनुसार जुर्माना लगाया जा जाएगा जो अधिकतम 25 हजार तक होगा। निर्धारित अवधि में सूचनाएं न देने पर जनसूचना अधिकारी/बीएसए को आदेश का अनुपालन न करने के लिये दोषी मानते हुए आयोग ने आदेश पारित करते हुए कहा कि 25 हजार रुपये बीएसए के वेतन से वसूला जाए।

## ट्रैक्टर खन्ती में गिरने से किसान की मौत

**उन्नाव।** ट्रैक्टर से पुआल काटकर घर जाते समय अनियंत्रित ट्रैक्टर मशीन के साथ गहरी खाई में जा गिरा जिसमें दबकर किसान चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के हसनखेड़ा गांव निवासी शैलेन्द्र 35 पुत्र गजराज बगल के गांव नकोटनपुर में अपनी मशीन से पैरा काटने के लिए गया था। जो चारा काटकर घर वापस आ रहा था अभी वह हसनखेड़ा गांव के निकट पहुंचा ही था कि तभी अचानक चालक ने टैक्टर से अपना नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित ट्रैक्टर मशीन समेत लगभग दस फिट गहरी खंती में जा गिरा मौत की खबर सुनकर परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक की लगभग दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी जिसकी एक वर्षीय पुत्री सृष्टि है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 298 जोड़ों का हुआ विवाह

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बिसगवां मैदान,खीरो रायबरेली में 298 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इन जोड़ो का उनके धार्मिक रीतिरिवाजों से विवाह कराया गया। विवाह के उपरांत जोड़ों को आशीर्वाद और नया जीवन शुरू करने हेतु घरेलू सामान भी दिया गया। इस कार्यक्रम में हरचंदपुर से 28, लालगंज 3, सरेनी 6, बछरावां 102, महाराजगंज 43,शिवगढ़ 82 ,न0 प0 बछरावां 4, न0प0 महाराजगंज 1 और न0 प0 शिवगढ़ से 6 जोड़े पवित्र वैवाहिक बंधन में बंध गए। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस विवाह का उद्देश्य वैवाहिक कार्यक्रमो में होने वाले फिजूलखर्ची को रोकना है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों जिनकी वार्षिक आय दो लाख से कम है उनके पुत्र और पुत्रियों का गरिमामय तरीके से विवाह संपन्न करना है। उन्होंने बताया कि इसमें विधवा और तलाकशुदा जोड़ों को भी शामिल किया जाता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत दुल्हन को पैंतीस हजार रुपए प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

**बयान** — **तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी : कोतवाली प्रभारी**

# तीन अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन जख्मी, एक की मौत

**बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते सोमवार की देर शाम रही हादसो के नाम, जहां तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए, वहीं एक की मौके पर ही मौत हो गई जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि पहली घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महराजगंज मार्ग पर हरदोई गाँव के पास की है, जहां शारदा नहर के पुल पर मोटरसाइकिल सवार शिव शंकर को एक अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वही कार सवार मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित पीठन गांव के पास की है, जहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, लेकिन उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वहीं तीसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत देर रात बछरावां मौरावा मार्ग पर छोटकवा खेड़ा गांव के पास की है।

जहां दिहाड़ी मजदूरी कर स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मदारखेड़ा मजरे नीवा गांव निवासी रामसनेही उम्र 26 वर्ष देर रात अपने घर वापस आ रहा था कि उसे एक अज्ञात डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई तीनों घटनाओं के संबंध में प्रभारी चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने बताया कि उक्त घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वही एक युवक की मौत हो गई है इस बाबत कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि उक्त घटनाओं की जानकारी प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा प्रत्याशियों का राज्यसभा में निर्वाचित होना तय

उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की रिक्त हुई इस सीटों के लिए बीजेपी और समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी तय कर लिये हैं। भाजपा ने राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य और यूपी सरकार में मंत्री रहे व कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए आरपीएन सिंह, भाजपा के आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यूपी विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या देखते हुए भाजपा के सभी प्रत्याशियों का राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होना तय है। बात जातीय गणित की कि जाये तो बीजेपी ने जातीय समीकरण साधने के लिए एक ब्राह्मण, एक वैश्य, एक ठाकुर और चार पिछड़ों (कुर्मी, मौर्य, जाट व बिंद) को प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी प्रत्याशी 14 फरवरी वसंत पंचमी के दिन नामांकन कर सकते हैं। बात समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की कि जाये तो सूत्रों के अनुसार समाजवादी पार्टी अपनी तेजतर्रार राज्यसभा सदस्य रहीं जया बच्चन को फिर से राज्यसभा में भेज सकती है। इसके अलावा सपा के राष्ट्रीय महासचिव व मैनपुरी के पूर्व सांसद रहे सलीम शेरवानी व मैनपुरी के पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को भी प्रत्याशी बनाये जाने की चर्चा तेज है। वैसे सपा के दो उम्मीदवारों के ही आसानी से जीत की संभावनाएं बताई जा रही हैं। 15 फरवरी को नामांकन का अंतिम दिन है। गौरतलब है कि राज्यसभा की खाली हो रही 10 सीटों में 9 भाजपा और एक सपा के पास हैं। जो ताजा समीकरण बन रहा है उससे बीजेपी का 07 सीटों पर जीतना तय माना जा रहा है। वहीं दो सीटों पर सपा की जीत निश्चित मानी जा रही है। एक सीट का पेंच फंसा है। बीजेपी इसे भी अपनी जेब में डालना चाहती है। राष्ट्रीय लोकदल के बीजेपी के साथ आने के बाद बीजेपी के लिये आठवीं सीट पर जीत की लड़ाई काफी आसान हो गई है। पिछले दो दिनों से रालोद के बीजेपी के साथ जाने को लेकर चर्चाएं तेज थीं। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद तो अब रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी कहने लगे हैं कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने के बाद अब बीजेपी को कैसे मना किया जा सकता है। कल तक जयंत चौधरी या रालोद की ओर से इस चर्चा का कोई समर्थन या खंडन नहीं किया गया था, लेकिन अब जयंत की भाषा बिल्कुल बदल गई है। जयंत के पाला बदलने से यूपी में 10 सीटों पर हो रहे राज्यसभा चुनाव का भी गणित बदलता दिख रहा है। राज्य सभा चुनाव के लिए विधानसभा के सदस्य वोटर होते हैं। इस समय विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 399 है। राज्यसभा में निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम वोट का जो फॉर्मूला है उसके हिसाब से इस बार एक सीट जीतने के लिए 37 विधायक की जरूरत होगी। मौजूदा स्थिति में भाजपा गठबंधन 7 और सपा गठबंधन 3 सीटें आसानी से जीतने की स्थिति में है, लेकिन यह तभी संभव था, जब रालोद का सपा के साथ गठबंधन बरकरार रहता। एनडीए के पास इस समय सहयोगियों को मिला कर 277 वोट हैं। ऐसे में 37 का कोटा सबको आवंटित करने के बाद उसके पास 18 वोट अतिरिक्त बचेंगे। जनसत्ता दल उच्च सदन के चुनाव में अब तक भाजपा के ही साथ रहा है। इनके 2 वोट भी सत्ता पक्ष के साथ जाने तय हैं। भाजपा के पास 20 अतिरिक्त वोट होंगे। विपक्षी गठबंधन के पास मौजूदा संख्या 119 विधायकों की है। कोटा आवंटित करने के बाद भी इस समय उनके पास 6 अतिरिक्त विधायक बचेंगे। रालोद एनडीए के पाले में जाता है तो सपा गठबंधन के पास विधायकों की संख्या घटकर 110 हो जाएगी। सपा को अपना तीसरा उम्मीदवार जिताने के लिए 1 और विधायक की जरूरत होगी, जिसे तलाशना आसान नहीं तो मुश्किल भी नहीं होगा।

**आज प्रधानमंत्री मोदी की सफल विदेश नीति का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। देश किस तेजी से बदल रहा है, यह जानने के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्र नेता शेहला रशीद के उस बयान को देखना होगा। वो एक दौर में देश विरोधी शक्तियों के साथ जुड़ी हुई थीं। उन्होंने भी नौसैनिकों की रिहाई के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मौत की सजा से घर वापसी तक यह भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है और इस तथ्य का प्रमाण है कि हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सक्षम हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी और विदेशमंत्री डॉ. जयशंकर ने फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। शांत रहें और विश्वास रखें। कतर से लौटे पूर्व नौसैनिकों के परिवार को बधाई। तो आप समझ गए होंगे कि किस तरह से देश बदल रहा है। दरअसल, कतर के दोहा के अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करने वाले भारतीय नौसेना के इन पूर्व जवानों को पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने राहत दी थी। अदालत ने तब अक्टूबर 2023 में इन्हें दी मौत की सजा को कम करते हुए 3 साल से लेकर 25 साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी।**

# कतर से भारतीय नौसैनिकों रिहाई, रंग लाई भारतीय कूटनीति

आर.के. सिन्हा



**रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल स्टूडेंट यूक्रेन में फंस गए थे। उन्हें भारत सरकार सुरक्षित स्वेदश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे। वे वहां पर मेडिकल,डेंटल, नर्सिंग और दूसरे पेशेवर कोर्स कर रहे थे। ये रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए वहां से निकल कर स्वदेश आना चाहते थे। पहले तो किसी को समझ ही नहीं आ रहा था कि इतनी अधिक संख्या में यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे शहरों में पढ़ रहे भारतीय नौजवानों को स्वदेश कैसा लाया जाएगा। पर इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है। पिछले साल अफ्रीकी देश सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां हालात बद से बदतर हो गए थे।**

कतर की जेल में बंद भारतीय नौसैनिकों की 18 महीने बाद जेल से रिहाई की सोमवार को जैसे ही खबर आई तो सारा देश ही झूम उठा। कुछ समय पहले इन अधिकारियों की मौत की सजा को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा में बदल दिया गया था। तब देश को कम से कम यह संतोष तो था कि चलो हमारे नागरिकों की जान तो बच गई, पर देश यह भी प्रार्थना कर रहा था कि कतर की जेल में बंद भारतीय नागरिक रिहा होकर सकुशल देश वापस आ जाएं। बेशक, इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी सफलता ही माना जाएगा कि कतर से फांसी की सजा घोषित हुए नागरिकों की रिहाई हो गई। वे सभी सकुशल और ससम्मान जनक तरीके से भारत की धरती पर वापस लौट आए।

भारत की कुशल विदेश नीति को सारे संसार ने देखा और दांतों तले उंगलियाँ दबाकर आश्चर्य से देखते ही रह गये । अमूमन अरब देशों के शेख सामान्य तौर पर जासूसी के आरोप में सजा प्राप्त लोगों की सजा माफ नहीं करता केन्द्र में मोदी सरकार के 2014 में गठन के बाद से भारत के अरब देशों के साथ संबंध लगातार सुधर रहे हैं। उसी के सार्थक परिणाम को भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और घरवापसी के रूप में देखा जाना चाहिए। अब अबू धाबी में सनातन संस्कृति का भव्य मंदिर भी दुनिया देखेगी। अगर मोदी जी नहीं होते तो हम हिंदुस्तान की सरजमीं पर आज नहीं खड़े हो पाते। अपनी रिहाई से खुश एक नौसैनिक ने भारत आने पर भारत मां की जय बोलते हुए कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी ने खुद हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आज हमारी रिहाई संभव नहीं थी। यह बड़ी उपलब्धि भारत के शक्तिशाली नेतृत्व का प्रभाव प्रमाण है। यह कूटनीतिक जीत 140 करोड़ देशवासियों की जीत है।

आज प्रधानमंत्री मोदी की सफल विदेश नीति का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। देश किस तेजी से बदल रहा है, यह जानने के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्र नेता शेहला रशीद के उस बयान को देखना होगा। वो एक दौर में देश विरोधी शक्तियों के साथ जुड़ी हुई थीं। उन्होंने भी नौसैनिकों की रिहाई के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मौत की सजा से घर वापसी तक यह भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है और इस तथ्य का प्रमाण है कि हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सक्षम हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। शांत रहें और विश्वास रखें। कतर से लौटे पूर्व नौसैनिकों के परिवार को बधाई। तो आप समझ गए होंगे कि किस तरह से देश बदल रहा है। दरअसल, कतर के दोहा के अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करने वाले भारतीय नौसेना के इन पूर्व जवानों को पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने राहत दी थी। अदालत ने तब अक्टूबर 2023 में इन्हें दी मौत की सजा को कम करते हुए 3 साल से लेकर 25 साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। कतर की जेल में बंद भारतीयों की रिहाई से साफ है कि अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं तो भारत सरकार हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती।

रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल स्टुडेंट यूक्रेन में फंस गए थे। उन्हें भारत सरकार सुरक्षित स्वेदश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे। वे वहां पर मेडिकल,डेंटल, नर्सिंग और दूसरे पेशेवर कोर्स कर रहे थे। ये रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए वहां से निकल कर स्वदेश आना चाहते थे। पहले तो किसी को समझ ही नहीं आ रहा था कि इतनी अधिक संख्या में यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे शहरों में पढ़ रहे भारतीय नौजवानों को स्वदेश कैसा लाया जाएगा। पर इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है। पिछले साल अफ्रीकी देश सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां हालात बद से बदतर हो गए थे। ऐसे में वहां फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर सारा देश चिंतित था। प्रधानमंत्री मोदी ने सूडान में फंसे भारतीयों को जल्द से जल्द निकासी के लिए विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दिए। मतलब सरकार एक्शन मोड में आ गई। कुछ ही हफ्तों में वहां से सारे के सारे भारतीय सुरक्षित वापस स्वदेश आ गए। अब अफगानिस्तान में गृहयुद्ध के दिनों को याद कर लें। भारतीय वायुसेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे। काबुल में जिस तरह के हालात बन गए थे उसमें सारे भारतीयों को लेकर आना कोई छोटी बात नहीं थी। इनको ताजिकिस्तान के रास्ते दिल्ली या देश के अन्य भागों में लाया जा रहा था। कुछ विमान कतर के रास्ते भी आ रहे थे। भारत के अफगानिस्तान में दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट चल रहे थे, इनमें अफगानिस्तान को खड़ा करने के लिए भारत हर तरह की मदद भी कर रहा था। भारत के हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट भी इस अशांत माहौल में फंस गए । इनसे हजारों भारतीय जुड़े हुए थे। इन्हीं भारतीयों को निकाला जा रहा था। भारत की तरफ से अफगानिस्तान बांध से लेकर स्कूल, बिजली घर से लेकर सड़कें, काबुल की संसद से लेकर पावर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और हेल्थ सेक्टर समेत न जाने कितनी परियोजनाओं को तैयार किया जा रहा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अधिकारियों को अफगानिस्तान से देश के नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने और वहां से भारत आने के इच्छुक सिखों और हिंदुओं को शरण देने के निर्देश भी दे दिये। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के नियंत्रण के बाद भारत सरकार सक्रिय हो गई थी। आप कह सकते हैं कि अब विदेश मंत्रालय हमेशा सक्रिय रहता है। अगर संकट भारत से बाहर रहने वाले भारतीयों पर आता है तो फिर इसके काम करने की गति कई गुना बढ़ जाती है।

## विचार

# कठोर कानून बनाने में विधायिका की मंशा को बनाया आधार

के रवीन्द्रन

**ध्यान रहे कि सामान्य दंडात्मक अपराधों के मामले में न्यायशास्त्र में पारंपरिक विचार यह है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। इसलिए अदालतों के विवेक को अक्सर इस उद्धृत वाक्यांश के पक्ष में झुकना चाहिए, जब तक कि जमानत न देने के लिए विशेष समुचित परिस्थितियां हों परन्तु यूएपीए के तहत मामलों में आरोपियों के जमानत आवेदनों से निपटने के दौरान इस विचार के लिए कोई जगह नहीं है, न्यायाधीश एमएम सुंदरेश और न्यायाधीश अरविंद कुमार की पीठ ने कहा। मामला खालिस्तानी आतंकी आंदोलन को बढ़ावा देने के आरोपी एक व्यक्ति की जमानत याचिका से संबंधित है। लेकिन यह नियम स्थापित करते हुए कि यूएपीए के तहत जमानत को अनिवार्य रूप से खारिज कर दिया जाना चाहिए।**

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत देने के मामले में सामान्य मानदंड के विपरीत एक फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया है कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी सामान्यतरू जमानत पाने के हकदार नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यूएपीए के आरोपियों को केवल असाधारण मामलों में ही छूट दी जानी चाहिए। न्यायालय ने आगे कहा कि मामले की सुनवाई में देरी जमानत देने का कोई आधार नहीं है।

ध्यान रहे कि सामान्य दंडात्मक अपराधों के मामले में न्यायशास्त्र में पारंपरिक विचार यह है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। इसलिए अदालतों के विवेक को अक्सर इस उद्धृत वाक्यांश के पक्ष में झुकना चाहिए, जब तक कि जमानत न देने के लिए विशेष समुचित परिस्थितियां हों परन्तु यूएपीए के तहत मामलों में आरोपियों के जमानत आवेदनों से निपटने के दौरान इस विचार के लिए कोई जगह नहीं है, न्यायाधीश एमएम सुंदरेश और न्यायाधीश अरविंद कुमार की पीठ ने कहा। मामला खालिस्तानी आतंकी आंदोलन को बढ़ावा देने के आरोपी एक व्यक्ति की जमानत याचिका से संबंधित है। लेकिन यह नियम स्थापित करते हुए कि यूएपीए के तहत जमानत को अनिवार्य रूप से खारिज कर दिया जाना चाहिए, अदालत ने अधिनियम के तहत जमानत आवेदनों से निपटने के दौरान लागू होने वाले दो-आयामी परीक्षण की व्यवस्था की। इनमें यह भी शामिल है कि जमानत खारिज करने का परीक्षण संतोषजनक है या नहीं। इस संदर्भ में, अदालत ने यूएपीए की विशेष धारा का विश्लेषण किया, जो सीआरपीसी के तहत निर्धारित अपराधों के अलावा, अधिनियम के अध्याय 4 और 6 के तहत अपराधों के आरोपी व्यक्ति को जमानत देने पर प्रतिबंध लगाता है। सर्वोच्च न्यायालय का यह कठोर निर्णय यूएपीए जैसे कानून को बनाते समय विधायिका की मंशा पर अपने तर्क को आधारित करता है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना है। अदालत ने कहा कि यूएपीए लागू करते समय विधायिका का इरादा जेल को नियम और जमानत को अपवाद बनाना था।

इसमें कहा गया है कि यूएपीए के तहत जमानत देने की सामान्य शक्तिका प्रयोग दायरे में श्गंभीर रूप से प्रतिबंधात्मक है, तथा अदालतों को रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के आधार पर रिहाई के मामले में श्मजबूत संदेहश् की तुलना में केवल प्रथम दृष्ट्या संतुष्टि पर पहुंचने की आवश्यकता होती है। यह फैसला, हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से है, उन हजारों विचाराधीन कैदियों के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है जो जमानत हासिल करने में असमर्थता के कारण जेलों में बंद हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इनमें से बड़ी संख्या में लोग कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों से संबंधित हैं, जो पहले से ही गंभीर स्थिति में अन्याय की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हैं। आतंकवाद और गैरकानूनी गतिविधियों से निपटने के लिए अधिनियमित यूएपीए की अक्सर इसके कड़े प्रावधानों के लिए आलोचना की गई है, जिसके कारण बिना मुकदमे के लंबे समय तक हिरासत में रखा जा सकता है। हालिया फैसला, जो यूएपीए मामलों में जमानत के दायरे को सीमित करता है, भारतीय जेलों में विचाराधीन कैदियों की पहले से ही चिंताजनक स्थिति को और खराब करने की क्षमता रखता है। लंबे समय तक हिरासत का सामना करने वाले इन व्यक्तियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हाशिए पर रहने वाले समुदायों और धार्मिक अल्पसंख्यकों से है। जमानत हासिल करने में असमर्थता न केवल उन्हें स्वतंत्रता के उनके मौलिक अधिकार से वंचित करती है बल्कि प्रणालीगत असमानताओं को भी कायम रखती है। यह समझना आवश्यक है कि ऐसे कानूनी निर्णयों का उन लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है जो पहले से ही समाज में हाशिये पर हैं। इन विचाराधीन कैदियों की दुर्दशा कानूनी और न्यायिक प्रणाली में व्यापक बदलाव की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, कानूनी सहायता उन लोगों को आसानी से उपलब्ध कराई जानी चाहिए जो इसे वहन नहीं कर सकते। सक्षम कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुंच एक मौलिक अधिकार है और एक निष्पक्ष और उचित कानूनी प्रणाली की आधारशिला है। सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना, सभी के लिए कानूनी सहायता सुनिश्चित करके, हम न्याय प्रणाली में वर्तमान में मौजूद असमानताओं को कम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जमानत हासिल करने का वित्तीय बोझ अक्सर कई विचाराधीन कैदियों के लिए एक बड़ी बाधा बन जाता है। राज्य को उन लोगों के लिए वित्तीय सहायता की एक मजबूत प्रणाली लागू करके इस मुद्दे के समाधान के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए जो खुद को कानूनी चक्रव्यूह में फंसा हुआ पाते हैं। एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को किसी व्यक्ति को उसकी वित्तीय हैसियत के आधार पर ही उसे न्याय तक पहुंच निर्धारित करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। न्याय के संरक्षक के रूप में सर्वोच्च न्यायालय को इस अवसर का उपयोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए करना चाहिए बल्कि कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी करना चाहिए। न्याय के सिद्धांतों को बनाये रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि निर्दोष जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, सुरक्षा चिंताओं और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है।

# विदाई 17वीं लोकसभा की या संसदीय व्यवस्था की

राजेंद्र शर्मा



संसदीय जनतांत्रिक व्यवस्था में अगर कार्यपालिका या सत्ताधारी, संसद पर अपनी मनमर्जी थोपने में समर्थ हो, तो इसे संसदीय व्यवस्था का अंत ही माना जाना चाहिए। इसके बाद, संसदीय व्यवस्था का सिर्फ खोल ही बचा रह जाएगा, उसके प्राण निकल चुके होंगे। अभी हाल ही में जिस सत्रहवीं लोकसभा की विदाई का कर्मकांड संपन्न हुआ है, उसे संसदीय व्यवस्था की ही विदाई के लिए भी याद किया जाएगा।

जाहिर है कि यह संसद पर सत्ताधारियों की मनमर्जी थोपे जाने का ही सबूत था कि संसद के इस संक्षिप्त बजट सत्र को ऐन आखिरी दिन निर्णय कर, एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया। पर सत्ताधारियों की मनमर्जी सत्र के एक दिन बढ़ाए जाने तक सीमित नहीं थी। असली मनमर्जी इसे आखिरी वक्त तक एक श्रहस्यश् ही बनाकर रखे जाने में थी कि इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर, संसद में होगा क्या? और इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर संसद में जो हुआ, उससे एजेंडा ही रहस्य बनाकर रखे जाने का कारण ही नहीं, इस एजेंडा के थोपे जाने का सरासर मनमानापन भी, खुद ब खुद उजागर हो गया। इस रोज एक तो दोनों सदनों में श्राम जन्म भूमि मंदिर के बनने पर प्रस्ताव पारित कराया गया। दूसरे, 17वीं लोकसभा के इस आखिरी सत्र का समापन प्रधानमंत्री मोदी के भाषण से कराया गया, जो एक प्रकार से आने वाले आम चुनाव के लिए, प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार की शुरूआत भी थी।वैसे यह पहला मौका नहीं था, जब सरकार द्वारा संसद पर इस तरह अपनी मनमर्जी थोपी जा रही थी। सत्रहवीं लोकसभा को अगर संसद के एक नये, विशालतर तथा कुछ अर्थों में भव्यतर भवन में स्थानांतरित होने के लिए याद किया जाएगा, तो उससे ज्यादा सत्ताधारियों की मनमर्जी थोपे जाने के नया नियम ही बना दिए जाने के लिए भी याद किया जाएगा।

वास्तव में संसद के हालिया सत्र के आखिरी दिन जिस तरह संसद को सत्ताधारियों के हुकुम का ताबेदार बनाया गया, उसकी विधिवत शुरूआत तो संसद के भवनांतरण के साथ ही हो गई थी। उस समय शासन के पूरी तरह से इकतरफा फैसले से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था और उस समय भी अंत-अंत तक इस सत्र का एजेंडा रहस्य के पर्दे में ही रखा गया था। विपक्ष के ही नहीं, खुद सत्ता पक्ष के भी अधिकांश सांसद, इसका अनुमान ही लगाते रह गए थे आखिर, विशेष सत्र में होगा क्या? आखिरकार, इस विशेष सत्र में पुराने संसद भवन की विदाई से लेकर, नये संसद भवन में प्रवेश तक, हर मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन का अवसर निर्मित करने के अलावा, महिला आरक्षण बिल पेश किया गया और पारित कराया गया।

लंबे इंतजार के बाद पारित हुआ यह बिल इसलिए भी ऐतिहासिक था कि इसके जरिए सत्ताधारी, महिला आरक्षण देने का राजनीतिक लाभ तो तत्काल लेना चाहते थे, लेकिन आरक्षण का कई साल आगे की तारीख का चौक दे रहे थे, जिसका भुगतान होने की भी कोई गारंटी नहीं थी।बेशक, सत्रहवीं लोकसभा के दौर में, कार्यपालिका के सामने संसद की स्वायत्तता के खात्मे और संसद पर सत्ताधारियों की ही मनमर्जी थोपे जाने का मामला, अपनी मर्जी से संसद का एजेंडा तय किए जाने तक ही सीमित नहीं रहा। इसी सिलसिले की अलग-अलग कड़ियों के तौर पर, इस दौर में संसद ने और भी बहुत कुछ देखा। इस दौर ने नये भवन में संसद में सुरक्षा सेंध के मुद्दे पर बहस की मांग करने के लिए, दोनों सदनों के लगभग डेढ़ सौ सदस्यों का शेष सत्र भर के लिए निलंबन देखा।



## राशिफल

**मेषः-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# राग-रंग और उत्सव का पर्व है वसंत पंचमी

रमेश सर्राफ धमोरा



**माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से वसंत ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास वसंत ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ वसंत में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गई है।**

देश में पतझड़ के बाद वसंत ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगे फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। उन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिए वसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है।

वसंत शब्द का अर्थ है वसंत और पंचमी का पांचवां दिन। इसलिये माघ महीने में जब वसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवें दिन यानी पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में वसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। वसंत उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है। है। उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है। सभी शुभ कार्यों के लिए वसंत पंचमी का दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। वसंत पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से वसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। वसंत पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग वसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मा सरस्वती कि वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं।

माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से वसंत ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास वसंत ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ वसंत में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गई है। वसंत पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है। वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं। वसंत पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वों पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है। चूंकि वसंत पंचमी का पर्व इतने शुभ समय में पड़ता है। अतः इस पर्व का स्वतः ही आध्यात्मिक, धार्मिक, वैदिक आदि सभी दृष्टियों से अति विशिष्ट महत्व परिलक्षित होता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने विष्णु जी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# सड़क हादसे में एक की मौत, छह घायल

▸ घायल भाई को लेकर बोलेरो से आ रहे थे जिला अस्पताल, सामने से आ रहे वाहन के डिपर न देने से हुआ हादसा



**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

सिसोलर थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी घायल बाइक सवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल जा रही बोलेरो मुंडेरा रोड़ पर बदनपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में घायल युवक के विवाहिता बहन की मौके पर मौत हो गई। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। और वहां से सभी कानपुर रेफर कर दिए गए हैं। वहीं पुलिस ने बहन का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

सिसोलर गांव निवासी हादसे में घायल भाई रामू (25) ने बताया कि सोमवार शाम करीब सात बजे उसका भाई सुनील कुमार (18) बाइक द्वारा बुढ़ई गांव से वापस घर लौट रहा था। तभी गांव के पास बाइक से गिरकर घायल हो गया था। जिसे बोलेरो गाड़ी से लेकर इलाज कराने जिला अस्पताल आ रहे थे। बताया कि इस दौरान उसके साथ उसकी बहन सुमन (35) पुत्री छोटेलाल कुशवाहा, सुनील वर्मा (16) पुत्र प्रहलाद, अखिलेश उर्फ सीपू (25) पुत्र हरिप्रसाद, कमलेश (23) पुत्र छोटेलाल, चालक बच्चा वर्मा (27) पुत्र मातादीन निवासी सुमेरपुर बोलेरो में सवार थे। बताया कि रात करीब नौ बजे सुमेरपुर थानाक्षेत्र के मुंडेरा रोड़ पर बदनपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक चालक ने डिपर नहीं दिया। जिसके चलते चालक ने गाड़ी अपनी साइड ज्यादा काट दी। जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई।

गहराई अधिक होने से तीन चार बार पलटते हुए खेत में जा गिरी। जिससे बहन सुमन की मौके पर मौत हो गई। जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिनको जिला अस्पताल से कानपुर के लिए रेफर किया गया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है। बताया कि उसके भी आंख, सिर व शरीर में गंभीर चोटें हैं।

# नदी में डूबे युवक का नहीं लगा सुराग, तलाश जारी

**कुरारा, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

बेतवा नदी नहाने गए चार दोस्त अचानक गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। आसपास मौजूद किसानों ने नाव के सहारे तीन युवकों को नदी में डूबने से बचा लिया। वहीं चौथे युवक की तलाश करते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। 48 घंटे गुजर जाने के बाद भी लापता युवक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस लगातार गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश में जुटी है।

**दोस्तो के साथ गये थे नदी में नहाने**

जनपद जालौन के उरई निवासी धीरेंद्र नामदेव (18) पुत्र मूलचंद्र कुरारा थानाक्षेत्र के बिंदपुरी गांव अपने दोस्त की ननिहाल एक कार्यक्रम में आया था। जो अपने साथी रंजीत (19) निवासी कुठौंदा, जलाराम (20) निवासी नूरपुर आटा व जीतू (19) निवासी नूरपुर के साथ मथुरा श्रीवास के यहां 11 फरवरी को आए थे। जो गांव आने के आधे घंटे बाद चारों दोस्त बेतवा नदी में नहाने निकल गए। जहां उनका साथी धीरेंद्र नदी में डूबने लगा तो एक दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी ने नदी में छलांग लगा दी। जहां सभी साथी डूबने लगे। तभी उनकी आवाज सुनकर पास ही में सब्जी की खेती करने वाले किसान रामपाल निषाद ने आनन फानन में नाव लेकर उनको बचाने पहुंचा। जहां उसने जलाराम, रंजीत व जीतू को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन धीरेंद्र गहरे पानी में जाने से उसको नहीं ढूंढ पाए। जिसकी तलाश पुलिस गोताखोरों की मदद से कर रही है। 48 घंटे बीत जाने के बाद भी लापता युवक का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

वहीं ग्रामीणों के मुताबिक गांव में नदी किनारे मौरम खंड चार में पिछले वर्ष मौरंग निकालने का कार्य होता रहा है। जिससे नदी में बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हैं। आशंका जताई कि इन्हीं गड्ढों में धीरेंद्र डूब गया है। ग्राम प्रधान अनिल कुमार अनुरागी ने बताया कि नदी में डूबने वाला धीरेंद्र अपने दोस्त की ननिहाल आया था। जो नदी नहाने गए थे। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में धीरेंद्र नदी में डूब गया। कहा कि गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि नदी में डूबे युवक की तलाश के लिए छह गोताखोर, तीन महाजाल, तीन नाविक व 15-20 गांव वालों की मदद से तलाश की जा रही है।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर डीएम व सीडीओ के प्रयासों की प्रगति को मिला स्थान



**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के प्रभावी कुशल निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह की देख रेख में महोबा जिले के विकास कार्यक्रमों से संबंधित, जिले में संचालित परियोजनाओं की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर माह जनवरी में प्रदेश की जारी हुई रैंक में महोबा मंडल में प्रथम एवम प्रदेश में छठे पायदान पर रहा है। जिले में संचालित अधिकांशतः परियोजनाओं को 10 में से 10 नंबर मिले हैं। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित कार्य जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय द्वारा निष्पादित किए जा रहे हैं।



## जिला मीडिया प्रभारी ने क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**पनवाड़ी, महोबा।** स्वर्गीय रामेश्वर दयाल क्रिकेट टूर्नामेंट स्टेडियम पनवाड़ी में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी राम लखन सोनी फीता काटकर एवं टॉस कर शुभारंभ कराया छतरपुर ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया दो विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाए दूसरी पारी ललितपुर 12 ओवर में 98 रन बना पाए इसी मौके पर आयोजन करता समाजसेवी राज नारायण उर्फ राजू मिश्रा उपाध्यक्ष अमन शर्मा कॉमेंटेटर सुनील नागयाज मुख्य अतिथि राम लखन सोनी भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी महोबा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पत्रकार बंधु हरि सिंह वर्मा वकील कुरेशी हरि सिंह राजपूत मोनू अग्रवाल दिलीप निगम विनय कुमार समीर खान आदि समस्त अतिथि मौजूद रहे।

## दबंग ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष को पीटकर किया घायल

**महोबा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कालीपहाड़ी गांव निवासी रामबाबू अहिरवार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह भाजपा का बूथ अध्यक्ष है और दिव्यांग है। 10 फरवरी को भाजपा बूथ की बैठक यज्ञशाला मैदान में आयोजित की गई थी। बैठक के बाद वह घर जा रहा था। रास्ते में गौशाला के पास लच्छू यादव ने उसके साथ गाली गलौज की। पैसों की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी और उसका सिर फोड़ दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के दृष्टिगत गोष्ठी संपन्न

**कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर बिंदुवार चर्चा कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



महोबा में आगामी 17-18 फरवरी 2024 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत आज दिनाँक 13.02.2024 को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ब्रीफिंग गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी के दौरान बताया गया कि जनपद में दिनांक 17 एवं 18 फरवरी 2024 को 18 केन्द्रों पर ऑफलाइन दो पालियों में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा समय क्रमशः प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक व अपरान्ह 03:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कराया जाना प्रस्तावित है। जिसमें कुल 8472 परीक्षार्थी शामिल होगें उक्त उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराए जाने व जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न विभागों के अधि./ कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी की गई, बैठक में पुलिस भर्ती बोर्ड से प्रदत्त निर्देशो की बिंदुवार जानकारी प्रदान करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर बिंदुवार चर्चा कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

गोष्ठी के दौरान समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधि./ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सम्बन्धित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपस में समन्वय रखते हुए अपने-अपने क्षेत्रअन्तर्गत अवस्थित परीक्षा केन्द्रों स्वयं भ्रमण कर गहनता से मूलभुत सविधाओं जैसे-पानी, बिजली, बैठने की व्यवस्था आदि का निरीक्षण कर लें साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सुरक्षा सम्बन्धी उपकरण यथा- सीसीटीवी कैमरा, फायर एक्सटेंग्यूसर आदि उपलब्ध/कार्य कर रहें हैं अथवा नहीं कमी पाये जाने पर केन्द्र व्यवस्थापक से संवाद कर व्यवस्था पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## युवक ने नशे के बाद फांसी लगाकर दी जान

**पौथिया।** ललपुरा थानाक्षेत्र के पौथिया गांव में सोमवार की रात नशेबाज युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत पर उसकी मां रोते बिलखते बेसुध हो गई। गांव निवासी करन उर्फ कल्लू (32) पुत्र रणधीर अविवाहित था। सोमवार की रात करीब दस बजे उसने अपने घर में शराब के नशे में रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक शराब गांजा पीने का आदि बताया जा रहा है। वह मां के साथ रहता था। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। ललपुरा थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कहा फांसी लगाकर जान देने की घटना की जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### शराब के नशे में नाले में पड़े रहे युवक की जान गई

**मौदहा।** अत्यधिक शराब पीकर बरसते पानी में पड़े रहने से युवक की मौत हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी उदय प्रताप उर्फ कल्लू (45) पुत्र रामऔतार शराब पीने का आदी था। सोमवार की शाम उसने ठेका जाकर अत्यधिक शराब पी ली। इसके बाद वह निकट ही नाले में पड़ा रहा। इस बीच भीषण बारिश में भीगने से सर्दी लगने से उसकी मौत हो गई। मृतक युवक अपने ननिहाल में रहता था। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में घनश्याम का शराब ठेका है। इसी के निकट बने नाले में अत्यधिक शराब पीकर पड़ा रहा और रात में तेज बारिश भी हो गई जिसके चलते सर्दी लगने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अविवाहित था और अपने परिवार के साथ लंबे समय से ननिहाल छिरका में रह रहा था। इस सम्बंध में पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के किसी तरह के निशान नहीं मिले हैं। फिर भी शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### शव आते ही परिजनों में मचा कोहराम

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम विदोखर पुरई के पूर्व प्रधान के भतीजे की कानपुर में हादसे में मौत के बाद मंगलवार को शव के गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम युवक का गांव में अंतिम संस्कार किया गया। विदोखर पुरई के राधेश्याम सिंह के बड़े भाई सीताराम सिंह का पुत्र मानू 25 वर्ष कानपुर में रहकर मेडिकल क्षेत्र में कार्य करता था। सोमवार को कानपुर में एक हादसे में उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को दोपहर बाद शव गांव लाया गया। शव के गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शाम को गांव में ही युवक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। अचानक हुए इस हादसे से माता-पिता, भाइयों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

### संदिग्ध परिस्थितियों के चलते माँ ने लगाई फांसी

**राठ।** मुस्करा थाना अंतर्गत इमिलिया गांव में दो बच्चों की मां ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने घर में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया।सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इमिलिया गांव निवासी शीला देवी पत्नी संतोष कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने घर में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब परिजनों ने शीला देवी को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतका के परिजनों ने बताया कि मृतका के विवाह को लगभग 16 वर्ष हो चुके हैं। मृतका का पति संतोष कुमार मजदूरी और पशु पालन आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मृतका अपने पीछे 10 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश और 5 वर्षीय पुत्र भावेश कुमार सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड गई है। मामले में मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# खुले आसमान के नीचे नशे में धुत पड़े रहे युवक की मौत

▸ शराब ठेका के पास नाले में पड़े रहने व रात में हुई बारिश में भीगता रहा युवक

**मौदहा, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

रात भर खुले आसमान के नीचे नशे में धुत पानी में पड़े रहे युवक की मौत हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जिसका मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। घटना से परिवार में मातम पसरा रहा।

कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव निवासी मृतक के भाई कल्लूराम ने बताया कि उदय प्रताप उर्फ लल्लू यादव (45) पुत्र रामऔतार अविवाहित था। जो खेतीबाड़ी का काम करता था। बताया कि सोमवार रात खेतों से पानी लगाकर खेत से वापस आते समय शराब पीकर शराब ठेका के पास बने नाले में गिर गया। जो रात भर वहीं पड़ा रहा और रात में बारिश होने से भीगता रहा। आशंका जताई की सर्दी लगने से भाई की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। बताया कि लंबे समय से परिवार के साथ ननिहाल छिरका में रह रहे हैं। कोतवाल रामआसरे सरोज ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोंट के कोई निशान नहीं मिले हैं। कहा कि रात भर खुले में पड़े रहने व भीगने के चलते ठंड से मौत होने की आशंका है।

## हर्ष फायरिंग से बैण्ड बजा रहा युवक घायल

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के ग्राम झलोखर में गत रात्रि को हर्ष फायरिंग पर रोक के बावजूद शादी समारोह में एक लाइसेंसी हथियार से फायरिंग कर दी। जिससे बैण्ड बजाने वाला एक युवक घायल हो जाने से शादी समारोह में भगदड़ मच गयी। वही पुलिस को इस मामले की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची जहां घायल बैण्ड बजा रहे युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा में भर्ती कराया और पुलिस ने उक्त शस्त्र लाइसेंसी धारक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी। बताया जाता है कि गत रात्रि को ग्राम बाकी थाना सुमेरपुर से बारात रामकिशोर पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम झलोखर थाना कुरारा जनपद हमीरपुर की लड़की की शादी के लिए बारात आई हुई थी। बारात में आए हुए मनोज उपाध्याय पुत्र गोकर्णनाथ ग्राम बाकी थाना सुमेरपुर जो अपनी राइफल लेकर आए थे राइफल से गोली चलने के उपरांत बैंड पार्टी के सदस्य दीपक पुत्र कामता प्रसाद ग्राम बाकी थाना सुमेरपुर घायल हो गए।



## सख्ती के चलते 77 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**मौदहा,हमीरपुर।** मंगलवार से संचालित उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन की पहली पाली में सेकेंडरी अरेबिक और परसियन कक्षाओं यानी मुंशी और मौलवी की परीक्षाओं का आयोजन किया गया। जबकि दूसरी पाली में आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षाएं हुई। जिसमें पंजीकृत कुल 388 परीक्षार्थियों की जगह 311ही उपस्थित रहे। 77 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि पहली पाली में 227 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन 61 ने परीक्षा केंद्र से दूरी बनाए रखी। वहीं दूसरी पाली में पंजीकृत कुल 161 परीक्षार्थियों के स्थान पर 16 अनुपस्थित रहे। इस संबंध में जीजीआईसी की प्रधानाचार्य शहाना बानो ने बताया कि परीक्षाओं का आयोजन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में किया जा रहा है और नकल विहीन परीक्षाएं हो रही हैं।

## अवैध आटो स्टैंड हटाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मौदहा।** कस्बे के मलीकुआं चौराहे से लेकर इंडियन बैंक तक और गुड़ाही बाजार सहित अन्य स्थानों पर संचालित अवैध आटो स्टैंड के कारण दिनभर जाम की स्थिति रहती है। इससे आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अवैध आटो स्टैंड हटाने की मांग की है। भारत उद्योग व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष आसिफ कुरेशी के नेतृत्व में संगठन के लगभग एक दर्जन पदाधिकारियों ने एसडीएम राजेश चंद्रा को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि कस्बे के मलीकुआं चौराहे से इंडियन बैंक तक संचालित अवैध आटो स्टैंड और ऐसे ही कस्बे में कई जगह अवैध स्टैंड संचालित हैं।

## जायण्ट्स दतावली ने छात्राओं को बांटे जूते- मोजे

**इटावा।** ऊषा यादव निवर्तमान अध्यक्ष फेडरेशन 5 एवं संगीता तिवारी अध्यक्ष जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली के संयुक्त संयोजकत्व में जीजीआईसी इटावा की 30 छात्राओं को जूते मोजे एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि अंजू प्रधानाचार्य ने कहा कि जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली द्वारा समय समय पर सम्पादित सेवा कार्य सराहनीय एवं अनुकरणीय होते हैं। निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव ने कहा कि जायण्ट्स परिवार द्वारा स्कूली छात्राओं की सेवा वाल सेवा ही ईश सेवा को चरितार्थ करती है। जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली की अध्यक्ष संगीता तिवारी एवं दतावली डायमंड की अध्यक्ष रीना यादव ने आयोजन में लाभान्वित समस्त छात्राओं के साथ साथ सराहनीय योगदान करने के लिए अंजू प्रधानाचार्य का आभार ब्यक्त किया।

# लाखों की लागत से निर्मित खेलकूद मैदान बना शोपीस

▸ गंदा पानी भरा रहने से फैल रही बदबू के बीच लोगों ने छोड़ा व्यायाम करना

**पौथिया, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

ग्राम पंचायत की ओर से पिछले वर्षों में तैयार ग्रामीण खेलकूद मैदान दुर्दशाग्रस्त है। लाखों रुपये की लागत से बने खेल मैदान में गंदा पानी भरा रहने के साथ अतिक्रमण होने से खिलाड़ियों को इससे निराशा हाथ लगी है। बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव में सरदार पटेल ग्रामीण स्टेडियम क़रीब तीन वर्ष पूर्व लाखों रुपये खर्च करके तैयार किया गया था। जिसे बच्चों व युवाओं के खेलकूद व व्यायाम करने के उपकरणों को लगाया गया था, लेकिन वर्तमान समय में स्टेडियम में नापदानों का गंदा पानी, बड़ी बड़ी घास, गोबर के ढेर लगे हैं। वहीं कुछ लोग अपने पशु भी बांधते हैं। तो कुछ लोग गोबर के उपले भी पाथते हैं। स्टेडियम सुंदरीकरण के बजाय बदबू दे रहा है। मार्निंग वॉक पर लोग टहलने जाने से कतराते हैं। खिलाड़ियों के लिए असुविधा होती है। वैसे तो सरकार खेल मैदान का सुंदरीकरण कराने का ढिंढोरा पीट रही है। लेकिन यहां का खेल मैदान अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहा है। मजबूरन महिलाएं पुरुष व नवयुवक राठ हमीरपुर हाईवे किनारे टहलने जाते हैं।

## टीबी मुक्त के लिए आवश्यक बिन्दुओं को पूरा करने वाली ग्राम पंचायत होंगी सम्मानित

**इटावा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद की 21 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त के लिए चिन्हित की गई की गई है। जिनके भौतिक सत्यापन हेतु टीमों का गठन भौतिक सत्यापन हेतु किया गया है। टीम में एडीपीआरओ रोहित कुमार डॉ शोभित सिंह व डीपीसी अनस सुलेमान ने बसरेहर की आनन्दपुर, कैलामऊ, चम्पानेर एवं पचावली का और तृतीय टीम में राजेश सिंह सहायक विकास अधिकारी डॉ अंकुर वीडियो जिला अधिकारी डॉ शिवचरण हेमराम द्वारा विकास खंड बढ़पुरा के ग्राम पंचायत गढैयता गढ़पुरा बमनपुर भगवतीपुर का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन कमेटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर आवश्यक अभिलेखों की निरीक्षण परीक्षण किया।

# गैस सिलेंडर से लगी आग हजारों की संपत्ति स्वाहा

**सुमेरपुर,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के इंगोहटा गांव में सोमवार की रात खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर लीकेज हो जाने से कमरे में आग लग गई। जिससे नगदी सहित हजारों की सामग्री जलकर खाक हो गई।

रामबालक कुशवाहा ने बताया कि सोमवार की रात 8 बजे उसकी पुत्री पूजा जिस कमरे में सिलाई का काम करती है उसी में गैस चूल्हे में खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर लीकेज होने से आग लग गई और देखते ही देखते पूरे कमरे में आग फैल गई। शोर मचाने पर मुहल्ले वालों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित ने बताया कि आग से सिलाई मशीन, नए कपड़े, 20 हजार की नगदी सहित अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई।

उसने बताया कि आग से करीब एक लाख की क्षति हुई है। आग से करीब दो घण्टे तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

# पुलिस ने पांच ऑटो चोरों को किया गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस ने ऑटो चोरी करने वाले पांच आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार कर कब्जे से एक ऑटो, एक मोबाइल चोरी किया गया, एक अवैध तमंचा मुठभेड़ में प्रयुक्त, एक खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

वादी ने सूचना दी कि 4 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पूठन सकरौली जाने हेतु ऑटो बुक किया एवं रास्ते में ग्राम रम्पुरा से पहले ऑटो रोककर जब मैं टॉयलेट करने हेतु रूका तभी उनके द्वारा मेरा ऑटो स्टार्ट करके जिसमें मेरा मोबाइल भी था लेकर भाग गये। एसओजी/ सर्विलान्स टीम क्षेत्रान्तर्गत बाइस ख्वाजा रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि एक ऑटो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लुहन्ना चौराहे से ग्वालियर बाईपास रोड पर लाइन सफारी की ओर जा रहा है, सूचना पर कार्यवाही करते हुये एसओजी/ सर्विलांस व थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा उक्त ऑटो को रोकने का इशारा किया गया तो ऑटो सवार व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया, जिस पर पुलिस ने पीछा किया तो उनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें आरोपी जीवाराम पुत्र राजवीर के पैर में गोली लगने के उपरान्त घायल अवस्था मे ऑटो सहित लाइन सफारी के पास से गिरफ्तार किया गया।

**बयान** — केंद्रों के आसपास लगाया जाए साइन बोर्ड: जिलाधिकारी

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन एलर्ट, डीएम-एसएसपी ने की बैठक

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती- 2023 की लिखित परीक्षा के आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावकों के आने जाने से जनपद में भीड़ भाड़ होने के कारण रेन बसेरों की साफ सफाई अवश्य करा दी जाए ताकि अभ्यर्थियों के अभिभावक वहां पर आराम से रूक सकें एवं रैन बसेरों की सूची रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं शहर के प्रमुख चौराहों पर चस्पा कर दी जाए जिससे उन्हें रैन बसेरे तक आने में आसानी हो। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्रों के आसपास साइन बोर्ड अवश्य लगाया जाए जिससे परीक्षार्थी को केंद्र को ढूंढने में आसानी हो सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि जनपद में कुल 30 परीक्षा केंद्र स्थापित हैं जिसमें लगभग 64 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा 17 ,18 फरवरी को आयोजित की जाएगी जिसमें प्रशासन की तरफ से अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह नामित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी डिवाइस नहीं होनी चाहिए एवं नकल विहीन परीक्षा संपन्न करायी जाए।

उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की केंद्रों का परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व भ्रमण कर लिया जाए जिससे कोई भी समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र पर पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे उनका मोबाइल नंबर सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास होना अनिवार्य है जिससे कोई भी समस्या आने पर एक दूसरे को सूचित कर दिया जाए।

बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा , पीएसी कमांडेंट,एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ,अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव , एसपी क्राइम सुबोध गौतम,जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, समस्त उप जिलाधिकारीगण , समस्त क्षेत्राधिकारी सहित समस्त स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई संपन्न

# अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण बेहतर सामंजस्य के साथ जनहित में करें कार्य: सांसद

- विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधिगण द्वारा दिए सुझावों एवं फीडबैक को गंभीरता से ले अधिकारी, बेहतर तालमेल के साथ करे योजनाओं का क्रियान्वयन: डीएम



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**जिला विकास** समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह जी की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी अरविंद सिंह, सांसद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्मा, विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में अध्यक्ष सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना मनरेगा, स्वयं सहायता समूह आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्त सड़के, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गन्ना भुगतान, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजना, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,स्वामित्व योजना, ग्राम स्वराज योजना,अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, विद्युतीकरण, नए नलकूपों को की स्थापना, सिंचाई आदि की प्रगति की समीक्षा की गई।

उन्होंने नई सड़कों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते तेजी लाए जाने, अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने, संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाने साहित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं जन प्रतिनिधिगण बेहतर सामंजस्य के साथ जनता के लिए जनहित में कार्य करें। सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओ का लाभ पात्रों को मिले। इस अवसर पर डीएम सिंह ने कहा की जनप्रतिनिधिगण द्वारा विकास कार्यों को लेकर जो भी सुझाव एवं फीडबैक दिए गए हैं, अधिकारीगण गंभीरता से लें। अधिकारी जनप्रतिनिधीकरण से बेहतर तालमेल बनाए रखते हुए विकास कार्यों को और आगे ले जाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार,मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य,ब्लॉक प्रमुख,नगर पालिका अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार,डीएफओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# औषधि निरीक्षक के आने की भनक लगते मेडिकल स्टोर संचालक शटर बंद कर भागे

- औषधि निरीक्षक ने नगर के अनेकों मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण



**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** औषधि निरीक्षक ने नगर में स्थित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक के आने की खबर लगते ही नगर के अधिकांश मेडीकल स्टोर संचालक की शटर डालकर इधर, उधर हो गए।

नगर में कई मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जांच में नमूने फेल होने के बाद भी बाजार में शक्तिवर्धक व सेक्स वर्धक दवाओं की बिक्री चल रही है। इसके साथ ही मेडिकल स्टोर संचालक ग्राहकों को पक्के बिल भी नहीं दे रहे हैं। मिल रही शिकायतों के बाद औषधि निरीक्षक देवयानी दुबे मंगलवार को मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करने के लिए नगर में आई। औषधि निरीक्षक के नगर में निरीक्षण के आने की जानकारी मिलते ही अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक शटर बंद कर इधर, उधर हो गए। निरीक्षण में उन्हें एक मेडिकल स्टोर खुला मिला। जिस पर उन्होंने उपलब्ध दवाओं को देखा। इसके ही दुकान में उपलब्ध दवाओं के बिल, दवाओं के प्रयोग की अंतिम तिथि और बिक्री की जांच की। निरीक्षण दौरान अधिकारियों का कहना था कि किसी भी कीमत पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेडिकल संचालकों को हर हाल में नियमों का अनुपालन करना ही होगा। बगैर डाक्टर के पर्चे के एंटीबायोटिक दवाओं की बिक्री नहीं होगी उपभोक्ता को कम्प्यूटराईज्ड बिल देना होगा। अधिकारियों ने बताया कि जो मेडिकल संचालक शटर डाउन कर इधर-उधर हुए हैं उनके खिलाफनोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद उन्हें इस कॉस्मेटिक आइटम की दुकान खुली मिली। जिस पर उपलब्ध सामान का भी निरीक्षण किया।

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 14 परीक्षा केंद्रों में 6816 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



- परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिये पर्यवेक्षक पुलिस नियुक्त
- परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा
- परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के आसपास फोटो कॉपी या बुक सेंटर रहेंगे बंद

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी राजेश** कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने जनपद में 17 एवं 18 फरवरी को कुल 14 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी नागरिक सीधी भर्ती को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली में 6816 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे, सभी परीक्षा केंद्रों, प्रमुख स्थानों, चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत केंद्रों पर मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक पुलिस नियुक्त किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, सीसीटीवी कैमरा की मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें नियुक्त संबंधित अधिकारी द्वारा अनवरत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी को दी गई बुकलेट का भली भांति अध्ययन कर लें किसी भी प्रकार की भ्रांतियां न रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित है, अधिकारी व कर्मचारी परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन न ले जाएं यह सुनिश्चित रखें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पाठ्य सामग्री, (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, जिमेक्ट्री पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेवुल, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, जैसे मोबाइल फोन, कैमरा, किसी भी प्रकार की घड़ी, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, एयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैण्ड, बटुआ, काला चश्मा, हैण्डबैग, टोपी, खुला या पैक किया हुआ खाने का सामान आदि पूर्णतया प्रतिबंधित है। किसी भी अभ्यर्थी को उक्त सामग्री उपकरण परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार के अंदर न ले जाने दिया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए केंद्रों के 100 मीटर के आसपास किसी प्रकार की फोटो कॉपी या बुक सेंटर न होने पाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, थाना अध्यक्ष व केंद्र व्यवस्थापक आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# उतरौला तहसील क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव, अभिभावक, अध्यापक गोष्ठी आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**



**मंगलवार को** उतरौला तहसील क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव, अभिभावक अध्यापक गोष्ठी हुई। इस अवसर पर स्कूलों में रंगोली बनाई गई और स्कूलों को सजाया भी गया। साथ ही पीटीएम में अभिभावकों से सीधी बातचीत की गई और बच्चों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में भी अभिभावकों से शिक्षक शिक्षिकाओं ने चर्चा की। इस अवसर पर अभिभावक-अध्यापक बैठक में छात्र-छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति, परीक्षाफल, व्यवहार संबंधी रिपोर्ट, प्रगति एवं अन्य क्रिया-कलाप, शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा में छात्र-छात्राओं के लर्निंग आउटकम एवं अध्यापनकार्य के लिए किए जा रहे प्रयास यथा दीक्षा एप, निपुण भारत मिशन, डीबीटी, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए शारदा कार्यक्रम, दिव्यांग बच्चो के लिए समर्थ कार्यक्रम व स्वीप के माध्यम से वोट के अधिकार व महत्व पर चर्चा की गई। निपुण विद्यालय आंकलन के परीक्षा परिणाम के अनुसार निपुण बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय लालपुर जुनेद, कंपोजिट विद्यालय पिपराराम, अमया द्वितीय, बदलपुर, मधुपुर , मस्जिदिया, हरनीडीह, बकसरिया , जोगीवीर सहित सभी विद्यालयों में दीप जलाकर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। उत्सव में छात्रों ने सरस्वती वंदना, कविता, तेरी मिट्टी में मिल जावां, इतनी सी खुशी गाने पर नृत्य, देशभक्ति गीत पर नृत्य, लोक नृत्य एवं रोल प्ले किया। अध्यापिका शहनाज़ बेगम, रेहना, अनीता, मोहम्मद फिरोज, आरती, असद फातिमा, अयूब, मुश्ताक, नंदलाल, नफीस फातमा शाहिद सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहीं। उतरौला बीईओ सतीश कुमार व गैड़ास बुजुर्ग बीईओ विनय कुमार चौधरी ने बताया कि बेहतर शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में मंगलवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। साथ ही अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित की गई। दोनों गतिविधियों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस दौरान निपुण बच्चों को शिक्षण सामग्री देकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिससे कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखर सके। कंपोजिट ग्रांट में से 10 प्रतिशत धनराशि वार्षिकोत्सव में खर्च करने का प्रावधान शासन द्वारा किया गया है।

# निसार उस्मानी प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त



**उतरौला (बलरामपुर)।** राष्ट्रीय पूर्वांचल एकता पार्टी ( भारत)के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुनाथ उपाध्याय ने लखनऊ निवासी हाजी निसार उस्मानी को पार्टी में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, पद का दयित्व सौपा है। उस्मानी को ये पद उनकी पार्टी के प्रति लगन, आस्था, निष्ठा के को देखते हुए दिया गया द्य इसके साथ ही राष्ट्रीय पूर्वांचल एकता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुनाथ उपाध्याय सहित तमाम प्रदेश पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उस्मानी के नेत्रत्व में पार्टी के विस्तार और मजबूती पर विश्वास जताया।

## सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं संग भाजपा के हुए सपा व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष हरीशचंद्र यादव



**उतरौला(बलरामपुर)।** सपा व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष हरीशचंद्र यादव ने सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। उनको भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने भाजपा पार्टी कार्यालय में सदस्यता दिलाई। हरीशचंद्र यादव ने भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि सपा परिवार वादी पार्टी है। सपा का कोई जनाधार आम जनता में नहीं रह गया है। सपा में जाति-व्यवस्था होने से पार्टी का जनाधार खत्म हो गया है।इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान की भक्ति में ही है शक्ति: माँ ध्यानमूर्ति जी

**चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**नर्मदेश्वर** महादेव पराम्बा शक्ति पीठ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस भगवान के लाडले भक्त धुर्व , प्रह्लाद नरसिंह अवतार की कथा श्रवण करवाई गई वृन्दावन से पधारीं पूज्य गुरु मां ने कहा मनुष्य को दिखावा न करते हुए भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए कथा के दौरान बताया कि महाराज मनु एवं उनकी धर्मपत्नी सतरूपा के 2 पुत्र और 3 पुत्रियां हुई पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद राजा उत्तानपाद की 2 रानियां थीं सुनीति और सुरुचि राजा सुरुचि से अधिक प्रेम करते थे उनके पुत्र का नाम उत्तम और सुनीति के पुत्र का नाम धुर्व था अपनी माता से मिले संस्कारों के कारण मात्र 5 वर्ष की अवस्था में कठिन तप करके भगवान को प्रगट किया बालक की प्रथम गुरु मां होती है और माँ चाहे तो बच्चे को भगवत भक्त बना सकती है हमे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए गुरु मां ने कहा कि भागवत कथा आम जनमानस को सही मार्ग दिखाती है भक्ति मैं दृणता होनी चाहिए जैसे धुर्व और प्रह्लाद की भक्ति मैं थी प्रह्लाद की भक्ति की दृणता ही थी जो पत्थर के खम्भे मैं से भगवान को नर्सिंग का अवतार लेकर प्रगट होना पड़ा कल कथा के चौथे दिन भगवान बाल कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। इस मौके पर विनोद सिंह, बारमती देवी, हंसराज शुक्ला, दीनदयाल सिंह, अरविंद उपाध्याय, लालजी मिश्रा,आर पी राम, लालबाबू सिंह,रघुराई भारती, नागेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# बिहार के पूर्व मंत्री डॉक्टर भीम सिंह चन्द्रवंशी को भाजपा द्वारा राज्यसभा सांसद मनोनयन चन्द्रवंशी समाज के लिए गौरव की बात

- अति पिछड़े समाज का इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें बढ़ाया मान

**दुद्धी। सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**




**उत्तर प्रदेश** के विभिन्न जिलों में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉक्टर भीम सिंह चन्द्रवंशी को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राज्य सभा सांसद के लिए मनोनीत किए जाने पर चन्द्रवंशी समाज के लिए गौरव की बात है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नें अति पिछड़े समाज का मान बढ़ाया। आजादी के बाद से पहली बार चन्द्रवंशी समाज के नेता को राज्य सभा मे भेजा जाना समाज के लिए बड़े सम्मान की बात हैं । यह बात अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा सोनभद्र के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, ने मिडिया को दिए बयान में सरकार के सराहनी पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा किया। प्रदेश अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी नें राज्यसभा सांसद मनोनयन पर केंद्र सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया है। साथ ही संरक्षक मंडल श्री राम प्रसाद चन्द्रवंशी, राजेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी, नंदकिशोर चन्द्रवंशी,पूर्व जिला अध्यक्ष भोला सिंह चन्द्रवंशी,अशोक सिंह चन्द्रवंशी, छोटेलाल चन्द्रवंशी महासचिव राजेंद्र सिंह चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष राम सजीवन चन्द्रवंशी एडवोकेट, रेनू सागर शाखा अध्यक्ष राम आधार चन्द्रवंशी पूर्व अध्यक्ष गोपाल चन्द्रवंशी अनपरा से दिलीप चन्द्रवंशी, रेणुकूट शाखा अध्यक्ष राजू चन्द्रवंशी पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र चन्द्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी,जितेन्द्र सिंह चन्द्रवंशी व ओबरा से प्रभु सिंह चंद्रवंशी राजेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, दुद्धी से विजय कुमार चंद्रवंशी, नागेंद्र चंद्रवंशी, प्रेमचंद चंद्रवंशी चूर्क से पूर्व प्रधान खैरही धीरज चंद्रवंशी,सभासद सूरज चंद्रवंशी रोहित चन्द्रवंशी सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से चंद्रवंशी समाज के प्रबुद्ध जनों सहित संगठन के विभिन्न पदाधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी के सारणी ऐतिहासिक पहल की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# एसडीएम की छापामार कार्रवाई में अनेकों ओवरलोड मौरम भरे वाहन पकड़े

**उरई (जालौन)।** सोमवार की देर शाम उप जिलाधिकारी ने खनन निरीक्षक व क्षेत्रीय पुलिस के साथ कदौरा थाना क्षेत्र में आकस्मिक छापेमारी की। इस दौरान उन्हें बड़ी संख्या में मौरम से भरे ओवरलोड वाहन के खिलाफ कार्रवाई की है। मौरम का अवैध खनन और परिवहन कोई नया काम नहीं है बल्कि यह सब वर्षो से चल रहा है हालांकि प्रशासन समय समय पर मौरम घाट संचालकों और ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही भी करता रहता है पर यह गोरखधंधा बंद नही है और इसकी जानकारी उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल को भी मिल रही थी जिसके चलते सोमवार देर शाम एसडीएम हेमंत पटेल ने खान निरीक्षक व कदौरा थाना पुलिस के साथ मौरम घाटों पर आकस्मिक छापेमारी की जिसमें उन्हें बड़ागांव के पास बड़ी संख्या में मौरम से भरे ओवरलोड ट्रक मिले थे जिनके आनलाईन चालान किये गये हैं। वही प्रशासन की आकस्मिक कार्यवाही से मौरम घाट संचालकों एवं ट्रक संचालकों में खलबली मची है। एसडीएम के मुताबिक मौरम का अवैध खनन और परिवहन की इजाजत किसी को नहीं है जो भी करेगा उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।


कार्यक्रम

### सीनियर्स के सम्मान में जूनियर छात्रों ने किया सांस्कृतिक प्रोग्राम

# टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जूनियर छात्रों ने सीनियर्स को दी विदाई

**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

- तुम्हारा विश्वास, साहस, धैर्य और कठिन परिश्रम ही है, जो तुम्हें भविष्य में आगे की ओर ले जाएंगे: मनीष कुमार सिंह
- विद्यार्थी किसी भी स्कूल की सबसे कीमती सम्पत्ति: सैफ अली






**उतरौला कस्बा** के प्रसिद्ध विद्यालय टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा दस व कक्षा बारह के बच्चो के लिए फॉरएवर पार्टी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली व प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया। इस दौरान जूनियर्स ने सीनियर बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच का संचालन कक्षा 11 की छात्रा साबिया कक्षा 9 की छात्रा शगुन गुप्ता व लाइबा तथा कक्षा 8 की छात्रा श्रुति गोस्वामी ने किया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रज्ञा, अमान, सना, जानवी, साक्षी, शगुन वर्मा, सृष्टि, किंजल, दिव्या, ईशानी, फैज़, मारिया अनुष्का, एंजेल, सोनाक्षी,आदि से भाग लिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि मेरे प्यारे छात्रों, मेरे अपने अनुभव के अनुसार, आपको अपने जीवन में बहुत सी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। तो भी आप उनसे घबराना नहीं, और मजबूत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते जाना। तुम्हारा विश्वास, साहस, धैर्य और कठिन परिश्रम ही है, जो तुम्हें भविष्य में आगे की ओर ले जाएँगे और तुम्हें उज्वल भविष्य प्रदान करेंगे। मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ है। मैं एल्बर्ट आइंसटिन की कही लाइन आपसे कहना चाहूँगा꞉सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, लेकिन इसके स्थान पर मूल्यवान व्यक्ति बनो।विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी स्कूल की सबसे कीमती सम्पत्ति होते हैं, उनके बिना शिक्षक और विद्यालय कुछ भी नहीं है। यद्यपि, यह भी सत्य है कि, विद्यार्थी भी एक अच्छे अध्यापक के बिना कुछ नहीं है या अधूरे हैं। इसलिए, एक दूसरे के महत्व के लिए दोनों ही बराबर जिम्मेदार है। हम यह नहीं कह सकते, कि केवल शिक्षक ही, छात्रों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं हालांकि, विद्यार्थी भी शिक्षक के महत्व और मूल्य को बनाने में महान भूमिका निभाते हैं। छात्रों के भविष्य को आकार देने और निर्माण करने में, दोनों की ही सम्मान भागीदारी की आश्यकता है।एक अच्छा विद्यार्थी, एक अच्छे शिक्षक की अनुपस्थिति में कुछ नहीं कर सकता और जब किसी शिक्षक को अच्छा छात्र नहीं मिलता तो वह उसे अपना दुर्भाग्य समझता है। यह शिक्षक की जिम्मेदारी होती हैं कि, वह अपने छात्र को सही रास्ते पर लाए हालांकि, यह छात्र की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने शिक्षक की बताई हुई बातों का पालन करे। उन्हें विद्यालय में समान रुप से एक दूसरे का समर्थन करने की आवश्यकता है। हमारे विद्यार्थी बहुत ही अनुशासित, अच्छे संस्कारों वाले, समय के पाबंद, और जिम्मेदार व्यक्ति है। इन्होंने स्कूल के लिए अपने सभी दायित्वों को पूरा किया है, जिसके कारण हमारे स्कूल ने बहुत विकास किया और पूरे जिले में सबसे अच्छी शिक्षा को प्रदान करने वाले स्कूल की छवि बनाई है। यह सबकुछ मेरे प्रिय छात्रों और शिक्षकों के कठिन प्रयासों के माध्यम से संभव हो पाया है।विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि आज हम लोग इस विद्यालय में लगभग 12 वर्ष बिताने के बाद युवा छात्र छात्राओं के समूह को विदाई देने के लिए भारी संख्या में एकत्रित हुए।आप लोग कई वर्षो से इंतजार कर रहे हैं कि बाहर जाकर कॉलेज में दाखिला लें। आखिरकार लंबे इंतजार को तोड़ने और उन्हें कॉलेज की एक नई दुनिया में प्रवेश करने का मौका देने के लिए स्कूल के द्वार छोड़ने का दिन आ गया है। इस विद्यालय में मैं लंबे समय से शिक्षक के रूप में मैं कार्य कर रहा हूं,मैने जो महसूस किया है उस बारे में कुछ कहना चाहूंगा। मेरे प्रिय विद्यार्थियों, आपके उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में हमें और आपको बारह वर्ष लग गए। मैंने तुममें अपना बढ़ता हुआ बचपन देखा।भविष्य में कुछ बेहतर करने की आपकी इच्छाशक्ति के कारण यह एक लंबी यात्रा बहुत जल्दी बीत गई।हम आपसे प्यार करते हैं और आपकी परवाह करते हैं, कभी-कभी हम कठिन कार्यों से भरे होते हैं। आप सभी को सलाह देता हूं कि इस विद्यालय की दहलीज पर खड़े होकर पीछे मुड़कर न देखें। बस आगे देखो और दुनिया को देखने के लिए आगे बढ़ो। हमारी शुभकामनाएँ सदैव आपके साथ हैं।

विद्यालय के अध्यापक कामेश्वर दत्त तिवारी ने कहा कि दुनिया को तुम्हारे जैसे अधिक बुद्धिमान युवाओं की जरूरत है। सफलता आपके रास्ते पर होगी। अपने दिमाग में कुछ ऐसा रखें जो आपके कार्यों में हमेशा सही हो, और यह कभी न भूलें कि सत्य की जीत होती है। अपनी शक्ति का उपयोग दूसरों को खुश करने के लिए करें न कि दुखी करने के लिए।

**सूचना**

मेरे पुत्र का घरेलू नाम रितुराज सिंह चौहान है, जबकि आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि में पुत्र का नाम वंश चौहान दर्ज है। अब मेरे पुत्र को वंश चौहान के नाम से ही जाना जाये।

**विनोद चौहान पुत्र इन्द्रजीत सिंह चौहान निवासी टी0आई/05 आफीसर्स कालोनी फतेहगढ़, जनपद फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में भूलवश मेरा नाम SUSHILA DEVI (सुशीला देवी) अंकित हो गया है, जो गलत है। अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SHUSHILA DEVI (शुशीला देवी) दर्ज है, जो सही है। जिसे मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

**शुशीला देवी पत्नी आर्मी नं0-3000810एल रैंक हवलदार मुकेश कुमार गुर्जर निवासी वार्ड नं0-6 वीरेन्द्र नगर भिन्ड, जिला भिन्ड, एमपी/वर्तमान आर0आर0सी0 फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

# भाजपा ने पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों का हक छीनाः राजपाल कश्यप

▸ पीडीए जनपंचायत में पहुंचे पूर्व एमएलसी और सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना





कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मंगलवार के** पीडीए जनपंचायत में प्रतिभाग करने पहुंचे पूर्व एमएलसी और सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। पीडीए जनपंचायत में शामिल होने से पूर्व उन्होंने नसरापुर स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए भाजपा को झूठ बोलने वाली पार्टी करार दिया। राजपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा ने सबसे ज्यादा हक पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों का छीना है। कहा कि भाजपा साजिश के तहत बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहती है। उन्होने कहा कि संविधान विरोधी इस सरकार को इस बार सपा का पीडीए रोकेगा और प्रदेश से लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। पत्रकार द्वारा पूछे गये एक सवाल पर राजपाल कश्यप ने कहा कि यह सरकार घमण्ड भरी है और इसका घमण्ड 2024 में जनता समाप्त करने का काम करेगी। उन्होंने भाजपा के सांसद और मंत्री को सविदाकर्मी बताते हुए कहा कि भाजपा के सांसद और मंत्री से अधिक तो समाजवादी कार्यकर्ताओं ने कन्नौज और प्रदेश में कार्य करवाये है। कन्नौज के जिस क्षेत्र में आप निकलेंगे, जितनी भी सरकारी इमारत एवं सुन्दर सड़के देखने को मिलेगी वह समाजवादियों की ही देन है। श्री कश्यप ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि सूप बोले सो बोले चलनी क्या बोले जिसमें बहत्तर छेद हैं। उन्होंने मंत्री जी की ओर इशारा करते हुए कहा कि पहले वह कन्नौज के दलितों को सुरक्षित कर न्याय दिलाने का कार्य कर लें। कन्नौज के सांसद आये दिन मारपीट करते है, दलित तहसीलदार व सरकारी पुलिस कर्मचारियों को पीटते है और मंत्री जी चुपचाप देखते रहते है। इससे यह प्रतीत होता है कि यहां के सांसद ही नहीं, मंत्री जी भी संविदाकर्मी हैं, जो भाजपा के संविदाकर्मी के रूप में कार्य कर रहे है। कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में जनता इन्हें प्रदेश से ही नहीं बल्कि देश से भी समाजवादियों की सहायता से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ मिलकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। जनपंचायत पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व एमएलसी और सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी की वादा खिलाफी को याद दिलाते हुए कहा कि यह सरकार हवा हवाई सरकार है। इस सरकार ने जनता से किए गए किसी भी वादे को पूरा नही किया है। बीजेपी सरकार ने तो प्रतिवर्ष दो करोड नौकरी दे पाई, और न ही किसान की आय दोगनी कर पाई और न ही हवाई चप्पल से चलने वाले व्यक्ति को हवाई जहाज पर बैठा पाया। बल्कि यह सरकार स्वतन्त्र संस्थाओं को बेचने का काम कर रही है। आरक्षण समाप्त करने का काम कर रहीं है। बाबा साहब के संविधान को समाप्त करना चाहती है। यह सरकार नाम, काम और राम से जब असफल हुई है, तब देश व प्रदेश में भय और डर का माहौल बना रही है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष मो. कलीम खान, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, यशकुमार दोहरे, वउअन तिवारी, राकेश कटियार (प्रदेश सचिव) पीपी बघेल, अनिल पाल, जिला प्रवक्ता शकील अहमद एडवोकेट, सपा नेता नाजिम खान, हसीब हसन, राजेश पाल, सन्तोष यादव, गुफरान खान समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

▸ बच्चों एवं अभिभावकों को किया गया सम्मानित



जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**क्षेत्र के** अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, जलालपुर सरवन, दानेहार, गोवा, रुदौली, नदसिया, जेवा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बदलेपुरवा, बहेलियनपुरवा एवं जलालाबाद सहित परिषदीय विद्यालयों में कन्नौजी मतदाता जागरूकता क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं अध्यनरत बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज के नेतृत्व में मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए करवाया गया। क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया। पीएस अलीनगर जलालाबाद कन्नौज में आयोजित हुई उक्त क्विज प्रतियोगिता में शिक्षकों अभिभावकों एवं बच्चों सहित कुल एक सौ छः लोगों ने प्रतिभाग किया। जिसमे छवि एकांश एवं अल्तमस व सोनाक्षी ने क्रमश प्रथम द्वितीय व संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधनारायण सहायक अध्यापक सिराज अहमद शिक्षा मित्र पंकज सिंह अभिभावक पूजा कोमल रूपा सोनम गोविंद सचिन शिवा एवं नैंसी आलिया अरीबा परी रिया अनुष्का शिवा आशीष अहम वंश तरुण आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा पर रहेगी प्रशासन की कड़ी नजर

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**आगामी** 17 व 18 फरवरी को जिले में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 से 12 बजे तक और दूसरी पाली का समय 3 से 5 बजे तक रहेगा। 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिसमें 4872 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा को शांति एवं शुचितापूर्ण तथा पारदर्शिता के साथ नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु जिले में 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिसमें 4872 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी।

परीक्षा को शांति एवं शुचितापूर्ण तथा पारदर्शिता के साथ नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की महत्वपूर्ण परीक्षा होने जा रही है। परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट बनाये गये है। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा तिथियों पर कोषागार के डबल लाक से दोनों सत्र की परीक्षाओं से प्रारम्भ होने के दो घण्टे पूर्व क्रमशः 08 बजे एवं 01 बजे तक केन्द्र व्यवस्थापकों को पेपर उपलब्ध करायेगें। कहा कि कार्यदायी संस्था द्वारा गोपनीय परीक्षा सम्बन्धी सामग्री कोषागार में जमा करायेगी। कहा कि स्टैटिक मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केन्द्रों की भौगोलिक स्थित की जानकारी परीक्षा दिवस से कम से कम एक दिन पूर्व अवश्य कर लें। स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम एवं परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल व अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था का निरीक्षण करेगें। डीएम ने कहा कि परीक्षा के दौरान आकस्मिक निरीक्षण करने के लिये उड़न दस्तों का भी गठन किया जायेगा। उन्होनें कहा कि परीक्षा के उपरान्त प्रयुक्त ओएमआर एंव अन्य दस्तावेजो की पैकिंग एवं प्रेषण हेतु कक्ष अन्तरीक्षक द्वारा अपने कक्ष के सभी उत्तर पत्रको एवं उपस्थिति पत्रक को एकत्रित कर संबंधित रंग के लिफाफें में सील करके रखी जाएं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र द्वारा लिफाफे पर परीक्षा केन्द्र, परीक्षा कोड, परीक्षा सामग्री का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। उन्होनें कहा कि कमरे में बच्चों के सामने ही पेपर की शील खोली जाये। कहा कि परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षार्थियों के साथ अभिभावकों का आना शुरू हो जायेगा, उनके रूकने हेतु केन्द्र के पास नगर पालिका समन्वय बनाते हुये शौचालय, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। टैम्पो, ई-रिक्शा वालों को गाइड करें और सेन्टर की जानकारी दें, जिससे परीक्षार्थियों को आने-जाने में असुविधा उत्पन्न न हो। कहा कि केन्द्र व्यवस्थापक ध्यान दे कि घंटी ऐसी जगह बजाई जाए, जिससे सभी कक्षों में आवाज पहुंचे।

# सीआईएसई बोर्ड की परीक्षा हुई, कुल 126 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**सिटी चिल्ड्रन** एकेडमी में सीआईएसई बोर्ड की परीक्षा हुई प्रारंभ जिसमें कुल 126 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में सीआई एस ई बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हुई जिसमें परीक्षा के रूप में सुपरविजन इंजीनियरिंग मॉडल स्कूल फर्रुखाबाद के रजनी भदोरिया के इंजीनियरिंग बैंक ज्योति एकेडमी कन्नौज के जे सी अग्रवाल मैं परीक्षा का संचालन किया 79 छात्र 47 छात्राओं ने परीक्षा में सहभागिता की विद्यालय की प्रशस्तिका सुधा प्रधान बच्चों का तिलक कर मुंह मीठा कराया।

# खबरें चलते-चलते

## व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा

**छिबरामऊ कन्नौज।** यहां के व्यापारियों ने जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न से त्रस्त होकर मोर्चा खोल दिया है। नगर के श्रीराम गेस्ट हाउस में आयोजित भाजपा के सम्मेलन में आए राज्य मंत्री असीम अरुण एवं सांसद सुब्रत पाठक को ज्ञापन देकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद कन्नौज में तैनात जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी (डीओ) उमेश प्रताप सिंह एवं अनुज कुमार, व्यापारियों का लगातार उत्पीड़न कर रहे हैं। सेम्पल भरने के नाम पर कार्यवाही का भय दिखाकर हजारों रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। इससे व्यापारियों में असंतोष व्याप्त है। अतः आपसे निवेदन है कि इनके विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाए और इनका तत्काल स्थानान्तरण कराया जाए। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा यहां का अधिकांश व्यापारी समाज भाजपा समर्थक है लेकिन भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न उसी का किया जा रहा है। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा प्रदेश की योगी सरकार व्यापारियों को हर तरह की सुविधा प्रदान कर रही है लेकिन जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सैंपल भरने के नाम पर व्यापारियों से जमकर धन उगाही कर प्रदेश सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## मांग पूरी ना होने पर विवाहिता को किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने सहित बेघर किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम पनगवां निवासी काजल पुत्री पप्पू द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी शादी पड़ोसी जनपद मैनपुरी के थाना बेवर के ग्राम विनथडा निवासी रोहित उर्फपिंटू पुत्र हरी बाबू के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जन पति रोहित उर्फपिंटू, ससुर हरी बाबू, सास रामादेवी ने अतिरिक्त दहेज में अपाचे मोटरसाइकिल एवं भैंस की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उत्तगणों ने उसे शारीरिक व मानसिंक रुप से प्रताडित कर घर से निकाल दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज का जॉच शुरू कर दी गई है।


## तमंचा व कारतूस सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर एक युवक के पास से तमंचा व कारतूस बरामद कर हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे उपनिरीक्षक ओम सिंह चौहान ने मुखबिर की सूचना पर बबरापुर रोड स्थित शहीद खान के टयूबवेल के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम कमलेश जाटव पुत्र जगदीश चंद्र निवासी ग्राम सराय प्रयाग बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## तमंचे की नोक पर युवक को दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही एक अन्य युवक ने घर में घुसकर तमंचे की नोक पर अभद्रता करते हुये धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी बंटी पुत्र सुंदरलाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि मंगलवार की सुबह वह अपने घर में था।

# रेलवे परिसर में पार्किंग का शुरू हुआ निर्माण कार्य



रेलवे पार्किंग में चल रहा समतली करण कार्य — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**अमृत भारत** स्टेशन योजना के तहत पुर्नविकास के लिये चयनित स्थानीय रेलवे स्टेशन के हो रहे सुंदरीकरण कार्य के तहत रेलवे पार्किंग के नये स्थान का इंजीनियर की देखरेख में समतलीकरण कराए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण कार्य के तहत रेलवे अधिकारियों द्वारा पार्किंग को पूर्वी तरफ स्थानांतरित कर निर्माण कार्य इंजीनियर शाहिद खॉन की देखरेख में समतली करण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे स्थानीय स्टेशन से आवागमन करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। बताते चले कि रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों को जाने और आने वाले मार्ग पर एक ओर पार्किंग होने के कारण आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

# महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली का पुनरुद्धार किए जाने की कन्नौजवासी करेंगे सरकार से मांग

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मंगलवार को** स्थानीय चौधरी चंदन सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में शहर के विभिन्न विद्वान साहित्यकार, इतिहासकार, शिक्षाविद एवं पत्रकारिता से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में भगवान श्रीराम के गुरु महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली के रूप में धार्मिक ग्रंथो में वर्णित भागीरथी के तट पर बसे कन्नौज के ग्राम अड़ंगापुर में वर्तमान सरकार के माध्यम से कोई अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक आध्यात्मिक स्मारक या अनुष्ठान के लिए सरकार से ज्ञापन दिया जाएगा।

बैठक में लेफ्टिनेंट डा. आरएन मिश्रा ने बैठक के उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कन्नौज की पावन धरा पर अनेकानेक ऋषियों मुनियों मनीषियों ने जन्म लिया है। इसी कान्यकुब्ज की पावन धरा पर भगवान श्रीराम के गुरु महर्षि विश्वामित्र ने अपनी तपोस्थली के रूप में चुना। कान्यकुब्ज की धरा पर हमारे आध्यात्मिक एवं धार्मिक पौराणिक ग्रंथों में ऐसे विभिन्न प्रमाण मौजूद हैं। कहा कि कन्नौज वासियों की ऐसी मंशा है की उनकी तपोस्थली के नाम से विख्यात पावन भूमि का भी पुनरुद्धार हो। कहा कि इस संबंध में 16 फरवरी को कन्नौजवासियों द्वारा एक पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपा जाएगा। बैठक में नवाब सिंह यादव ने कहा कि मेरा मानना है कि आज मौजूदा सरकार उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सांस्कृतिक एवं पर्यटन के क्षेत्र में तथा ऐतिहासिक धरोहरों को बढ़ावा दे रही है। कहा कि अभी हाल में ही अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण एवं भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा का काम संपन्न हुआ। इसी प्रकार अन्य बहुत सी विकास की परियोजनाएं भी अयोध्या को प्राप्त हुई हैं। श्री यादव ने कहा कि हम सभी नगरवासी भगवान श्रीराम के गुरु विश्वामित्र की तपोस्थली कन्नौज नगर के समीप बसे अड़ंगापुर गांव जोकि मोक्षदायिनी मां गंगा के तट पर बसा है, उनका भी पुनरुद्धार होना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर सुशील राकेश शर्मा ने कहा कि विश्वामित्र की तपोस्थली अड़ंगापुर है, ऐसा ब्रह्म पुराण समेत कई आध्यात्मिक एवं धार्मिक ग्रंथो में इसका प्रमाण व उल्लेख मिलता है, साथ ही भगवान श्रीराम जब कन्नौज आए तो जहां पर उनके चरण पड़े वह भूमि कन्नौज नगरं स्थित चिंतामणि मंदिर के नाम से जाना जाता है जोकि आज श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बिंदु है। बैठक में मौजूद साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार स्मरजीत अग्निहोत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का आगमन कन्नौज की धरा पर भी हुआ तो वहां की भूमि तो वैसे ही अमरावती के समान है, उस पर उनके ही गुरु विश्वामित्र जी की तपस्थली भी रही है, इस कारण इसका महत्व और बढ़ जाता है। वरिष्ठ पत्रकार मनोज शुक्ला ने कहा कि आज जिस विषय को लेकर यहां बैठक आहूत की गई है यह अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और सभी नगर क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है इस पुनीत अभियान में कन्नौज से बड़ी संख्या में जन सहभागिता की परम आवश्यकता है हमारा उद्देश्य है कि कन्नौज की पावन भूमि पर गुरु विश्वामित्र की तपोस्थली पर कोई धार्मिक अथवा आध्यात्मिक प्रतीक के रूप में कोई भवन अथवा स्मारक का निर्माण वर्तमान सरकार के माध्यम से होता है तो यह पूरे कन्नौज क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय होगा। बैठक का संचालन सहायक प्रोफेसर उमेश चंद द्विवेदी ने किया।

# पौधे रोपित कर पर्यावरण को संतुलित रखें नागरिकः ईओ




पालिका में पौधरोपण करते ईओ व प्रधान लिपिक — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

▸ पर्यावरण संरक्षण के लिये चलाई जा रही स्वच्छ बसंत प्रतियोगिता

**स्वच्छ बसंत** प्रतियोगिता के तहत अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में पालिका कर्मियों द्वारा जहां एक ओर अमृत वन में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। तो वहीं दूसरी ओर पालिका परिषद में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये। इस दौरान उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ संरक्षण बेहद जरूरी है।

बुधवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में स्वच्छ बसंत प्रतियोगिता के तहत अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने पालिका कर्मियों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। इसके बाद अमृत बन में सफाई कर्मियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी ने नागरिकों से गीले कचरे से खाद बनाकर घरों में स्थित बागान एवं टेरिस गार्डन का सौन्दर्यीकरण कर हरियाली बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने तीर्थ स्थानों में पौधारोपण एवं बागवानी के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान उनके साथ प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, मोहित गुप्ता, वीरसिंह सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

**बैठक** डीएम ने बैठक में दिए निर्देश-पीएम व सीएम आवास योजना ग्रामीण में स्वीकृत शेष आवासों का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए

# ग्रामीण क्षेत्र में 18 व शहरी क्षेत्र में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति होनी चाहिएः डीएम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

▸ डीएम ने विकास कार्यों की बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**मंगलवार को** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि पीएम आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत स्वीकृत आवास 33385 के सापेक्ष 32924 आवास का कार्य पूर्ण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्वीकृत आवास 1890 के सापेक्ष 1702 आवासों का कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष आवासों का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त बीसी सखियों की संख्या 472 है, जिसमें कार्यरत बीसी सखियों की संख्या 413 हैं, जिसमें बीसी सखियों का प्रतिशत बढ़ाया जाए।

डीएम ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि 16 नई सड़कों के सापेक्ष 14 नई सड़कों का कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 2 सड़कों का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा किया जाए। उन्होनें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि अण्डा उत्पादन का लक्ष्य वर्ष में 514.08 लाख के सापेक्ष 467.72 लाख का उत्पादन हुआ है, अण्डा उत्पादन का प्रतिशत और बढ़ाया जाये। निराश्रित गोवंश को पकड़ने में सबकी सहभागिता आवश्यक है, जो निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में सरंक्षित किये जा रहे है उनकी जिओ टैगिंग शत-प्रतिशत करायी जाये। पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान 267594 के सापेक्ष 219000 हुआ है, इसे और बढ़ाया जाये। सरंक्षित निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी पर ध्यान दिया जाये। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों के आवेदन अवश्य भरवाये जाये। पात्र लाभार्थी योजना से वंचित नही रहना चाहिये। उन्होनें मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि 102, 108 एम्बुलेंस प्रत्येक समय तैयार अवस्था में होनी चाहिऐ, प्लान बनाकर रखे। आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस को तत्काल भेजा जाये। मरीजों को सीटी स्कैन सेवायें निरन्तर मिलनी चाहिए। उन्होनें कहा कि 15वीं वित्त आयोग ग्राम पंचायत के अन्तर्गत 62.11 प्रतिशत व्यय धनराशि और 5वां वित्त आयोग के अन्तर्गत 84.84 प्रतिशत व्यय धनराशि हुई है जिसे शत-प्रतिशत किया जाये। कहा कि एस0बी0एम0(जी0) फेज- 02 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का लक्ष्य 28989 के सापेक्ष 26478 हुआ है। जिसे शत-प्रतिशत किया जाये और जियो टैगिंग समय से करायी जाये। उन्होनें विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल बदला जाये। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति और शहर क्षेत्र में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति होना चाहिए। विद्युत बिल के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाये और जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे है उनका निस्तारण समय से किया जाये। उन्होनें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि निपुण पर विशेष ध्यान दिया जाये। डीएम ने एकीकृत बागवानी, कृषि, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, आपरेशन कायाकल्प, शादी अनुदान, कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मनरेगा, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओ0डी0ओ0पी0 आदि विभागों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्य समय से निस्तारित किया जायें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। दर्पण में जो भी बिन्दु है वह सरकार की प्राथमिकता में है। जो टारगेट निर्धारित है वह दो माह के अन्दर पूर्ण कर लिया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पीडीए पखवाड़ा के तहत हुई बैठकों में भाजपा पर गरजे सपाई

**● लोकतंत्र की रक्षा हेतु समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जितायें: डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ● भाजपा सरकार बड़े-बड़े वादे तथा सपने दिखाने में माहिर: डॉ. नबल किशोर शाक्य**

**नवाबगंज/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लोकतंत्र की** रक्षा हेतु समाजवादी पार्टी के नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में पीडीए पखवाड़ा के तहत बैठक का आयोजन कर सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। सपा नेताओं ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार बड़े-बड़े वादे तथा सपने दिखाने में माहिर है। इसलिए सभी को हर मतभेद व दलगत राजनीति से उपर उठकर देश, प्रदेश, गाँव की प्रगति के लिए एक सामाजिक सशक्तिकरण के इस आन्दोलन को सफलतापूर्वक मंजिल तक पहुंचाऐ।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पुराना गनीपुर निवासी रामनिवास यादव के आवास पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव तथा विधानसभा अमृतपुर क्षेत्र के प्रभारी पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में लोकतंत्र में संविधान की रक्षा हेतु पीडीए पखवाड़ा की बैठक सम्पन्न हुई। सभा का संचालन पूर्व जिला महासचिव मनदीप यादव ने किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की। सभी नेताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य को जिताने की अपील की और वर्तमान में चल रही सरकार की कुरीतियों से अवगत कराया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव प्रभारी अमृतपुर विधानसभा डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में कन्याधन योजना, छात्रों को छात्रवृत्ति योजना, एंबुलेंस योजना, डायल 100 पुलिस व्यवस्था, गरीबों की मदद जैसी कई योजनायें चलती थीं, लेकिन अब जनता को ठगा जा रहा है। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य को जिताने की अपील की और सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ मजबूत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक रामनिवास यादव, सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, अमृतपुर विधानसभा के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला, नगर अध्यक्ष अश्वनी यादव, रामवीर कश्यप, सभासद राहुल यादव, पुष्पेंद्र यादव, ग्राम प्रधान शेर सिंह, रिंकू, प्रदीप यादव टीटू, सुशील कुमार दिवाकर, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, डॉ0 नवरंग यादव, युवसभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव, सदर विधानसभा के प्रभारी चंद्रेश राजपूत, राजपाल यादव, रवि यादव, प्रशांत यादव, शिवकेश कठेरिया, संजय कठेरिया, प्रदीप दीक्षित, सभासद बादल खान, सर्वेश नाथ सहित तमाम सपा कार्यकर्ता आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने मंचासीन अतिथियों को पगड़ी पहनाकर मुकदर, तलवार भेंट कर सम्मानित किया। वहीं शमसाबाद में समाजवादी पार्टी (पीडीए) की ब्लाक स्तरीय बैठक मोहल्ला लाडमपुर दोयम बाग मोहल्ला में आयोजित हुई। बैठक में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा की पीडीए एक सच्चा लोकतांत्रिक गठबंधन है। जिसमें हमारे साथ जनता सीधे जुड़ रही है। यह एक ऐसा जन आंदोलन है इसमें सभी धर्मों के लोग शामिल हो रहे हैं। सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक पैमाने पर सदियों से वंचित, शोषित लोग भी पीडीए के साथ आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा की भाजपा सरकार में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। वहीं महंगाई तो चरम सीमा पर है। पढ़े लिखे लोग खोंचा, रेहड़ी लगाने को मजबूर हैं। यह सरकार केवल झूठे वादे और बड़े-बड़े सपने दिखाने में माहिर है। सपा से लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने कहा की हम लोग बने हुए बूथ और सेक्टर को मजबूत व सशक्त बना रहें हैं। जिससे सफलता हासिल होगी और 2024 का लोक सभा चुनाव मजबूती के साथ लड़ रहे हैं और हम सभी लोग मिलकर यह प्रयास करे ंकी ज्यादा से ज्यादा लोग पीडीए के साथ जुड़े और समाज के सभी लोगों को हर मतभेद व दलगत राजनीति से उपर उठकर देश, प्रदेश, गाँव की प्रगति के लिए एक सामाजिक सशक्तिकरण के इस आन्दोलन को सफलतापूर्वक मंजिल तक पहुंचाऐ। इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूखी, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, डॉ0 हरिओम यादव, डॉ0 हरिनंदन यादव, सोमेंद्र यादव, प्रधान बबलू कठेरिया, पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, मनदीप यादव, रामशरन कठेरिया, दीपक श्रीवास्तव सहित कई सपा नेता मौजूद रहे। इसके अलावा 193 विधानसभा अमृतपुर विधानसभा के गांव सिरमौरा बांगर, ज्योनी के अलावा वेग, बघौना, उखरा, निजाम नगला में भी बैठक आयोजित हुईं। नगला वेग में अरविन्द यादव व अमित यादव ने बैठक सम्पन्न करायी। शमशाबाद में नगर पंचायत के मोहल्ला बाग, अकबरपुर दामोदर, ईमादपुर थमरई, सिकन्दरपुर महमूद में बैठकें आयोजित हुईं।


जीत का संकल्प लेते सपा डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, चंद्रपाल सिंह यादव आदि वरिष्ठ नेता समृद्धि न्यूज


स्वागत के दौरान युवजन सभा के जिलाध्यक्ष को आशीर्वाद देते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव आदि समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाला नगर पालिका का लिपिक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले फरार चल रहे नगर पालिका के लिपिक नवनीत कनौजिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊदरवाजा थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह, स्वाट टीम प्रभारी अमित गंगवार व सर्विलांस टीम प्रभारी विशेष कुमार की संयुक्त टीम ने मोहल्ला सुतहट्टा निवासी नगर पालिका कर्मचारी नवनीत कनौजिया पुत्र सुनील कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे पूर्व फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में एक को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। पूछताछ के दौरान नगर पालिका कर्मचारी ने बताया कि उसने पैसे के लालच में विद्यानंद आर्य व राकेश सक्सेना के फर्जी हस्ताक्षरों से गवाही दर्शायी थी। आरोपी ने बताया कि वह पालिका में पूर्व में अनुचर पद पर कार्यरत था तथा मेरा एक वर्ष पूर्व ही क्लर्क पद पर पदोन्नति हुई थी। मृतक ज्ञान कुमार के सम्बन्ध में जो मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत हुआ है। उसके सम्बन्ध में बताना चाहता हूँ कि मेरे कार्यालय में आवेदक शील कुमार अपने लड़के के साथआये थे तथा उस समय वहाँ पर श्याम बाबू वर्मा जो कि पहले बड़े बाबू के पद पर कार्यरत थे। शील कुमार जब पूरी बात बतायी कि मुझे अपने भतीजे ज्ञान कुमार जो कि यहीं पालिका में कर्मचारी था उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना है। श्याम बाबू ने कहा था कि वह मेरे समय ही तैनात थे तथा यहीं पालिका में ही उनकी मृत्यु हो गयी थी। शील कुमार ने जो आवेदन है जो मेरे द्वारा भरा गया है। यह सब मैने पैसे के लालच में किया।

### बोर्ड परीक्षा में उन्हीं शिक्षकों की लगेगी ड्यिूटी, जिनके परिषद द्वारा जारी किये गये परिचय पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा इस वर्ष उन्हीं शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी जिनके परिचय पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी किये गये हैं। बोर्ड परीक्षा के इतिहास में पहली बार कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा लगायी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेशित किया गया है कि वह यू.पी. बोर्ड द्वारा वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षा हेतु कक्ष निरीक्षकों के जारी किये गये क्यू.आर.कोड युक्त परिचय पत्र के अनुसार ड्टूयी लगायें। बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर अंकुश एवं पारदर्शिता तथा सुचिता बनाये रखने के उद्देश्य से इस वर्ष कक्ष निरीक्षकों की तैनाती हेतु यह कदम उठाया गया है। बोर्ड से प्राप्त कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र पर प्रधानाचार्य हस्ताक्षर करके डीआईओएस के काउन्टर साइन करायेंगे। विदित है बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक मात्र 11 कार्य दिवसों में सम्पन्न होगी।

### युवक के साथ मारपीट कर दी जानमाल की धमकी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम बलीपुर निवासी महावीर पुत्र मिट्ठू लाल ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें कहा कि मैंने 24 दिसंबर 2023 को अपने खेत की पैमाइश कराई थी। लेखपाल रोहित अवस्थी ने पैमाइश की थी। मंगलवार को वह अपने खेत में पानी लग रहा था। उस समय हमारे ही गांव के दबंग कमलेश कुमार पुत्र जागेश्वर दयाल एवं अनिल कुमार पुत्र जाहर सिंह, कामेश पुत्र बाबूराम वहां पर आये और फावड़ा से पानी काट दिया। मना करने पर उक्त दबंग मारपीट पर अमादा हो गए। तहरीर में दर्शाया गया अनिल कुमार व कामेश ने मेरे पुत्र प्रेमचंद को 2009 में मार डाला था। आज भी मार डालने की धमकी दे गए। थाना अध्यक्ष ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

## ई-रिक्शा का शीशा टूटने का विरोध करने पर ट्रैक्टर चालक ने पीटा

▸ बैठी महिला सवारियों से भी ट्रैक्टर चालक ने की अभद्रता, पहुंचीं थाने

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गन्ने से** लदी ट्रैक्टर ट्राली ई-रिक्शा से रगड़ गयी। जिससे ई-रिक्शा का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। विरोध करने पर ट्रैक्टर चालक ने गन्ने से ई-रिक्शा चालक की पिटाई कर दी तथा ई-रिक्शा सवार महिलाओं से भी अभद्रता की। पीड़ित महिलायें व ई-रिक्शा चालक थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर फैजबाग आरा मशीन के सामने एक ई-रिक्शा चालक तथा गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली के चालक के बीच उस समय विवाद हो गया, जब गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली ई-रिक्शा से रगड़ गयी। जिससे ई-रिक्शा का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसका ई-रिक्शा चालक ने विरोध किया, तो चालकों में विवाद होने लगा। देखते ही देखते विवाद का स्वरूप बढ़ गया और ट्रैक्टर चालक द्वारा गन्ने से मारपीट की जाने लगी। इस दौरान ई-रिक्शा चालक के साथ-साथ ई-रिक्शा में बैठी सवारी महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट की घटना के वक्त तमाम लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गयी। कुछ लोगों ने बीच बचाव कराने की कोशिश की तथा घटना का वीडियो बनाया। कुछ लोगों ने इस वीडियो को वायरल कर दिया। दबंगों की दबंगई की शिकार ई-रिक्शा चालक तथा महिलाएं पुलिस चौकी फैजबाग पहुंचीं। जहां आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ शिकायत की। बताते हैं जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से फरार हो चुका था। वायरल वीडियो के संबंध में चौकी इंचार्ज जे0के0 पटेल से जानकारी की गई, तो उनका कहना था आवश्यक कार्य से न्यायालय जा रहे हैं। घटना की जानकारी नहीं है।



दो पक्षों में होती मारपीट समृद्धि न्यूज

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार पिता-पुत्री घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कार की टक्कर से स्कूटी सवार पिता पुत्री गम्भीर रुप से घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम किसरोली निवासी दिव्या उम्र 22 वर्षीय पुत्री आलोक कुमार स्कूटी पर अपने पिता को बैठालकर कायमगंज आई थी। वापस घर लौटते समय जैसे ही वह ग्राम बरझाला थाना कायमगंज के निकट पहुँची, तभी अल्टो कार चालक ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार पिता पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुँचे कस्बा चौकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी, कांस्टेबिल सचिन कुमार, का0 पुष्पेन्द्र, का0 अंकित, का0 विनीत कुमार को साथ लेकर घटनास्थल पर पहुँचकर घायल पिता पुत्री को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती करायाष जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दो जगह से बुरी तरह पैर फैक्चर होने पर दिव्या को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


अस्पताल में भर्ती युवती व मौजूद पुलिस

## सरकारी जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर प्रधान को दी जानमाल की धमकी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के ग्राम कलुआपुर सानी निवासी वर्तमान महिला ग्राम प्रधान संगीता देवी पत्नी स्वर्गीय रोशन लाल दिवाकर ने मंगलवार को ग्रामीण रमेश चंद्र, दिलीप कुमार, सत्य प्रकाश, आदेश कुमार, शिवम, अनिल कुमार दुबे, रामेश्वर दयाल, ओम प्रकाश, समर, किशन लाल, दुर्गेश पाल, नन्हीं पाल, ब्रह्मानंद, अशोक कुमार सहित दर्जन भर ग्रामीणों के सहयोग से जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कहा वह अनुसूचित जाति महिला ग्राम प्रधान है। गांव के बाहर सरकारी जमीन गाटा संख्या 200 जो नक्से में तकरीबन 47 डि0 दर्ज है, जबकि मौके पर कब्जा होने के कारण 8,10 डिसमिल शेष है। यह गहरे-गहरे गड्ढे जहां ग्रामीणों द्वारा घूरा डाला जाता था। शिकायती पत्र के अनुसार 3 अगस्त 2022 को पंचायत समिति की बैठक जिसमे ग्रामीणों द्वारा उक्त स्थल पर धार्मिक स्थल बनवाए जाने की मांग की गई थी। वहीं ग्रामीणों की मांग के अनुसार उक्त ऊबड़ खाबड़ जमीन जिसमें 80 हजार की मिट्टी डलवाकर उक्त जमीन को समतल कराया गया। उक्त जमीन का समतलीकरण कराए जाने से ग्रामीण जलील, शकील तथा मुशीर की नियत बिगड़ गई और आरोपियों द्वारा पांच डिसमिल जमीन पर कब्जा कर सामान फैला दिया गया। जब ग्राम प्रधान ने विरोध किया, तो उक्त आरोपी भड़क गये और गाली-गलौज करने लगे। महिला ग्राम प्रधान के अनुसार आरोपियों द्वारा 7 डिसमिल जमीन जिस पर पहले ही कब्जा कर लिया गया वर्तमान में पक्के मकान बने हुए हैं। महिला ग्राम प्रधान ने आरोप लगाते हुए कहा पूर्व में रही महिला ग्राम प्रधान जमीला बेगम द्वारा मात्र 1 रूपये के स्टांप पर फर्जी हस्ताक्षर मुहर के जरिए पट्टा कराया गया, जबकि फर्जी हस्ताक्षर तथा मुहर का प्रयोग कानूनी अपराध है और धारा 420 के अंतर्गत धोखाधड़ी है। महिला ग्राम प्रधान ने कहा है कि क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजकर उक्त जमीन की पैमाइस कराकर दबंगों के कब्जे से सरकारी जमीन को मुक्त कराया जाए।

### महिला ने खाया जहर/युवक मार्ग दुर्घटना में घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम पुरौरी निवासी माला उम्र 30 वर्षीय पत्नी रामबाबू ने गृह कलह से क्षुब्द होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज नगर के सीएचसी मे लाकर भर्ती कराया। वहीं कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिलिया निवासी रजनेश कुमार उम्र 21 वर्षीय पुत्र रामबाबू मार्ग दुघर्टना में घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया।

## जरदोजी कारखाने के ताले तोड़कर चोरी का असफल प्रयास

▸ सूचना पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल, लोगों में दहशत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगर थाना** क्षेत्र के मोहल्ला दलमीर खां निवासी पूर्व शिक्षक मुस्तफा खाँ का उक्त मोहल्ले में दो जगह मकान है। एक मकान को यहीं के निवासी जईम खाँ द्वारा किराए पर लिया गया है। वर्तमान में उक्त मकान जिसमें जरदोजी का कारखाना संचालित है। शाम को जईम खाँ कारखाने में ताला लगाकर घर चले गये थे। रात्रि के किसी पहर अज्ञात चोर कारखाने के अंदर दाखिल हुए तथा एक-एक कर पांच कमरों के ताले तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया। अज्ञात चोरों ने एक-एक कर पांचों कमरों के ताले तोड़कर अंदर ताक झांक की, मगर यह एक संयोग था जब उन्हें कुछ भी हाथ नहीं लगा। हालात देखकर यही अनुमान लगाया जा सकता अज्ञात चोरों द्वारा काफी देर तक कमरों के अंदर कीमती सामान की खोजबीन की जाती रही। छठे कमरे का ताला अज्ञात चोर नहीं तोड़ सके, अन्यथा की स्थिति में जरदोही का बेस कीमती सामान तथा अंदर रखी हजारो रुपए की नगदी चोरों के हाथ लग सकती थी। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब मंगलवार की सुबह कारीगर कारखाने पहुंचे। कारखाने के अंदर कमरों के ताले टूटे थे। यह नजारा देखते ही कारीगरों के पैरो तले जमीन खिसक गई। चोरी की घटना की सूचना कारखाना स्वामी जईम खाँ को दी गई। सूचना के बाद वह भी मौके पर पहुंचे। सब कुछ ठीक ठाक देख उन्होंने राहत की सांस ली। घटना की सूचना शमसाबाद थाना पुलिस को दी गई। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची शमसाबाद थाना पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। उधर अज्ञात चोरों के खिलाफ कारखाना स्वामी द्वारा अज्ञात चारों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गयी।


जानकारी देते कारीगर समृद्धि न्यूज

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास व 50 हजार जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पॉक्सो एक्ट** मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सुमित प्रेमी ने अभियुक्त बड़े लाल उर्फ अनूप को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वर्ष 2017 में शहर कोतवाली के क्षेत्र श्याम नगर निवासी पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए दर्शाया था कि 21 मार्च 2017 को मेरी पुत्री व पुत्र मंदिर में प्रसाद चढ़ाने 6:30 बजे गये थे। पुत्र प्रसाद चढ़ाकर घर पर अकेला आया। मैंने जब पूछा कि पुत्री कहा पर है तो पुत्र ने बताया था कि वह मंदिर में खेलने के लिए रह गयी है। जब कुछ देर बाद पुत्री नहीं आयी तो मैं मंदिर गया तो वह वहां नहीं मिली और आसपास पास खोजबीन करने पर स्कूल के पीछे अस्त-व्यस्त हालत में खून से लथपथ मिली। मुझे आता देखकर मेरे भाई के साढ़ू का लड़का बड़े लला उर्फ अनूप पुत्र ज्ञानचन्द्र मौके से भाग गया। पीड़ित ने पुत्री के साथ बलात्कार होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट सुमित प्रेमी ने अभियुक्त बड़े लाल उर्फ अनूप को दोषी करार देते हुए धारा 5एम/6लैंगिक अपराध के आरोप में आजीवन कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी। वहीं न्यायाधीश ने यह भी आदेश दिया है कि अभियुक्त पर अधिरोपित अर्थदण्ड का 1/2 भाग प्रकरण पीड़िता को प्रदत्त किया जायेगा। साथ ही अपराध के परिणाम स्वरुप पीड़िता को पहुंची शारीरिक व मानसिक आघात की क्षतिपूर्ति के लिए धारा 357ए(2) सपठित धारा 33(8) लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012के अन्तर्गत जिला विधिक प्राधिकरण से संस्तुति की जाती है कि वह पीड़िता के लिए युक्तियुक्त प्रतिकर की मात्रा निर्धारित करें। उक्त प्रतिकर का भुगतान अधिनिर्णय के 30 दिन के भीतर डीएम द्वारा पीड़िता के प्रतिकर निधि या दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357ए या पुर्नवास के प्रयोजन के लिए स्थापित निधि ेसे किया जायेगा। स्कीम या निधि नहीं है तो प्रतिकर का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा।

### किशोरी ने खाया जहर, उपचार के दौरान मौत

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** मानसिक रूप से परेशान किशोरी ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने आनन-फानन में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चाचूपुर आजाद नगर निवासी लालमन की 16 वर्षीय पुत्री आरुषि कश्यप मानसिक रोगी थी। परिजनों के अनुसार रविवार को गलती से घर में रखी चूहे मार दवाई खा ली। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। किशोरी की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की मौजूदगी में कलेक्ट्रट सभागार में 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न करायें। परीक्षा कराने में कोई परेशानी होने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं। सभी केंद्रों पर समुचित पुलिस व्यवस्था कर ली जाये। सभी परीक्षार्थियों की समुचित चैकिंग करा ली जाये। महिला अभ्यर्थी कोई भी आभूषण पहनकर परीक्षा केंद्र पर न आये। कोई भी अभ्यर्थी घड़ी पहनकर ना आये। सभी परीक्षा केंद्रों पर क्लॉक रूम बना लिए जाये। प्रश्नपत्र खोलने की वीडियोग्राफी कराई जाये। कार्यदायी संस्थाएं ये सुनिश्चित कर ले कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से चल रहे हो। खराब हो या कम हो तो लगवा लिये जायें। सभी कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र बने हों। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र में मोबाइल लेके नहीं जायेगा। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश न दिया जाये। केंद्र व्यवस्थापक ये सुनिश्चित कर लें कि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट व मेकेनिकल गैजेट परीक्षा केंद्र में न पहुंचे। एआरटीओ को निर्देशित किया गया कि वह ये सुनिश्चित कर लें कि कोई भी बस, टेम्पो, ऑटो अवैध वसूली न करे। एआरएम को बसें रिजर्व में रखने के लिए निर्देशित किया गया। जिले में 35 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। हर पाली में 17640 परीक्षार्थी सम्मलित होंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद एसपी व एएसपी आदि समृद्धि न्यूज

## सरकारी योजनाओं में बैंक की भागीदारी की प्रगति पर डीएम खफा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा सरकारी योजनाओं में बैंकों की भागीदारी की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। बैंकों को लंबित पत्रावलियों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिये गये। यूको बैंक के प्रतिनिधि के बैठक में न आने पर स्पष्टीकरण लेने के एलडीएम को निर्देश दिये। सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंकों से लिखित में जबाब माँगे। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि 20 तारीख तक सभी मामले निबटाएं। बैठक में केवल बैंकों के सीनियर अधिकारी ही प्रतिभाग करें। असिस्टेंट को ना भेजा जाए। जिलाधिकारी ने बैंकर्स को चेतावनी दी यदि योजनाओं में प्रगति न हुई तो बैंकर्स के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सीडीओ, डीडीओ, एलडीएम व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डा. नवल किशोर शाक्य के प्रयास से इजहार खान की सपा में हुई वापसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सपा की सदस्यता ग्रहण करते इजहार खान मौजूद चन्द्रपाल व नवल किशोर समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में शमशाबाद निवासी इजहार खान ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करते समय फर्रुखाबाद लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य, कायमगंज के पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी मौजूद रहे। इजहार खान ने लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को भरोसा दिलाया कि इस बार चुनाव में वह जी-तोड़ मेहनत कर उनके पक्ष में अपने क्षेत्र का वोट डलवाने का पूरा काम करेंगे। इजहार खान ने कहा कि वह शुरू से ही समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे हैं। बीच में कुछ कारणों से उन्हें अलग पार्टी से चुनाव लड़ना पड़ा था, परंतु अब जब समाजवादी पार्टी से जुड़ गए हैं, तह उम्र समाजवादी पार्टी की राजनीति करने का प्रण लेते हैं। वह इससे पहले शमशाबाद से नगर पंचायत का चुनाव भी लड़ चुके हैं एवं जिला संगठन में भी वह पदाधिकारी रह चुके हैं। ज्ञात हो कि सपा नेता कुछ वर्ष पूर्व नगर पंचायत का चुनाव लड़ने को लेकर नाराज हो गये थे। जिसके चलते वह दूसरे दल से चुनाव लड़े थे। अब उन्होंने यह मान लिया कि अपने घर में रहकर पार्टी को मजबूत करेंगे।

# बसंत पंचमी आज, उमंग और उत्साह के साथ बच्चों ने खरीदी पतंग

> चली-चली रे पतंग नाम की जमकर बिकी पतंगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मौसम में** एक साथ परिवर्तन होने के साथ-साथ बसंत पंचमी के त्योहार की पूर्व संध्या पर शहर में जमकर लोगों ने पतंगों की खरीददारी की। गंगा जमुनी तहजीव की मिशाल बसंतोत्सव शहर में धूमधाम से मनाया जाता है। लोग सुबह से ही पतंग उड़ाने की प्रतिक्षा में छत पर आ जाते है। इस त्योहार के लिए दूसरे राज्यों व शहरों से लोग जनपद में आकर पतंगबाजी करते है। पतंगबाजी के



पतंग की खरीददारी करते लोग

शौकीन बताते है कि इस उत्सव पर अच्छे पकवान, भुने आलू, गुजिया व लजीज व्यंजनों के साथ स्वाद लेकर पतंगबाजी करते है। बसंत पंचमी पर पतंगबाज दॉव भी लगाते है। पतंगसाज महताब मिया ने बताया कि इस बार महंगाई के चलते पतंगबाजी की बिक्री तो ठीक-ठाक हुई पर जो लोग 100 पतंग खरीदते थे। उन्होंने इस बार 50 पतंगे ही खरीदकर बसंत मनाये। 2 रुपये से लेकर 50 रुपये तक की पतंग गिलहरा दुकान पर उपलब्ध है। चांदतारा, मोदी काइट, योगी काइट की भी मांग रही। मोदी-योगी सहित भगवा रंग की भी पतंगे खूब बिकी। 6 रील मांझे की चरखी 550 रुपये से लेकर 700 रुपये तक में बिक रही है। डोर 60 रुपये से लेकर 300 रुपये तक का गिट्टा बिक रहा है। 400 ग्राम त्रिशूल व मुर्गा का गिट्टा 250 रुपये में बिक रहा है। बतंस पंचमी के त्योहार को लेकर युवाओं में उत्साह है। इस त्योहार में महिलायें व युवतियां भी भाग लेती है।

# कनोडिया बालिका इंटर कालेज फेयरवेल पार्टी में छात्राओं ने मचाया धमाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कालेज में इंटर की छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्रायें जीवन में परिश्रम करें, निश्चित सफलता मिलेगी। बोर्ड परीक्षा में अच्छे नम्बर लाकर अपने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन करें। शिक्षिका दर्शना शुक्ला, अंजली यादव ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न कराया। बुशरा, नैन्सी, भूमि शर्मा द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनाया गया, जो आकर्षक का केंद्र रहा। छात्राओं ने नृत्य, गीत, गेम्स द्वारा फेयरवेल पार्टी में धमाल मचाया। बड़े मनोरंजक के साथ प्रस्तुति दी। राखी दीक्षित ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मिस कनोडिया अनन्या दुबे बनी। उपविजेता प्रथम उन्नति गुप्ता रही। उपविजेता द्वितीय अफसरा अवस्थी बनी। निर्णाय मण्डल में इंद्रा राठौर, नेहा सक्सेना, स्वाती द्विवेदी, कुसुमलता रही। कृति, शिवांगी, श्रद्धा मिश्रा, दिव्यांशी, इशिका गुप्ता, फरीजा आदि छात्राओं ने सहयोग किया। 12वीं के मेधावी छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका समीक्षा अग्निहोत्री, अनीता सिंह, पूनम शुक्ला, राधा दीक्षित, नमिता, स्मृति दुबे, अर्चना देवी, सुनीता पाण्डेय, विजयलक्ष्मी, पारुल मिश्रा, जाहन्वी, महविश, जया सिंह, वर्षा, अंजना दीक्षित, दीप्ती वर्मा, सीमा देवी, शिखा, मधु कटियार, कविता, ममता शुक्ला के अलावा लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य मौजूद रहे।

# डा. अरविन्द गुप्ता ने किसान नेताओं को अन्नदाता समर्पित पुस्तक की भेंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



भाकियू नेताओं को पुस्तक भेंट करते डा0 अरविन्द गुप्ता

**भारतीय किसान** यूनियन भानू गुट को अन्नदाता समर्पित पुस्तक डा0 अरविन्द गुप्ता ने भेंट की। 26 फरवरी से होने जा रही विशाल किसान महापंचायत में बढ़-चढ़कर सहयोग करने के लिए अरविन्द गुप्ता से भाकियू नेताओं ने मुलाकात की। डा0 अरविन्द गुप्ता ने पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया और आंदोलन को गति देने के लिए फर्रुखाबाद की जनता के साथ हमेशा खड़े होने की बात कही। जनपद के विकास व किसानों की समस्याओं के लिए किसान महापंचायत गंगापार के क्षेत्र राजेपुर में होने जा रही है। जिसको लेकर मंगलवार को भाकियू नेता राजेश दीक्षित बबलू व नरेन्द्र सोमवंशी ने डा0 अरविन्द गुप्ता से मुलाकात की।

## खबरें एक नजर में

### अभिभावक-अध्यापक बैठक के साथ हुई प्रतियोगितायें



बच्चों को सम्मानित करते स्काउट मास्टर राजकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद विकास खण्ड शमशाबाद में राज्यपरियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ द्वारा निर्देशित पत्र के अनुपालन में बाल शिक्षाधिकारी अधिनियम 2009 के अन्तर्गत विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सांस्कृतिक सहभागिता को बढ़ावा देने तथा छात्र-छात्राओं के अधिगम स्तर के सुधार हेतु अभिभावक, अध्यापक बैठक के द्वारा विचार-विमर्श व बच्चों की समस्याओं का निराकरण किया गया। आउट ऑफ स्कूल बच्चों शारदा कार्यक्रम विद्यालय उपस्थिति में सुधार हेतु गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने का अथक प्रयास करना है। स्काउट मास्टर राजकुमार ने बैठक का संचालन किया। विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा व निराकरण के उपाय सुझाय गये। दौड़ व अन्य खेलों में प्रथम व द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। काजल, सेजल, हिमांशी, अजीत, सत्यम, शिवाजी ने प्रतिभाग किया। प्रधानाध्यापक द्वारा अभिभावकों को धन्यवाद दिया गया। स्काउट मास्टर राजकुमार ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष को सम्मानित किया। इस अवसर पर रघुवीर, श्याम सिंह, गिरिजा शंकर, उपासना, विनीता, सरला, निशा, बसंती, कुंती, हरी, अतुल कुमार, संजीव, रंजीत, प्रेम सागर, प्रधान प्रमोद गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रा.वि. अलीगढ़ में वार्षिक शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ राजेपुर में शासनादेश के निर्देशानुसार वार्षिक शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने गीतों व लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही खेलकूद प्रतियोगितायें हुई। विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई व निपुण एप पर चर्चा की गई। समस्त छात्र-छात्राओं को निश्चित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर इसरत अली, सतीश चन्द्र, मान सिंह, बलवीर, श्यामवीर कुशवाहा, बबिता, मनोरमा, राजबेटी यादव, रामलली, मीरावती, रामप्यारी, सुशीला, चन्दादेवी, मीरा शर्मा आदि मौजूद रही।

### लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता 15 से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में बुधवार को बसंत पंचमी पर सुंदरकाण्ड व हवन का आयोजन होगा। 15 व 16 फरवरी को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगितायें होगी। यह जानकारी प्राचार्य डा0 विनय कुमार सिंह ने दी है।

### विद्युत चेकिंग के दौरान दबंग ने कर्मचारियों से किया गाली-गलौज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत चेकिंग के दौरान दबंग विद्युत विभाग के कर्मचारियों से गाली-गलौज करने लगा। सूचना मिलने पर पहुंचे एसडीओ ने मामले को शांत कराया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को कायमगंज विद्युत विभाग के जेई वसीम रजा, टीजी टू अजय कुमार, लाइनमैन मुकेश कुमार व भोले को साथ लेकर क्षेत्र के ग्राम पितौरा मे चेकिंग अभियान चला रहे थे। उसी दौरान गांव का दबंग युवक तस्कीन आ गये और विद्युत विभाग के कर्मचारियों से गाली-गलौज करने लगा। घटना की सूचना पर पहुंचे एसडीओ ने मामला शान्त कराया। किसी ने इसका वीडियो बना लिया। जो सोशल मीडिया पर डाल दिया। जिसे लोग खूब देख रहे हैं। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि जिनके ऊपर 10 हजार से ज्यादा का बिजली बिल बकाया है। उनके कनेक्शन काटने के निर्देश दिये गये हैं।

### चाचा ने भतीजी को डांटा, परिजनों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नयागनीपुर निवासी पंकज पुत्र तेजराम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया की मंगलवार को उसकी 5 वर्षीय भतीजी भारतीय जो घर के बाहर खेलने गई थी। जिसको चाचा होने के नाते पीड़ित ने डांट दिया। इसी बात से नाराज भतीजे के पिता तथा मां ने लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारापीटा। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी।

### बंदर के हमले से महिला छत से गिरी, घायल

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव खलवारा निवासी राकेश यादव की पत्नी देववती मंगलवार सुबह किसी काम से छत पर चढ़ रही थी, तभी जीने की आखिरी ऊपर वाली सीढ़ी पर पहुंचते ही बंदर ने उनके ऊपर हमला कर दिया। जिससे भयभीत महिला जीने से नीचे गिरकर घायल हो गई।

# रोजगार मेले में 109 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद प्रशिक्षार्थी समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गायत्री परिवार शिवाला भवन गंगा दरवाजा कायमगंज में विकास स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डा0 शरद गंगवार ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रोजगार मेले में 23 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 1200 रिक्तियों के सापेक्ष 178 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 109 अभ्यार्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया। आईटीआई पास आउट 5, नान आईटीआई 28, कौशल विकास मिशन 75 अभ्यार्थी चयनित हुए। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। मेले की व्यवस्था कार्यदेशक बृजेश कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, शिव बहादुर सिंह, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# कला में विद्यार्थी साफ-सुथरे रंग भरें: तनुजा सरकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



सहायक अध्यापिका तनुजा सरकार

**हाईस्कूल की** बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी कला में साफ सुथरे रंग भरें, जिससे उन्हें अच्छे अंक मिल सकें। आलेखन कला बनाने की विधि इकाई का निर्माण, आयात वर्ग, त्रिभुज आदि व रंगों की उत्पत्ति व रंगों के प्रकार, आलेख में रंग भरने की विधि, आलेखन रचना की सामग्री ओस्टवाल्ड के रंग चक्र आलेखन में भारती पुष्प के चित्र आते हैं। जैसे पीला कनेर, गुलाब, कमल, सूरजमुखी आदि इनके चित्र बनाने के लिए आते हैं और इनमें कलर भरे जाते हैं। चित्र में रंग साफ सुथरे भरें, जिससे अंक अच्छे मिले।

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका तनुजा सरकार ने यूपी बोर्ड परीक्षा के विषय में बताया कि आलेखन कला, प्राकृतिक दृश्य चित्र एवं स्मृति चित्रण संबंधी प्रश्न आते हैं। विद्यार्थी इनका प्रश्न पढ़ने के बाद पुस्तिका में उत्तर लिखे। प्राकृतिक दृश्य में ग्रामीण के दृश्य, पहाड़ों के दृश्य एवं वर्षाकाल, शीत ऋतु आदि का चित्रण हल करने को आता है। स्मृति चित्र में पपीता, फूलगोभी आदि सब्जियों का चित्र तथा फलों के चित्र के अलावा सामान के चित्र ऐनक, दर्पण, छाता आदि बनाने को आते है। आलेखन चित्र कला अथवा प्राकृतिक दृश्य 25 अंक के प्रश्न होते हैं। स्मृति चित्र 25 अंक के होते है। 20 अंक का ऑब्जेक्टिव प्रश्न आयेंगे। जिनके गोलदारा काले भरे जायेंगे। कुल पेपर 70 अंक का आयेगा। 30 अंक का प्रोजेक्ट प्रैक्टिकल होता है। प्राविधिक चित्र कला में ज्यामितीय, आलेखनों की रचना एवं अभ्यास विभिन्न आकार में होता है। प्राकृतिक दृश्य में ग्रीष्म ऋतु के दृश्य की रचना एवं अभ्यास तथा रंगांकन कार्य परीक्षा में आता है। स्मृति चित्रण में लैम्प, लालटेन, टार्च, दवात, किताब, दर्पण, ऐनक, छाता, मोमबत्ती, पेन, स्टैण्ड, इत्यादि चित्रों की रचना एवं अभ्यास परीक्षा में हल करने को आते है।

## प्रदर्शनी में अद्भुत टीएलएम का हुआ प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला रामनगरिया** में विकास प्रदर्शनी में लगे पण्डाल में काउंटर संख्या 17 पर योगेश कुमार व ज्योति कुशवाहा ने ड्यूटी की। बेसिक शिक्षा की ओर से लगे पाण्डाल में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। जिसमें मॉय वोट मॉय चाइस, विराम चिन्ह, मौसम, तुकान्त शब्द, प्रदूषण, हाऊ आर यू, स्वच्छ भारत मिशन के अद्भुत टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। आगंतुकों द्वारा प्रतिक्रियायें प्राप्त हुई। मेला रामनगरिया पाण्डाल के प्रभारी गौरव शाक्य, अनुराग चतुर्वेदी, लक्ष्मी वर्मा, अर्चना राजपूत, श्वेता रानी के अलावा योगेश कुमार व ज्योति कुशवाहा ने प्रतिभाग किया।

# प्यार को बढ़ावा देने में संत वेलेन्टाइन को मिली थी फांसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

> जेलर की बेटी को नेत्रदान कर दिया था दुनिया को प्यार का संदेश

**वैलेन्टाइन-डे** 14 फरवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत रोम के एक राजा क्लॉडियस के समय में हुई थी। कहा जाता है कि उस समय रोम में एक पादरी थे जिनका नाम संत वैलेन्टाइन था। उन्हीं के नाम पर वैलेन्टाइन-डे मनाने की शुरुआत हुई। वैलेन्टाइन-डे की शुरुआत रोमन फेस्टिवल से हुई थी। दुनिया में पहली बार 496 में वैलेन्टाइन-डे मनाया गया था। वैलेन्टाइन-डे मनाने के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। इसके बारे में आज लोग जानें। फरवरी का महीना तकरीबन सभी को पसन्द होता है। इस महीने में ही वैलेन्टाइन-डे वीक आता है। जिसका इंतजार प्रेमी जोड़े साल भर करते हैं। पूरे वैलेन्टाइन-डे वीक लोग एक दूसरे से प्यार का इजहार करता है। वहीं 14 फरवरी को इस प्यार भरे हफ्ते के आखिरी दिन वैलेन्टाइन-डे मनाते हैं। हर कोई अपने तरीके से वैलेन्टाइन-डे सेलीब्रेट करता है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कई देशों में वैलेन्टाइन-डे मनाया जाता है। इसके इतिहास के पीछे संत वैलेन्टाइन की कहानी है। उनकी कहानी किसी के प्यार और बलिदान को समर्पित है। ऐसा कहा जाता है कि संत वैलेन्टाइन हमेशा से ही दुनिया में प्यार को बढ़ावा देने की बात कहते थे। पर ये बात वहां के राजा क्लाडियस को पसंद नहीं थी। राजा का ऐसा मानना था कि प्यार और शादी पुरुषों की शक्ति को खत्म कर देगी। इसी के चलते राजा ने यह आदेश पारित कर दिया कि राज्य के अधिकारी और सैनिक शादी नहीं कर सकते। जब संत वैलेन्टाइन को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने इसका विरोध किया उन्होंने सेना के कई अधिकारियों की शादी करायी। जब राजा को यह बात पता चली, तो उन्होंने 14 फरवरी 259 के दिन संत वैलेन्टाइन को फांसी पर चढ़ा दिया। उने निधन के बाद लोगों ने उनके बलिदान को सम्मान दिया। उनकी यह दिन मनाया जाता है। उन्होंने अपने मरने से पहले जेलर की बेटी जैकोबस को नेत्रदान कर दिये। इस बलिदान के पीछे संत बेलेन्टाइन को लोग याद करते हैं। तभी से इस दिन संत वैलेन्टाइन-डे के नाम से मनाया जाता है।

# पुरस्कार से बच्चों का मनोबल ऊंचा होता है: डा. शरद गंगवार



छात्रा को सम्मानित करते चेयरमैन शरद गंगवार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ कायमगंज नगर पालिकाध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार एवं ग्राम प्रधान प्रतिमा वर्मा के संरक्षक नबाब सिंह वर्मा, विद्यालय प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर स्वागत गीत गाया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त 21 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पुरस्कार से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। जिन बच्चों को पुरस्कार नहीं मिला उन्हें और अधिक मेहनत करनी है। मार्च में परीक्षाफल वितरण में फिर से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को नबाब सिंह वर्मा, खेतल सिंह, योगेन्द्र कुमार आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सुशील चतुर्वेदी, कपिल चतुर्वेदी, पेशकार, कामिनी, सुनंदा, कोमल, आशा, उमा, विद्या, सत्यवती, निशा, नन्हें, राजू, चंद्र पाल आदि उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

# ओपन स्टेट बालक कबड्डी वर्ग चैम्पियनशिप के लिए टीम का हुआ चयन



चयनित खिलाड़ियों के साथ मौजूद कोच व प्रशिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 47वीं जूनियर बालक ओपन स्टेट चैंपियनशिप गाजियाबाद में विजय सिंह पथिक क्रीडा स्थल सादात नगर इकला में सम्पन्न होगी। गाजियाबाद में 20 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद की जूनियर बालक कबड्डी टीम प्रतिभाग करेगी। टीम का ट्रायल स्वर्गीय ब्रह्म दत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया। जनपद के 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें चयन समिति ने बेस्ट 12 बच्चों का चयन करके जूनियर बालक कबड्डी टीम तैयार की गई। चयन समिति में कुलदीप यादव सचिव जिला कबड्डी एसोसिएशन व संजीव कटियार उपाध्यक्ष कबड्डी एसोसिएशन, अरुण कुमार, विमलेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुभाष चन्द्र, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार, अहमद मियां आदि लोग उपस्थित रहे। कबड्डी टीम के कप्तान शिवम, अंशु शाक्य, सनी द्वितीय, विक्रम, रिषव कुमार, विवेक शाक्य, सुमित कुमार, मयंक राज, अभय, मनवीर पाल, अंकित कुमार, अभिनय यादव, राहुल कुमार का चयन किया गया।

**समापन** — एडवांस कोर्स के दौरान राष्ट्रभावना से ओतप्रोत दिखे प्रशिक्षार्थी

# स्काउट गाइड के एडवांस कोर्स का अनुभवों के साथ हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



स्काउट गाइड के समापन में मौजूद प्रशिक्षार्थी

**भारतीय पाठशाला** इंटर कॉलेज में स्काउट देसी एवं एडवांस कोर्स का परीक्षण का समापन हुआ। सभी प्रतिभागी पूरे उत्साह के साथ एक सीख लेकर गये कि हम सभी लोग अनुशासन में रहकर छात्रों को स्काउट जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे एवं स्काउट के भावों को आगे बच्चों के माध्यम से राष्ट्र का नवनिर्माण करेंगे। समापन के अवसर पर मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट के माध्यम से राष्ट्र भावना एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना विकसित होती है। प्रादेशिक सहायक संगठन कमिश्नर प्रज्ञा सिंह के द्वारा अगले 5 वर्ष के लिए अधिकार पत्र दिया। मुख्यायुक्त ने यह आश्वासन दिया कि जनपद में प्रशिक्षण देने वाले अनेकों शिक्षक तैयार करेंगे जो एडवांस एव कुशल नेतृत्व क्षमता वाले शिक्षक तैयार होंगे जो विभिन्न विद्यालयों में स्काउट गाइड को लगन के साथ बढ़ेंगे। मुख्यायुक्त ने आए हुए सभी प्रशिक्षक को सम्मानित किया तथा सबका उत्साहवर्धन किया। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी ने स्काउट में अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सुबह सर्वधर्म प्रार्थना के साथ स्काउट की शुरुआत हुई। समापन के समय पर झंडा उतारा गया एवं सभी प्रतिभागी एक दूसरे से गले मिलते हुए नम आंखों के साथ विदा हुए। उनकी इच्छा थी किया इतना अच्छा प्रशिक्षण दो दिन और चलना चाहिए। कृष्ण कुमार, रामपाल गिरी, सुनील द्विवेदी, विपिन मिश्रा, विवेक कुमार प्रशिक्षक ने पाठ्यक्रम के अनुसार सभी प्रतिभागियों को पढ़ाया एवं प्रयोग करके विभिन्न बंधन को बताया। तथा नेतृत्व क्षमता को सिखाया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने सात दिवसीय प्रशिक्षण में अपना नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। भारतीय मिश्रा ने प्रतिदिन अपने प्रेरक गीतों के साथ सभी प्रतिभागियों को स्काउट नियमों को सिखाने का कार्य किया। चमन शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों को चरित्र निर्माण में सहयोग दिया। इस मौके पर बीना गौतम, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, पुष्कर मिश्रा, योगेश कुमार, निशांत यादव, संतोष, सरोज, शैलेंद्र यादव, सीमा, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल, दर्शना शुक्ला, पूनम शुक्ला, सुनील कुमार, हिरन टोली के नायक श्रवण कुमार आदि 84 प्रतिभाग मौजूद रहे।

# सीएम मोहन यादव ने आजमगढ़ में भाजपा पदाधिकारियों को दिया चुनावी जीत का मंत्र

समृद्धि न्यूज



**आजमगढ़।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को भाजपा की क्लस्टर बैठक में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, लालगंज, घोसी, बलिया और सलेमपुर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जीत का मंत्र दिया। समाजवादी पार्टी का गढ़ माने जाने वाले आजमगढ़ जिले के मिरिया स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित भाजपा की क्लस्टर बैठक में पांच लोकसभा क्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। यह बैठक तीन सत्रों में हुई।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडियाकर्मियों से कहा कि भाजपा के अखिल भारतीय प्रवास के अंतर्गत आज पहली बार उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में प्रवास पर हूं। क्लस्टर बैठक में पार्टी पदाधिकारियों के साथ तीन अलग-अलग सत्रों में मौजूद रहा। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए हम लोग कृत संकल्पित हैं।

डॉ. यादव ने अपने को पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अलग-अलग नेताओं के लिए प्रवास तय किए हैं। उसी के क्रम में आजमगढ़ में आज हम लोग मौजूद हैं। लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा प्रभारी, संयोजक से लेकर अन्य लोगों को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका कुशलता के साथ निर्वहन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जो दृश्य बन रहा है, उससे विकास का नया प्रतिमान बन रहा है। पूरे देश के लगभग सौ करोड़ मतदाता यह तय कर चुके हैं तीसरी बार मोदी सरकार। तीसरी बार भी देश में भाजपा की सरकार बनेगी। सभी कार्यकर्ता अपने सांगठिनक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं और जैसे ही लोकसभा के चुनाव की घोषणा होगी, सभी कार्यकर्ता अपने उद्देश्यों की पूर्ति में लग जाएंगे।

आजमगढ़ में सपा के आधार वोट बैंक यादव वर्ग को तोड़ने के सवाल पर डॉ. यादव ने कहा कि वह पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता हैं। पार्टी उन्हें जहां-जहां भेजेगी, वे जाएंगे। इसी के तहत वे आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। इससे पहले विमान से एयरपोर्ट पर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बैठक में राज्य के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस हर फसल पर देगी एमएसपी की कानूनी गारंटी : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश का किसान अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर सड़कों पर उतर आया है। केंद्रीय मंत्रियों में वार्ता विफल होने के बाद पंजाब से हजारों किसान आज ट्रैक्टर ट्रालियों पर दिल्ली कूच के लिए रवाना हुए। विरोध में शामिल युवाओं के एक समूह ने शंभू बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड को तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इसी बीच कांग्रेस ने किसानों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है! कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है। यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित कर उनका जीवन बदल देगा। न्याय के पथ पर यह कांग्रेस की पहली गारंटी है। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, आज किसान दिल्ली की ओर मार्च कर रहे हैं। उन्हें रोका जा रहा है। उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। वे क्या कह रहे हैं? वे सिर्फ अपनी मेहनत का फल मांग रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि, बीजेपी सरकार ने एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की लेकिन वे एमएस स्वामीनाथन की कही बात को लागू करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में साफकहा है कि किसानों को वाकई एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन बीजेपी सरकार ऐसा नहीं कर रही है, जब भारत सरकार सत्ता में आएगी, तो हम भारत के किसानों को एमएसपी की गारंटी देने वाला (कानून) देंगे। स्वामीनाथन रिपोर्ट में जो उल्लेख किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### जेईई (मेन) 2024 में आकाश बायजूस ने लहराया परचम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आकाश बायजूस ने लखनऊ से अपने बीस स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट इंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 97 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया। वहीं पांच स्टूडेंट्स ने फिजिक्स में 100 फीसदी परसेंटाइल हासिल किए हैं। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सत्यांश गुप्ता ने 99.93 परसेंटाइल हासिल किए हैं। इसी क्रम में उत्कर्ष अग्रवाल ने 99.90, आयुष बरनवाल ने 99.90, दीप्तांशु शर्मा ने 99.75, विनेश दुबे ने 99.67, शिखर पोरवाल ने 99.66, देवेश सिंह ने 99.59, गौरव तिवारी ने 99.57, नवीन कुमार ने 99.53, प्रखर जायसवाल ने 99.51, अनंत त्रिपाठी ने 99.47, आदर्श राज ने 99.41, सूरज कुमार ने 99.34, आयुष नौगरैया ने 99.24, उत्कर्ष साहू ने 99.20, आयुष सिंह ने 99.16, आदित्य पांडेय ने 99.16, अभय कुमार सिंह ने 99.08, साक्षी कुमारी ने 99.04 और गौरव मणि त्रिपाठी ने 97.79 परसेंटाइल हासिल किए हैं। आकाश बायजूस के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अगले प्रयास के साथ-साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

### किसानों का हक नहीं कुचलने देंगे : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि किसानों के हक नहीं कुचलने देंगे इसलिए दिल्ली सरकार ने स्टेडियम को जेल में बदलने का प्रस्ताव ठुकराया। आम आदमी पार्टी ने एक्स पर लिखा किसानों के हक नहीं कुचलने देंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी सरकार के दिल्ली के स्टेडियम को जेल में बदलने का प्रस्ताव ठुकराया। आखिरी दम तक 'आप' किसानों के साथ खड़ी है। आप राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा चौधरी चरण सिंह जी की किसान कौम एमएस स्वामीनाथन जी के सुझाव लागू करवाने के लिए सड़क पर हैं। इन दोनों महापुरुषों को भारत रत्न से हाल ही में सम्मानित किया गया था। उम्मीद है किसानी उत्थान के लिए इनके वर्षों के संघर्ष का अपमान नहीं किया जाएगा।

### पीएम मोदी रेवाड़ी से हरियाणा को देंगे करोड़ों की सौगात

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 16 फरवरी को रेवाड़ी में होने वाली रैली के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। रैली को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मंगलवार को गुरुग्राम पार्टी कार्यालय गुरुकमल पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी के भालखी माजरा में एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही हरियाणा को करोड़ों की सौगात भी देंगे और एक भव्य रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का रेवाड़ी आना हम सभी दक्षिणी हरियाणा के लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को रेवाड़ी लेकर आने का आहवान किया। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी के भालखी माजरा में एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही गुरुग्राम में मेट्रो के नए रूट की भी आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, रोहतक जिला को भी करोड़ों का तोहफा देंगे।

### गृहक्लेश में विवाहिता बेटियों संग नदी में कूदी, तीन की मौत

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के जमुनापार क्षेत्र में गृहक्लेश के चलते एक विवाहिता ने अपनी तीन बेटियों के साथ यमुना नदी में छलांग लगा दी। इस घटना में तीनों पुत्रियों की मौत हो गयी जबकि महिला को बचा लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पति से अनबन होने पर एक विवाहिता ने सोमवार देर शाम अपनी तीन बेटियों के साथ जमुनापार थाने के अंतर्गत हंसगंज घाट के पास यमुना में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। आसपास के लोगों ने चारों को यमुना से निकाल लिया तथा उन्हें जिला अस्पताल ले आए। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने अंशिका (8), वंशिका (6) एवं चारू (3) को मृत घोषित किया। महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। उन्होने बताया कि महिला के मायके के लोगों और पति पंजाबी पेंच डेम्पियरनगर थाना कोतवाली निवासी हरिओम को बुलाया गया है। दोनो से बातकर यदि आवश्यक हुआ तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभी तक पुलिस रिपोर्ट दर्ज नही कराई गई है

# मिआ बाय तनिष्क ने राजधानी में शुरु किया अपना नया स्टोर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत के सबसे फैशनेबल ज्वेलरी ब्रांड में से एक, मिआ बाय तनिष्क ने लखनऊ में नया स्टोर शुरू किया है। नए स्टोर का पता मिआ बाय तनिष्क, बी-075, फिनिक्स मॉल के पास, गेट नंबर 3 के सामने, आलमबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, स्टोर का उद्घाटन मिआ बाय तनिष्क की बिज़नेस हेड सुश्री श्यामला रमणन, नेशनल सेल्स और रिटेल हेड राजीव सी मेनन, नॉर्थ 2 के आरबीएम - ज्वेलरी अरुण कुमार और सुश्री अर्चना राय एवं परिवार ने दोपहर 12 बजे किया। लखनऊ में छाए हुए बसंत पंचमी के माहौल में शुरू हुआ नया स्टोर इन खुशियों को दुगुना करता है।

आलमबाग में 1200 स्क्वायर फ़ीट के मिआ बाय तनिष्क स्टोर में 14 और 18 कैरेट में बने ट्रेंडी और आधुनिक ज्वेलरी डिज़ाइन की विशाल श्रेणी रखी गयी है। आकर्षक रंगीन स्टोन्स, चमकीले सोने, हीरे और चांदी में मिआ के सबसे खूबसूरत आभूषण यहां ख़रीदे जा सकते हैं। कई प्रकार के इयररिंग्स, स्टड्स, फिंगर रिंग्स, ब्रेसलेट्स, ईयर कफ्स, पेंडेंट्स, नेकवेयर और मंगलसूत्र के डिज़ाइन यहां हैं, जो अलग-अलग उपभोक्ताओं की अलग-अलग ज़रूरतें और पसंद को पूरा करते हैं।

फैशनेबल और अनोखे कलेक्शन के लिए नवाज़ा जाने वाला ब्रांड मिआ बाय तनिष्क में मिनिमल और स्टाइलिश टच के आकर्षक डिज़ाइन हैं। अपने पुराने सोने को एक्सचेंज करके मिआ के शानदार आभूषण खरीदना चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए इस स्टोर में कैरेट मीटर और मेल्टिंग रूम भी बनाया गया है।

# गडकरी ने उत्तराखंड के कुमाऊं को दी 2200 करोड़ की सौगात

एजेंसी



**टनकपुर (चंपावत)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के चंपावत जिले के सीमांत क्षेत्र टनकपुर नगर पहुंचे। उन्होंने गांधी मैदान में आयोजित जनसभा में सीमांत क्षेत्र के लिए कई करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं सांसद अजय भट्ट एवं अजय टम्टा भी उपस्थित रहे। स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री धामी और स्थानीय सांसदों ने नितिन गडकरी को उत्तराखंड की संस्कृति से जुड़े प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने डिजिटल माध्यम से कुमाऊं मंडल में 2200 करोड़ से अधिक की लागत की सात योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने जन समूह से देवभूमि उत्तराखंड में मार्गों के विकास हेतु निकट भविष्य में 2 लाख करोड़ से ज्यादा की योजनाओं के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने उत्तराखंड सरकार की भारतमाला सांखला योजना मानसखंड मंदिर परियोजना एवं चार धाम को लेकर तैयार की जा रही भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऐसी ही परियोजनाओं के फलस्वरूप ही उत्तराखंड वासी जल्द ही 2 घंटे में देहरादून से दिल्ली का सफर पूरा कर सकेंगे। सीमांत क्षेत्र में किए जाने वाले सामरिक एवं अति आवश्यक मार्गों के चौड़ीकरण एवं विस्तार के लिए किया जा रहे कार्य के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से देवभूमि उत्तराखंड में अब तक कुल 3608 किलोमीटर नए मार्गों का निर्माण किया जा चुका है। चंपावत के सीमांत टनकपुर क्षेत्र से नेपाल के कंचनपुर तक कुल 314 करोड़ की लागत से 4 किलोमीटर के फोरलेन हाइवे का निर्माण सितंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके उपरांत ड्राई पोर्ट का निर्माण होने से नेपाल के साथ होने वाले व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

### मिजोरम में फोर लेन सड़क निर्माण के लिए 1742.11 करोड़ की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मिजोरम के आइजोल और कोलासिब जिलों में सिलचर-वालरेंगटे-सैरांग रोड के किनारे स्थित एनएच-6 पर 4-लेन एन कावनपुई (एन.मुआल्वम)-सैरांग खंड के निर्माण के लिए 1742.11 करोड़ रुपये मंजूर किए। गडकरी ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 24.41 किलोमीटर की इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल) - उत्तर पूर्व (एनएच (ओ) -एनई) के हिस्से के रूप में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि परिकल्पित सड़क बुनियादी ढांचे का उद्देश्य विकसित क्षेत्रों में स्थानीय यातायात के हस्तक्षेप को दरकिनार करते हुए निर्बाध यातायात प्रवाह की सुविधा प्रदान करना है।

# विश्व पुस्तक मेले में सऊदी के मंडप का शुभारंभ

एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में आजकल इंसान की सबसे अच्छी दोस्त कही जाने वाली %किताबें% लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। मौका है नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले-2024 का, जिसमें इस बार सऊदी अरब मुख्य अतिथि के तौर पर भाग ले रहा है। मेला परिसर में मंगलवार को सऊदी अरब के मंडप का उद्घाटन किया गया।

10-18 फरवरी तक नई दिल्ली के प्रगति फेयर स्क्वायर में चलने वाले इस पुस्तक मेले में साहित्य, प्रकाशन और अनुवाद आयोग के नेतृत्व में कई सऊदी संस्थाएं, सऊदी संस्कृति को उजागर करने के उद्देश्य से मेले में भाग ले रही हैं। साहित्य, प्रकाशन और अनुवाद आयोग के सीईओ डॉ. मोहम्मद हसन अलवान ने जोर देकर कहा कि सऊदी संस्कृति और रचनात्मकता विभिन्न रूपों में दुनिया तक पहुंची है। इस पुस्तक मेले में भाग लेकर सऊदी अरब संस्कृतियों के बीच संवाद को बढ़ावा देना और अपनी उस संस्कृति की विशिष्टता और रचनात्मकता को उजागर करना चाहता है जिसकी जड़ें प्राचीन इतिहास में निहित हैं। अलवान ने कहा कि सऊदी मंडप में भाग लेने वाली सांस्कृतिक संस्थाएं लोगों के बीच रचनात्मक संवाद जारी रखने में योगदान देंगी, जिसमें सऊदी विजन 2030 के अनुरूप सऊदी संस्कृति मंत्रालय के सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का लक्ष्य तय किया गया है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के सामने पेश नहीं हुए फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के नोटिस पर मंगलवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला पेश नहीं हुए। उन्होंने एजेंसी को एक ई-मेल और पत्र के माध्यम से श्रीनगर से बाहर होने की जानकारी दी है। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला को ईडी अधिकारियों ने नोटिस भेजकर मंगलवार को श्रीनगर में ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा था लेकिन वह फिलहाल जम्मू में हैं। फारूक अब्दुल्ला को केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में 11 जनवरी को भी बुलाया था लेकिन वह तब भी पेश नहीं हुए थे। इस पर ईडी ने आज के लिए नया समन जारी किया था। ईडी की जांच जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ 2022 में प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप पत्र दायर किया था।

# बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी को लगाएं केसरी हलवे का भोग

बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है और उनकी पसंदीदा पीली चीजों का भोग लगाकर उन्हें प्रसन्न किया जाता है। केसरी हलवा भी इन्हीं में से एक है। मां को इसका भी भोग लगाया जाता है। इसे बनाने के लिए सिर्फसूजी, घी, केसर और चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। आइए आपको बताते हैं इसकी आसान रेसिपी...






### केसरी हलवा बनाने के लिए सामग्री

- सूजी (रवा) / 1 कप
- चीनी / 1 कप
- देसी घी / 5 टेबल स्पून
- केसर / 1 चुटकी
- काजू / 10
- बादाम / 10
- पिस्ता / 10
- इलायची पाउडर / 1 टी स्पून

### केसरी हलवा बनाने की रेसिपी

1. केसरी हलवा बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही लें और उसमें घी डालकर गैस पर गर्म करें।
2. जब घी गर्म होकर पूरी तरह से पिघल जाए तो उसमें सूजी डाल दें और मीडियम आंच पर इसे भूनें।
3. इसी बीच दूसरे बर्तन में पानी और 1 कप चीनी डालकर मीडियम आंच पर रख दें।
4. अब केसर को हल्का सा कूट लें और उसमें चाशनी में डालकर अच्छी तरह से घोल लें।
5. वहीं, अब सूजी को करछी की मदद से सेंकने के दौरान बीच- बीच में चलाते रहें।
6. जब तक सूजी सिक रही है, उसी दौरान काजू, बादाम और पिस्ता को एक बाउल में लेकर छोटे- छोटे टुकड़ों में काट लें।
7. इसके बाद इन सभी को सूजी में डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर दें। बीच- बीच में चाशनी के बर्तन की ओर ध्यान देते रहें।
8. जब चाशनी में उबाल आ जाए तो गैस को बंद कर दें। बता दें सूजी को अच्छी तरह से सिकने के लिए लगभग 10 मिनट का वक्त लगेगा।
9. जब सूजी का रंग हल्का सुनहरा हो जाए तो उसमें तैयार की गई चाशनी डाल दें।
10. तैयार है आपका केसरी हलवा।

# रागी को डाइट में शामिल करने से कम हो जाता है कई बीमारियों का खतरा



सेहतमंद रहने के लिए ज्यादातर लोग गेहूं के आटे की जगह जौ, बाजरे या रागी का आटा इस्तेमाल करते हैं। रागी को फिंगर मिलेट भी कहा जाता है। इसका सेवन इसे डाइट में शामिल करने से कई बीमारियों का खतरा कम होता है। रागी में एमिनो एसिड, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर जैसे गुण पाए जाते हैं जो तनाव मुक्त करने, माइग्रेन से बचाने, वजन कम करने और डायबिटीज की समस्या से राहत दिलवाने में मदद करते हैं। लेकिन रागी के नुकसान भी होते हैं। कुछ लोगों के लिए इसका सेवन हानिकारक हो सकता है। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं कि किन लोगों को रागी का सेवन नहीं करना चाहिए।

**थायराइड के मरीज :** जो लोग थायराइड से जूझ रहे हैं उनके लिए रागी का सेवन नुकसानदायक हो सकता है। ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से थायराइड से जूझ रहे मरीजों की समस्या बढ़ सकती है।

**किडनी के मरीज :** यदि आपकी किडनी में स्टोन या फिर किडनी से जुड़ी आपको कोई समस्या है तो भी रागी का सेवन न करें। किडनी से जूझ रहे मरीजों के लिए रागी का सेवन नुकसानदायक हो सकता है।

**कब्ज में :** कब्ज से जूझ रहे लोगों के लिए भी रागी का सेवन नुकसानदायक हो सकता है। क्योंकि रागी आसानी से पच नहीं पाती जिसके कारण कब्ज की समस्या और भी ज्यादा बढ़ने लगती है।

**पेट में गैस बनने पर :** रागी में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं जिनका ज्यादा मात्रा में इस्तेमाल करने के कारण डायरिया और पेट में गैस की समस्या हो सकती है। ऐसे में यदि आपको पेट में गैस बनने की दिक्कत है तो रागी का सेवन न करें।

**फूड एलर्जी होने पर :** यदि आपको किसी तरह की फूड एलर्जी है तो भी रागी का सेवन एक्सपर्ट्स की सलाह पर ही करें।

### एक दिन में कितनी मात्रा में खानी चाहिए रागी

रागी में कैल्शियम की मात्रा ज्यादा पाई जाती है। ऐसे में रोज 100 ग्राम रागी का सेवन करने से शरीर में से 50: तक कैल्शियम की कमी पूरी हो सकती है। एक्सपर्ट्स की मानें तो दिन भर में 100 ग्राम तक रागी का सेवन करना फायदेमंद साबित हो सकता है। आप खिचड़ी, रोटी, परांठा और सूप के तौर पर इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

# फिर साथ आएंगे आर माधवन व कंगना

एक के बाद एक फ्लॉप फिल्में देने वाली कंगना रनौत अब एक बार फिर आर.माधवन के साथ फिल्म करेंगी। सुपरहिट फिल्म तनु वेड्स मनु रिटर्न्स की जोड़ी एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएगी। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन के साथ अपनी सेल्फी शेयर की है। इस सेल्फी के साथ उन्होंने एक कैप्शन लिखा है। कंगना ने कहा, मैं अपने पसंदीदा आर माधवन के साथ एक और बेहतरीन स्क्रिप्ट के साथ वापस आ रही हूं। कंगना ने एक फोटो शेयर की जिसमें वह कुछ लोगों के साथ बैठी नजर आ रही हैं। इस फोटो के कैप्शन में उन्होंने कहा कि क्या शानदार टीम है। इस कहानी पर नेटिज़न्स ने कंगना को ट्रोल करने की कोशिश की। एक यूजर ने कहा, कंगना रनौत अब माधवन का करियर बर्बाद कर देंगी, माधवन जी कंगना से दूरी बना लीजिए, नहीं तो वह आपका भी करियर बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इससे पहले कंगना आर. माधवन के साथ तनु वेड्स मनु और फिर इसके सीक्वल तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में साथ काम किया। फिलहाल कंगना अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। इस पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में कंगना के साथ श्रेयस तलपड़े, अनुपम खेर, महिमा चौधरी और पुपुल जयकर भी नजर आएंगे।



# अक्षय कुमार ने शेयर की सूर्या के साथ अपनी फिल्म सरफिरा की पहली झलक

बॉलीवुड प्रमुख अभिनेता अक्षय कुमार नए साल में फिल्म 'बड़े मिया छोटा मियां' में नजर आएंगे। इस फिल्म के टीजर को दर्शकों ने अच्छा रिस्पॉन्स दिया है। अक्षय की एक और नई फिल्म 'सरफिरा' का फर्स्ट लुक दर्शकों के सामने आ गया है। फिल्म 'सरफिरा' का 41 सेकेंड का टीजर आ गया है। इस टीजर में अक्षय कुमार दोनों हाथों को छोड़कर बाइक चलने का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। फिल्म की टैगलाइन 'जब आप बड़े सपने देखते हैं तो लोग सोचते हैं कि आप पागल हैं' के साथ टीजर सामने आया है। यह साउथ इंडस्ट्री में पॉपुलर 'सुरराई पोटरू' का हिंदी रीमेक है। यह फिल्म बहुत लोकप्रिय हुई थी। अक्षय कुमार ने इस फिल्म का अनाउंसमेंट काफी पहले किया था। अक्षय ने इंस्टाग्राम फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान करते हुए लिखा- सपने बड़े देखो....लोग आपको क्रेजी कहेंगे....सरफिरा इस 12 जुलाई, 2024 को सिनेमाघर में रिलीज हो रही है।

